RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 28
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 2 दिसंबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



विनम्रता से परिपूर्ण
विविध-12

# अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर जारी रहेगी रोक

## ● ओमीक्रोन वैरिएंट से पैदा हुए वैश्विक हालात के मद्देनजर बदला फैसला, 15 दिसंबर से शुरू होने वाली थीं उड़ानें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कोरोना** वायरस के नए वैरिएंट ओमीक्रोन से फैली दहशत के कारण अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर रोक जारी रहेगी। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने बुधवार को कोविड-19 के नए वैरिएंट ओमीक्रोन के सामने आने के बाद वैश्विक परिदृश्य का हवाला देते हुए अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को बहाल नहीं करने का निर्णय लिया है। भारत में अभी तक ओमिक्रॉन का कोई मामला सामने नहीं आया है, लेकिन सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के कारण हवाई यात्रा लंबी और महंगी होती जा रही है।

डीजीसीए ने बुधवार को जारी सर्कुलर में कहा कि नए वैरिएंट के सामने आने से पैदा हुए वैश्विक हालात के मद्देनजर, सभी हितधारकों के परामर्श के साथ ही हालात पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही वाणिज्यिक अंतरराष्ट्रीय यात्री सेवाओं को फिर से शुरू करने पर उचित समय पर निर्णय लेने के बाद प्रभावी तिथि के संबंध में अधिसूचित किया जाएगा। डीजीसीए ने 26 नवंबर को जारी अपने सर्कुलर का भी हवाला दिया, जिसमें यह तय किया गया था कि निर्धारित अंतरराष्ट्रीय उड़ानें 15 दिसंबर से फिर से शुरू होंगी। पायनियर ने पहले बताया था कि पहले से निर्धारित अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को फिर से शुरू करने में 15 दिसंबर से देरी होने की संभावना है। संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, यूरोपीय संघ, इज़राइल, चीन ने पहले ही दक्षिण अफ्रीका, बोत्सवाना, जिम्बाब्वे, नामीबिया, लेसोथो, इस्वातिनी, मोज़ाम्बिक और मलावी के यात्रियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। जापान ने भी अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रा को पूरी तरह से बंद करने का फैसला किया है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को फिर से शुरू करने पर निर्णय संभवत: तभी लिया जाएगा जब सरकार मौजूदा महामारी की स्थिति के बीच ऐसा करने के लिए अपेक्षाकृत सुरक्षित पाएगी।

दिल्ली, कर्नाटक और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्रियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से वर्तमान हालात में प्रभावित देशों से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को फिर से नहीं खोलने का आग्रह किया है। यह निर्णय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अधिकारियों से ओमीक्रोन के नए मामले को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय यात्रा प्रतिबंधों को कम करने की योजना की समीक्षा करने के लिए कहने के कुछ दिनों बाद आया है। प्रधानमंत्री की समीक्षा बैठक के बाद, गृह मंत्रालय (शेष पेज 9)



### लंबी और महंगी हुई हवाई यात्रा

**नई दिल्ली।** सरकार के नए दिशानिर्देशों के कारण हवाई यात्रा अधिक लंबी और महंगी हो गई है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा कि उन देशों से आने वाले यात्रियों में से केवल दो फीसदी जो जोखिम की सूची में नहीं हैं, कोरोनोवायरस के लिए रैंडम नमूने लिए जाएंगे और ऐसे यात्रियों के नमूने लेने के बाद हवाई अड्डे से बाहर जाने की अनुमति दी जाएगी। यात्रियों से आरटी-पीसीआर जांच के लिए 500 रुपये लिए जा रहे हैं, जिसकी रिपोर्ट 5-6 घंटे में मिल जाएगी। जो यात्री रैपिड पीसीआर परीक्षण का विकल्प चुनते हैं, उन्हें हवाई अड्डे पर 3,900 रुपये खर्च करने होंगे और ये एक घंटे में इसकी रिपोर्ट हासिल कर सकते हैं। जोखिम वाले देशों से चेन्नई जाने वाले हवाई यात्रियों को रैपिड टेस्ट के लिए 4,000 रुपये का भुगतान करना होगा, जबकि नियमित आरटी-पीसीआर का चयन करने वालों को 900 रुपये चुकाने होंगे।

### जोखिम वाले देशों से आई 11 उड़ानों में छह यात्री संक्रमित मिले

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**स्वास्थ्य** मंत्रालय ने बताया है कि कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप को लेकर चिंता के बीच जोखिम वाले देशों से बुधवार को भारत पहुंची 11 उड़ानों के 3476 यात्रियों की जांच की गई जिनमें से कोविड-19 के छह मामले मिले। अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए केंद्र सरकार के संशोधित दिशा-निर्देश बुधवार से अमल में आ गए।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सार्स-कोव-2 (कोरोना वायरस) के नए स्वरूप को चिंता का स्वरूप घोषित किया है। इस वजह से नए दिशा-निर्देश जारी करने पड़े हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि केंद्र की ओर से अंतरराष्ट्रीय मुसाफिरों के लिए जारी जारी दिशा-निर्देश के लागू होने के पहले दिन कोविड से छह यात्री संक्रमित पाए गए हैं। जोखिम वाले देशों से बुधवार शाम तक लखनऊ को छोड़कर देश के विभिन्न हवाई अड्डों पर 11 उड़ाने पहुंची जिनमें 3476 यात्री सवार थे।

मंत्रालय के मुताबिक, सभी 3476 मुसाफिरों की आरटी-पीसीआर पद्धति से जांच की गई और सिर्फ छह यात्री संक्रमित पाए गए। उसने बताया कि संक्रमित पाए गए यात्रियों के नमूनों को संपूर्ण जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए आईएनएसएसीओजी प्रयोगशालाओं में भेजा गया है। 30 नवंबर को अपडेट सूची के अनुसार, जोखिम वाले देशों में यूरोपीय देश, ब्रिटेन, दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, बोत्सवाना, चीन, मॉरीशस, न्यूजीलैंड, जिम्बाब्वे, सिंगापुर, हांगकांग और इज़राइल हैं। इन देशों के यात्रियों (शेष पेज 9)

# ममता ने कहा- यूपीए अब कहीं नहीं

## ● मुम्बई में शरद पवार से मिलने के बाद समान विचारधारा वाले दलों से साथ आने की अपील

## ● नया गठजोड़ तैयार करने में जुटीं बनर्जी, बोलीं- कांग्रेस में भाजपा से लड़ने की इच्छाशक्ति नहीं

**टीएन रघुनाथ।** मुंबई

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने खुद को कांग्रेस नेतृत्व से दिखाते हुए बुधवार को संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) के अस्तित्व पर सवाल उठा दिया। एक सवाल के जवाब में उन्होंने सपाट लहजे में उल्टा पूछ लिया कि यूपीए क्या है? अब यूपीए का कोई अस्तित्व नहीं है। साथ ही उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा के खिलाफ मोर्चाबंदी के लिए समान विचारधारा वाले विपक्षी दलों से साथ आने की आवश्यकता पर बल दिया।

एनसीपी प्रमुख शरद पवार से उनके मुंबई आवास पर मिलने के बाद मीडियाकर्मियों के साथ संयुक्त रूप से बातचीत करते हुए बनर्जी ने देश के राजनीतिक स्पेक्ट्रम में यूपीए की उपस्थिति को नकारते हुए कहा कि क्या यूपीए है? अभी यूपीए नहीं है। उन्होंने संकेत दिया कि वह प्रस्तावित विपक्षी मोर्चे में कांग्रेस के साथ या उसके बिना आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं। हाल ही में गोवा में आक्रामक मुद्रा में नजर आईं और मेघालय में 17 कांग्रेस विधायकों में से 12 को अपने पाले में करने के बाद ममता बनर्जी ने परोक्ष रूप से सोनिया गांधी के नेतृत्व वाली पार्टी पर केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा से लड़ने की इच्छाशक्ति की कमी होने का आरोप लगाया। प्रस्तावित विपक्षी मोर्चे में कांग्रेस की भूमिका को कमजोर करने के लिए राकांपा प्रमुख शरद पवार को महत्व दे रहीं ममता ने कांग्रेस पर परोक्ष रूप से हमला बोलते हुए कहा कि जैसा कि शरदजी ने कहा था, भाजपा से (शेष पेज 9)



मुंबई में राकांपा अध्यक्ष शरद पवार के साथ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी

### कांग्रेस बिना भाजपा से मुकाबला सिर्फ सपनाः वेणु

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी के इस दावे पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है कि अब संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) का कोई अस्तित्व नहीं है। पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बुधवार को उनकी टिप्पणियों का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस के बिना भाजपा को हराना महज एक सपना है। पिछले दिनों कई कांग्रेसी नेताओं को अपने पाले में करने वाली ममता बनर्जी महाराष्ट्र के दौरे पर हैं, जहां उन्होंने मुंबई में एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार, शिवसेना नेताओं आदित्य ठाकरे और संजय राउत से मुलाकात की है।

# दो दिन हंगामे के बाद लोस में सक्रिय दिखा विपक्ष


## ● एमएसपी को कानूनी गारंटी और मारे गए किसानों के परिजनों को पांच करोड़ मुआवजे की मांग उठाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**लोकसभा** में दो दिनों के हंगामे के बाद बुधवार को सदन की कार्यवाही में अधिकांश विपक्षी सदस्य पूरी सक्रियता के साथ शामिल हुए और कांग्रेस सांसदों ने एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी और कृषि कानूनों के खिलाफ चल रहे आंदोलन के दौरान मारे गए प्रत्येक किसान के परिजन को 5 करोड़ रुपये का मुआवजा देने की मांग उठाई।

केंद्र द्वारा धान खरीद के मुद्दे पर तेलंगाना राष्ट्रीय समिति के सदस्यों द्वारा वेल में आकर हंगामा करने को छोड़ दें तो सदन की लगभग पूरी कार्यवाही काफी हद तक सुचारू रूप से चली। रेल मंत्री अश्विनी वैश्य और उपभोक्ता मामलों की राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने रेलवे पटरियों के विद्युतीकरण और एलपीजी की कीमतों पर सवालों के जवाब देने के साथ प्रश्नकाल 28 मिनट तक चला। जब एक सदस्य ने सवाल उठाया कि एलपीजी सिलेंडर की कीमतें बढ़कर 1400 रुपये तक पहुंच गई हैं, तो उपभोक्ता मामलों के कैबिनेट मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि एलपीजी पर सवाल उनके मंत्रालय से संबंधित नहीं हैं।

एलपीजी की कीमतें अंतरराष्ट्रीय बाजार के हिसाब से प्रभावित होती हैं। टीआरएस सदस्यों ने किसानों को दंडित न करें, एमएसपी के लिए बिल लाएं और राज्यों के बीच कोई भेदभाव नहीं जैसे नारे लिखीं तख्तियों के साथ सदन में हंगामा किया। सदन में नारे लगाने और हंगामा करने के लिए सदस्यों की आलोचना करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि उनका व्यवहार उचित नहीं है और यदि कुछ सदस्य पूरे सदन को परेशान करते (शेष पेज 9)



लोकसभा में बोलते कांग्रेस सांसद शशि थरूर

### रास में विपक्ष का हंगामा, नहीं हो सका कामकाज

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के 12 सदस्यों का निलंबन वापस लेने की मांग कर रहे विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे की वजह से उच्च सदन की बैठक बुधवार को तीन बार बाधित होने के बाद दोपहर तीन बज कर पांच मिनट पर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्षी दलों के सदस्य कांग्रेस की फूलों देवी नेताम, छाया वर्मा, रिपुन बोरा, राजमणि पटेल, सैयद नासिर हुसैन, अखिलेश प्रताप सिंह, तृणमूल कांग्रेस की डोला सेन और शांता छेत्री, शिव सेना की प्रियंका चतुर्वेदी और अनिल देसाई, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के इलामारम करीम तथा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के विनय विस्वम का (शेष पेज 9)

# राजधानी में घटा वैट पेट्रोल 8 रुपए सस्ता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राजधानी** दिल्ली में पेट्रोल पर वैट की दर 30 फीसद से घटाकर 19.4 फीसद कर दी गई है। इससे यह ईंधन यहां आठ रुपये सस्ता हो गया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में दिल्ली सचिवालय में आयोजित कैबिनेट बैठक में यह निर्णय लिया गया। अब एनसीआर के अन्य शहरों के मुकाबले राजधानी में पेट्रोल कम कीमत पर मिलेगा। उत्तर प्रदेश और हरियाणा में वैट की दरों में कटौती करने के बाद भी नोएडा और गुरुग्राम में डीजल का दाम दिल्ली से अधिक है। नोएडा में डीजल 87.01 रुपए प्रति लीटर और गुरुग्राम में 87.11 रुपए प्रति लीटर मिल रहा है, जबकि दिल्ली में यह 86.67 रुपए प्रति लीटर मिल रहा है। केजरीवाल सरकार का तर्क है कि इसीलिए दिल्ली में डीजल पर वैट की दर में कोई बदलाव नहीं किया गया है। हालांकि वैट की दर में 10.58 फीसद की कटौती करने के बाद दिल्ली में अब पेट्रोल 8 रुपए सस्ता हो गया है। दिल्ली सरकार ने पिछले साल पेट्रोल पर वैट (शेष पेज 9)

# यूपी टीईटी पेपर लीक मामले में शिक्षा विभाग का निदेशक गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**उत्तर** प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा वर्ष 2021 के पेपर लीक होने के मामले में उत्तर प्रदेश एसटीएफ नोएडा यूनिट ने बेसिक शिक्षा विभाग निदेशक को आज गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि यह इस पूरे गोरखधंधे का कर्ताधर्ता है। इस मामले में एसटीएफ ने अलीगढ़ से भी एक व्यक्ति को आज गिरफ्तार किया है, जबकि कल एसटीएफने दिल्ली स्थित प्रिंटिंग प्रेस के मालिक को गिरफ्तार किया था।

इस मामले में थाना सूरजपुर में एसटीएफके द्वारा विभिन्न प्रिंटिंग प्रेस के मालिकों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज करवाया गया है। उत्तर प्रदेश विशेष कार्य दल एसटीएफ के नोएडा यूनिट के एसपी राजकुमार मिश्रा ने बताया कि 28 नवंबर वर्ष 2021 को उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा सुबह और शाम की दो पारियों में आयोजित की गई थी। उन्होंने बताया कि इसमें 21लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। परीक्षा वाले दिन प्रश्न पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में नोएडा एसटीएफ ने आज बेसिक शिक्षा के निदेशक सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी संजय उपाध्याय को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि उनसे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि जांच में पता चला है कि शिक्षक पात्रता परीक्षा के प्रश्न पत्र छपवाने सहित अन्य चीजों का टेंडर इन्होंने ही दिया था। उन्होंने बताया कि संजय उपाध्याय पूर्व में गाजियाबाद में जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में तैनात रह चुके हैं। उनसे एसटीएफके अधिकारी गहनता से पूछताछ कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने कल संजय उपाध्याय को निलंबित कर दिया था।

उन्होंने बताया कि संजय उपाध्याय के पास से कई महत्वपूर्ण दस्तावेजए लैपटॉप आदि बरामद हुआ है। उससे पूछताछ के दौरान कई अहम जानकारियां मिली है। उन्होंने बताया कि एसटीएफ ने जनपद अलीगढ़ से गौरव कुमार पुत्र प्रमोद कुमार को भी आज इस मामले मे गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि यह व्यक्ति भी शिक्षक पात्रता परीक्षा में हुए धांधली में शामिल था। इसके पास से लैपटॉप प्रिंटर लैमिनेशन मशीन आदि बरामद हुई है।

अभी तक यह आरोपी गिरफ्तार: उन्होंने बताया कि इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने परीक्षा रद्द कर दी, तथा पेपर लिक करवाने में शामिल कई लोगों आनंद गुप्ता, रंजीत कुमार सिंह, (शेष पेज 9)



संजय उपाध्याय

# पुलवामा में जैश ए-मोहम्मद के दो आतंकवादी ढेर

**भाषा।** श्रीनगर

**सेना** ने बुधवार को दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में हुई मुठभेड़ में आईईडी बनाने में माहिर जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के आतंकवादी कमांडर यासिर पें और एक विदेशी आतंकी को ढेर कर बड़ी सफलता हासिल की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सेना ने पें के गृह ग्राम कसबयार में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में पुलिस से सूचना मिलने के बाद मंगलवार रात 11 बजे इलाके में अभियान शुरू किया था। अधिकारियों ने कहा कि 44 राष्ट्रीय राइफल्स के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल ए.के. सिंह ने अभियान का नेतृत्व किया और सुनिश्चित किया कि सुरक्षा कर्मियों को कोई नुकसान न हो। उन्होंने बताया कि तड़के तीन बजे दो आतंकवादियों की मौजूदगी की पुष्टि हुई क्योंकि वे ऊपरी मंजिल और छत के बीच बने मचान में छिपे थे। जून, 2019 में अरिहाल-पुलवामा मार्ग से गुजर रहे (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,684 | ↑ | 619 | |
| निफ्टी | 17,166 | ↑ | 183 | |
| सोना | 46,848 | ↓ | 302 | /10g |
| चांदी | 61,031 | ↓ | 81 | /kg |

## क्विक न्यूज

### बैंक यूनियनों का 16 से दो दिन की हड़ताल का आह्वान

**नई दिल्ली।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) ने दो सरकारी बैंकों के प्रस्तावित निजीकरण के खिलाफ 16 दिसंबर से दो दिन की देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है। यूएफबीयू के तहत बैंकों की नौ यूनियनें आती हैं। गौरतलब है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस साल की शुरुआत में वित्त वर्ष 2021-22 का बजट पेश करते हुए 1.75 लाख करोड़ रुपए जुटाने के विनिवेश लक्ष्य के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के दो बैंकों के निजीकरण की घोषणा की थी। इससे पहले सरकार ने 2019 में आईडीबीआई बैंक में अपनी बहुलांश हिस्सेदारी एलआईसी को बेचकर आईडीबीआई बैंक का निजीकरण कर दिया था। इसके अलावा पिछले चार साल में 14 सरकारी बैंकों का विलय किया गया है।

# नवंबर में जीएसटी संग्रह 1.31 लाख करोड़ के पार

## ● अबतक का दूसरा सबसे ऊंचा आंकड़ा

**भाषा।** नई दिल्ली

**माल** और सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह नवंबर में 25 प्रतिशत बढ़कर 1.31 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया, जो जुलाई 2017 में इस कर व्यवस्था के लागू होने के बाद से दूसरा सबसे अधिक संग्रह है। इससे व्यावसायिक गतिविधियों के सामान्य होने और अनुपालन में वृद्धि का संकेत मिलता है। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी।

यह लगातार पांचवां महीना है जब जीएसटी से राजस्व एक लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि नवंबर महीने में एकत्रित कुल जीएसटी राजस्व I,31,526 करोड़ रुपए है, जिसमें सीजीएसटी 23,978 करोड़ रुपए, एसजीएसटी 31,127 करोड़ रुपए, आईजीएसटी 66,815 करोड़ रुपए (माल के आयात पर एकत्रित 32,165 करोड़ रुपए सहित) और उपकर 9,606 करोड़ रुपए (माल के आयात पर एकत्रित 653 करोड़ रुपए सहित) है। सीजीएसटी का मतलब केंद्रीय माल और सेवा कर है।

एसजीएसटी का अर्थ राज्य माल और सेवा कर है जबकि आईजीएसटी का मतलब एकीकृत माल और सेवा कर है। नवंबर महीने के लिए जीएसटी राजस्व नवंबर, 2020 की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक है, और नवंबर, 2019 की तुलना में यह 27 प्रतिशत अधिक है। मंत्रालय ने कहा, नवंबर, 2021 के लिए जीएसटी राजस्व जीएसटी की शुरुआत के बाद से दूसरा सबसे अधिक है। यह पिछले महीने के संग्रह से अधिक है। यह आर्थिक सुधार (शेष पेज 9)

# नई युद्धक वर्दी में दिखेंगे सेना के जवान

## ● आर्मी डे परेड में किया जाएगा नई वर्दी का प्रदर्शन, नई वर्दी होगी ज्यादा आरामदायक

## ● गणतंत्र दिवस परेड में जवान पहनेंगे 100 साल पुरानी वर्दियां

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सेना** के जवान अब नई वर्दी में दिखेंगे। आधुनिक युद्ध के बदलते स्वरूप को ध्यान में रखते हुए भारतीय सेना अपनी लड़ाकू वर्दी में बदलाव करने जा रही है। सेना के जवानों के लिए तैयार लड़ाकू वर्दी वाली नई किट का प्रदर्शन अगले साल 15 जनवरी को दिल्ली में होने वाले सेना दिवस परेड (आर्मी डे परेड) में किया जाएगा। दिलचस्प बात यह है कि अगले साल गणतंत्र दिवस परेड में मार्चिंग दल में शामिल जवान 100 साल से भी पहले की अलग-अलग युग की वर्दी पहनेंगे।

सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि पिछले वर्षों के विपरीत सेना की टुकड़ियों ने अपने रेजिमेंट की पोशाक पहनी थी, अगले साल गणतंत्र दिवस पर सैनिकों को प्रथम विश्व युद्ध, द्वितीय विश्व युद्ध और अन्य अभियानों के दौरान पहनी जाने वाली वर्दी में सलामी मंच से आगे बढ़ते हुए देखा जाएगा। उन्होंने कहा कि जहां तक ??नई लड़ाकू वर्दी का संबंध है, यह एक डिजिटल पैटर्न है जो जवानों के लिए आराम के अलावा युद्ध के मैदान में बेहतर छलावरण (स्थानीय परिस्थितियों में छिपने) में मदद करेगा। सूत्रों ने कहा कि अतीत के विपरीत, अधिकारी और पुरुष अपनी पतलून के अंदर शर्ट नहीं बांधेंगे ताकि उन्हें ऑपरेशन के दौरान अधिक आराम और सहूलियत मिल सके।

सेना के अगले साल के मध्य से नई लड़ाकू वर्दी में आने की संभावना है। वर्दी में जैतून और मिट्टी सहित रंगों का मिश्रण होगा। वर्दी को औपचारिक रूप से युद्ध पोशाक वर्दी (बीडीयू) के रूप में जाना जाता है। अमेरिका और यूरोपीय सेनाओं सहित कई देशों ने डिजिटल पैटर्न की वर्दी में बदलाव किया है। अधिकारियों ने कहा कि भारतीय सेना ने इन देशों की पोशाक का अध्ययन करने के बाद अपनी लड़ाकू वर्दी बदलने का फैसला किया। परिचालन क्षेत्रों में सुरक्षा और आराम को सुनिश्चित करने के लिए, वर्दी को छलावरण किया जाता है, जिसमें सिर्फ एक रंग हरे या भूरे रंग की पृष्ठभूमि के साथ मिश्रित किया जाता है। नई लड़ाकू वर्दी हल्की और टिकाऊ सामग्री से तैयार की गई है, जो गर्मियों और सर्दियों दोनों के लिए उपयुक्त है क्योंकि सेना सियाचिन ग्लेशियर में माइनस 40 डिग्री से लेकर थार रेगिस्तान में 50 डिग्री से अधिक के सभी प्रकार के इलाकों में काम करती है।

इस बीच, सेना कर्मियों के रैंक को चिह्नित करने वाले कंधे या कॉलर टैग लगाने के मुद्दे पर काम कर रही थी। दुनिया भर की कुछ सेनाओं में उनकी लड़ाकू वर्दी के बटन पर ऐसे रैंक चिह्न होते हैं। हालांकि, कुछ अन्य लोग युद्ध के मैदान में गोपनीयता बनाए रखने के लिए कंधों पर कोई रैंक या टैग नहीं रखना पसंद करते हैं। सूत्रों ने बताया कि 13 लाख से अधिक सैनिकों के साथ पूरी सेना को नई लड़ाकू वर्दी से लैस होने में कुछ महीने लगेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकारी अधिकारियों और सैनिकों द्वारा पहनी जाने वाली वर्तमान जैतून के हरे रंग की नियमित वर्दी में बदलाव पर विचार कर रहे हैं।



प्रतीकात्मक चित्र

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 2 दिसंबर 2021



# दलित प्रेरणा स्थल : विजिलेंस ने 23 फाइलों को किया जब्त

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



फाइल फोटो

शहर के सेक्टर-95 में बने अंतरराष्ट्रीय दलित पार्क की विजिलेंस जांच करीब 10 साल पहले तेज हो गई थी। मंगलवार को नोएडा प्राधिकरण के अफसर लखनऊ में जांच टीम के सामने 23 फाइलों के साथ पेश हुए। विजिलेंस ने सभी फाइलें अपने पास रख ली है। सोमवार को विजिलेंस लखनऊ के एक इंस्पेक्टर ने नोएडा प्राधिकरण आकर जांच की।

टीम के सदस्य दलित प्रेरणा स्थल पर भी गए। जिस समय दलित प्रेरणा स्थल का निर्माण किया गया था, उस समय प्राधिकरण में वर्क सर्किल नहीं हुआ करता था। इसका निर्माण सिविल निर्माण खंड-2 के अंतर्गत और इसके अलावा अनुरक्षण खंड-5 के अंतर्गत किया गया। विजिलेंस ने वर्ष 2009 से 2012 तक के कार्यकाल में रहे सीईओ, एसीईओ, ओएसडी से लेकर अन्य अधिकारी और कर्मचारियों के लिस्ट पदनाम सहित मांगी है। मंगलवार को नोएडा प्राधिकरण के एक ओएसडी और वरिष्ठ प्रबंधक फाइलों के साथ लखनऊ में बैठक में शामिल हुए। विजिलेंस के अधिकारियों ने कई सवाल-जवाब प्राधिकरण के अधिकारियों से किए। अभी सभी 23 फाइलों को विजिलेंस ने अपने पास रख बाद में देने को कहा है। ऐसा पहली बार हुआ है कि इस प्रकरण में जांच टीम नोएडा आई और रिकॉर्ड मांगा गया।

### सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम ने दलित प्रेरणा स्थल का निर्माण किया था। सपा सरकार में नोएडा में बने दलित प्रेरणा स्थल ऑडिट शासन ने कराया था। ऑडिट रिपोर्ट में खुलासा हुआ था कि सेक्टर-95 में बने दलित प्रेरणा स्थल को बनाने के लिए सिर्फ 84 करोड़ रुपए का एमओयू हुआ था। लेकिन इसके बनाने में हजार करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए गए थे।

इन स्मारकों में लगे पत्थरों की कीमत, उनकी ढुलाई समेत कई मामलों में बड़े स्तर पर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया था। प्रोजेक्ट के निर्माण पर एक हजार करोड़ रुपए, किसके आदेश पर खर्च किए गए प्राधिकरण में इसके कोई भी दस्तावेज या रिकॉर्ड मौजूद नहीं है। उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम ने प्राधिकरण अधिकारी एमओयू की तय सीमा से बाहर जाकर इसके निर्माण के लिए पैसे देते रहे।

# 18 डेयरी मालिकों पर कराई एफआईआर

## नगर निगम ने चलाया आवासीय कॉलोनियों से डेयरी हटाओ अभियान

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग टीम ने कविनगर जोन चिरंजीव विहार में आवासीय कॉलोनी मे डेरी हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान अवैध रूप से डेरी चलाने वाले 18 लोगो के खिलाफ विभाग ने थाने में एफआईआर दर्ज कराई।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथिलेश ने बताया कि चिरंजीव विहार कविनगर जोन में आवासीय कॉलोनी में लगभग 14 डेरिया संचालित थी। जिनको पूर्व में नोटिस जारी किया गया था किंतु मौके पर आज अभियान चलाया गया जहां पर 18 डेरिया संचालित पाई गई। इसी क्रम में संवेदनशीलता गंभीरता के दृष्टिगत उक्त डेरी स्वामियों को 24 घंटे का टाइम दिया गया है तथा 24 घंटे के अंदर डेयरी हटने पर कानूनी कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया।

चिरंजीव विहार सेक्टर 2,3 तथा 10 की आवासीय कॉलोनी क्षेत्रीय निवासी इस प्रकार की कार्यवाही से काफी संतुष्ट दिखाई दिए तथा आसपास फैली गंदगी के बारे में उनके द्वारा कई बार शिकायत संविदा अधिकारी से की गई थी। मौके पर स्वास्थ्य विभाग टीम के साथ चौकी प्रभारी अवंतिका थाना कवि नगर अवर अभियंता पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड मुख्य सफाई एवं खाद निरीक्षक सिस हिंडन क्षेत्र एवं क्षेत्रीय सफाई एवं खाद निरीक्षक कवि नगर जोन उपस्थित रहे। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा इस प्रकार की कार्यवाही और अधिक प्रबलता से की जा रही है जिस के क्रम में शहर में कहीं भी आवासीय कालोनियों में डेरियों का संचालन पर रोक लगाई जाएगी तथा संबंधित अधिकारी द्वारा कार्यवाही करते हुए आवासीय कालोनियों से डेरिया को हटाया जा रहा है ताकि वहां रहने वाले आसपास के लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का अनुभव ना हो और शहर को स्वच्छता स्वच्छता मे बढ़ावा मिले।



कार्रवाई के दौरान मौजूद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी।

# चौकी इंचार्ज को गोली मारने वाला दूसरा बदमाश मुठभेड़ में घायल

**नोएडा।** बिलासपुर चौकी इंचार्ज अंकुर चौधरी को गोली मारने वाला दूसरे बदमाश सिकंदर पुलिस मुठभेड में घायल हुआ है। बदमाश सिकंदर और उसके साथी विपिन नागर ने बीते शुक्रवार को बिलासपुर चौकी इंचार्ज अंकुर चौधरी पर जानलेवा हमला करते हुए गोली मारी थी। इस मामले में मंगलवार की देर शाम को पुलिस और सिकंदर के बीच मुठभेड हुई है। जिसमें सिकंदर को गोली लगी।

बता दें कि बीते शुक्रवार को दो युवक ग्रेटर नोएडा के बिलासपुर कस्बे में केनरा बैंक के सामने रेहडी पर गोल गप्पे खा रहे थे। तभी एसआई अंकुर चौधरी वहां पहुंच गए। उन्होंने देखा कि गोल गप्पे खा रहे युवकों में से एक ने पिस्टल ले रखी है। अंकुर चौधरी को यह अजीब लगा और वह पूछताछ करने पहुंच गए। जैसे ही अंकुर दोनों युवकों के पास पहुंचे और पिस्टल के बारे में पूछा उसने पिस्टल निकालकर सीधे तान दी।

# नौकरी से निकालने पर निजी कंपनी के खिलाफ कर्मचारियों का प्रदर्शन

## एचआर पर लगाए पैसे लेकर भर्ती करने का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेक्टर-63 स्थित शाओलिन कंपनी पर लगभग 150 से 200 कर्मचारियों को नौकरी से निकलने का मामला सामने आया है। कर्मचारियों का कहना है कि पहले 10 दिन का ब्रेक दिया गया उसके बाद अपने खास वर्कर्स को भर्ती कर करीब 150 से 200 युवाओं को नौकरी से निकाल दिया गया। जिस वजह से निकाले गए कर्मचारियों ने कंपनी के बाहर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि इन लोगों को शाओलिन कंपनी ने 19 तारीख से 10 दिन का ब्रेक दिया था। जिसके बाद आज जब यह लोग काम करने के लिए कंपनी पहुंचे तो इनको बोल दिया गया कि अब इतना कंपनी में काम नहीं है तो आप लोगों को कंपनी से निकाला जाता है। कर्मचारियों ने बताया कि एक साल पहले एक ठेकेदार ने इन सभी कर्मचारियों के पीएफ का पैसा नहीं दिया था और जब इन्होंने कंपनी से जवाब मांगा तो कंपनी ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि ठेकेदार भाग चुका है। लेकिन अब उसी ठेकेदार को कंपनी में रखा गया। अब जब वर्कर्स ने अपनी उस पीएफ के पैसे को मांगना चाहा तो सांठगांठ कर कंपनी ने पहले 10 दिन का ब्रेक दिया और फिर लगभग 150 से 200 कर्मचारियों को नौकरी से बाहर कर दिया गया। आरोप है कि कंपनी एचआर द्वारा कर्मचारियों से पैसे मांगकर उनको नौकरी पर रखा जा रहा है।

# एनसीआर में झपटमारी करने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने दबोचा

**गाजियाबाद।** दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में हाई स्पीड मोटरसाइकिल से चोरी व लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन शातिर लुटेरों को इंदिरापुरम पुलिस ने गिरफ्तार करने का दावा किया है। इनकी निशानदेही पर एक मोटरसाइकिल, छह सोने की चेन और लगभग 6000 नकद बरामद हुआ है।

खास बात यह है कि चोरी का सामान खरीदने वाले सुनार को भी गिरफ्तार किया गया है। नगर पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल ने आज यहां बताया कि वसुंधरा स्थित गार्डेनिया चौराहे के पास इन तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनके नाम संदीप ,जाकिर और दिनेश वर्मा हैं। दिनेश वर्मा सुनार है और वह अमरोहा जनपद के थाना हसनपुर क्षेत्र स्थित मोहल्ला कोर्ट पूर्वी रहरा रोड का निवासी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी संदीप शातिर किस्म का लुटेरा है और यह गैंग मुख्य रूप से चैन स्नैचिंग मोबाइल लूटपाट की वारदातों को मोटरसाइकिल बदल-बदल कर अंजाम देते हैं। आरोपियों को एनसीआर क्षेत्र की अच्छी जानकारी है।

# यातायात माह में 82 हजार वाहनों के काटे चालान

## जागरूकता अभियान चलाने के बावजूद लोगों ने किया ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन, टूटा पूरे साल का रिकॉर्ड

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्धनगर में यातायात जागरूकता महीने में यातायात नियमों के उल्लंघन के मामले बाकी महीनों की तुलना में ज्यादा सामने आए हैं। वह भी तब जब यातायात पुलिस कई एनजीओ के साथ मिलकर इस महीने जागरूकता अभियान चला रही है। एक नवंबर से 30 नवंबर तक चले यातायात माह में पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 82 हजार से अधिक चालान काटे, जो बाकी महीनों में काटे जाने वाले चालानों की तुलना में अधिक है।

नवंबर का महीना यातायात माह के रूप में जाना गया है। उसके बावजूद भी नवंबर के महीने में सबसे ज्यादा वाहनों के चालान काटे गए हैं। नवंबर के महीने में 632 वाहन बिना प्रदूषण, 20,912 वाहन हेलमेट और सीट बेल्ट, 12,880 नो पार्किंग और नो एंट्री, 2698 वाहन लाल बत्ती जंप और 2721 वाहन अन्य, 2375 वाहन बिना डीएल और बिना बीमा और 7710 विपरीत दिशा में चलने पर चालान काटे गए हैं।

अभी तक के रिकॉर्ड के मुताबिक सबसे ज्यादा नवंबर के महीने में लोगों ने यातायात के नियमों का उल्लंघन किया है। इससे पहले जनवरी के महीने में 52 हजार, मार्च के महीने में 56 हजार, अप्रैल के महीने में 57 हजार और सितंबर के महीने में 52 हजार वाहनों के चालान काटे गए हैं।



फाइल फोटो

यातायात पुलिस ने जागरूकता अभियान के तहत 21 स्कूलों और कॉलेजों में 5,980 छात्र छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। वैसे जिले में 12,640 लोगों को जागरूक किया गया। डीसीपी ने कहा कि आने वाले महीनों में जागरूकता अभियान को बड़े स्तरों पर किया जायेगा और उल्लंघन करने वालों पर सख्ती बरती जाएगी।

# अपने बलबूते चुनाव लड़ेगी कांग्रेस : लल्लू

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने प्रियंका की रैली को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने आज यहां कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस किसी राजनीतिक दल से गठबंधन नहीं करेगी, बल्कि अपने बलबूते पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस का गठबंधन किसानों, नौजवानों और महिलाओं के साथ है।

लल्लू गुरुवार को मुरादाबाद में होने जा रही कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी की प्रतिज्ञा रैली की तैयारियों का जायजा लेने मुरादाबाद जा रहे थे। बुधवार को अजय कुमार लल्लू जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पहुंचे। रैली की तैयारी को लेकर जिला व महानगर के कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक भी की। इस मौके पर प्रेस से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव ने प्रदेश की जनता के समक्ष प्रतिज्ञाएं ली हैं। इनमें किसानों का कर्ज माफ, बिजली का बिल हाफ, युवतियों और छात्राओं के लिए मोबाइल फोन और स्कूटी, युवाओं के लिए बीस लाख नौकरियां, आंगनबाड़ी और आशा वर्कर्स के लिए दस हजार रुपये देना, विधानसभा चुनाव में महिलाओं को चालीस प्रतिशत टिकट देने जैसी अनेक प्रतिज्ञाएं शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि यह साबित हो चुका है कि उत्तर प्रदेश में आज कांग्रेस ही सबसे बड़ा विपक्षी दल है। कोरोना काल में जहां अन्य दलों के लोग घरों में छिपे बैठे रहे वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस घर-घर पहुंची, लगातार लोगों की मदद की, तीन काले कृषि कानूनों के खिलाफ कांग्रेस ने सड़कों पर उतरकर संघर्ष किया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने सड़क से लेकर संसद तक तीन काले कृषि कानूनों के खिलाफ आवाज उठाई। महंगाई और प्रदेश की कानून व्यवस्था के मुद्दे को लेकर कांग्रेसी ही सड़कों पर संघर्ष करते दिखे । इस दौरान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बिजेंद्र यादव, महानगर अध्यक्ष लोकेश चौधरी, पूर्व मंत्री सतीश शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### जेवर एयरपोर्ट बोर्ड बैठक

# यमुना प्राधिकरण ने शासन को सौंपा प्रोजेक्ट का पूरा खाका

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा इंटरनेशनल ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट जेवर के विकासकर्ता ज्यूरिख एयरपोर्ट की एसपीवी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड ने परियोजना का डेवलपमेंट प्लान प्रस्तुत कर दिया है। इस प्लान का परीक्षण चल रहा है। परीक्षण के पश्चात प्लान को अनुमोदित किया जाएगा। एयरपोर्ट के निर्माण के लिए 1095 दिन तय किए गए हैं, जिसके मुताबिक यह एयरपोर्ट 29 सितंबर 2024 तक बन जाएगा।

मुख्य सचिव राजेंद्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में नायल की 12वीं बोर्ड बैठक हुई। इसमें जेवर एयरपोर्ट की स्टेट्स रिपोर्ट के साथ ही अब तक हुई प्रगति का विवरण प्रस्तुत किया गया। नोएडा एयरपोर्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ अरुणवीर सिंह ने बोर्ड के समक्ष एजेंडा रखा। इसमें उन्होंने बताया कि विकासकर्ता ज्यूरिख एयरपोर्ट की एसपीवी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड ने परियोजना के लिए डेवलपमेंट प्लान प्रस्तुत किया है, जिसका परीक्षण किया जा रहा है।

बैठक में यह भी बताया गया कि एयरपोर्ट के निर्माण के लिए नागर विमानन मंत्रालय द्वारा साइट क्लीयरेंस तथा गृह मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र पूर्व में ही दिया जा चुका है। पर्यावरण क्लीयरेंस भी पहले ही हो चुका है। वन क्लीयरेंस, सुरक्षा क्लीयरेंस, वित्तीय सहमति और डीजीसी, द्वारा भी एयरपोर्ट निर्माण के लिए सहमति दी जा चुकी है। बैठक में अपर मुख्य सचिव नागरिक उडड्यन एसपी गोयल, अपर मुख्य सचिव औद्योगिक विकास अरविन्द कुमार, सीईओ ग्रेटर नोएडा, सीईओ नोएडा ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से शिरकत की।

# डॉ.सुमन अग्रवाल विश्व हिन्दी गौरव सम्मान से सम्मानित

**हापुड़।** हिंदी कल्चरल सेंटर टोक्यो जापान द्वारा हिंदी पर एक कार्यक्रम में हापुड की प्रधानाध्यापिका डॉ.सुमन अग्रवाल को हिंदी साहित्य में अमूल्य सेवाओं व विशेष योगदान देने के लिए विश्व हिन्दी गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार गाजियाबाद स्थित गांधी नगर आर्य समाज में हिंदी सेंटर टोक्यो द्वारा हिंदी के विकास एवं समृद्धि पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुरेन्द्र शर्मा, सिमरन सिंह, कल्याण सिंह, पारुल सिंह, डॉक्टर सुमन अग्रवाल, चेतन आनंद, कामना मिश्रा, श्वेतासिंह ने कहा कि हिंदी विश्व की सर्वाधिक समृद्ध भाषा है।

कार्यक्रम संयोजक विनोद पांडे ने बताया कि सभी ने किसी न किसी प्रकार से हिंदी की सेवा की है और हिंदी साहित्य में विशेष योगदान दिया है। अध्यक्षता डॉ. रमा शर्मा अध्यक्ष जापान कल्चर सेंटर टोक्यो ने की। मुख्य अतिथि मनु लक्ष्मी मिश्र रही।

## संक्षिप्त समाचार



दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरित करते अधिकारी।

### 62 दिव्यांग बच्चों को बांटे उपकरण

**हापुड़।** समग्र शिक्षा अभियान( समेकित शिक्षा) के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र सिंभावली पर एलिम्को कानपुर के सहयोग से सहायक उपकरण उपस्कर वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 62 दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरित किए गए जिसमें सात ट्राई साइकिल, 18 व्हीलचेयर 10 रोलेटर 10 एम आर किट, चार ब्रेल किट, 40 कान की मशीन, 35 कैलीपर्स, 22 बैसाखी, कुल 111 उपकरण वितरित किए गए। शिविर में कानपुर एलिम्को से ऑडियोलॉजिस्ट प्राणेश मिश्रा, पीएनडी आनंद सिंह, पीएनडी टेक्नीशियन सतीश एवं विधायक कमल सिंह मलिक, खंड विकास अधिकारी अभिमन्यु सेठ, बीएसए अर्चना गुप्ता, खंड शिक्षा अधिकारी अलका अग्रवाल, प्र0 जिला समन्वयक संजय कुमार यादव आदि मौजूद रहे।



गाजियाबाद शहर में प्रकाश व्यवस्था का निरीक्षण करते नगरआयुक्त।

### प्रकाश व्यवस्था जांचने पहुंचे नगर आयुक्त

**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर ने बुधवार को शहर की प्रकाश व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान प्रकाश विभाग द्वारा शहर में लगाई गई हाई मास्क का निरीक्षण किया तथा शहर की फ्लाईओवर के नीचे उपस्थित होकर प्रकाश की व्यवस्था को जाना। शहर के ऐसे स्थान जहां पर अंधेरे की शिकायतें प्राप्त हो रही थी वहां पर टीम सहित पहुंचकर लाइटों की स्थिति को देखा गया तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। वरिष्ठ प्रभारी प्रकाश अपर नगर आयुक्त शिवपूजन यादव को शहर के बाहरी मार्गों की भांति ही वार्ड में आंतरिक गलियों की प्रकाश व्यवस्था को भी व्यवस्थित करने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही वार्ड की आंतरिक गलियों में निरीक्षण करने के लिए भी कहा गया ताकि शहर वासियों के लिए सुविधा बनी रहे। अपर नगर आयुक्त शिवपूजन यादव ने बताया कि लाइटों की मरम्मत तथा आवश्यकतानुसार नई लाइट को वार्ड के अंदर भी लगाया जा रहा है।

### छात्रों ने एड्स के प्रति किया जागरूक

**गाजियाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय एड्स दिवस के उपलक्ष्य में दिल्ली पब्लिक स्कूल इंदिरापुरम में एड्स जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। यहां छात्रों ने एड्स से जुड़ी कई महत्पवूर्ण बातों जैसे इसके विभिन्न चरण और इसे जुड़े मिथक पर विस्तार से बताया। इस कार्यक्रम की शुरुआत एक सूचनात्मक वीडियो के माध्यम से हुई और एड्स के खिलाफ सामुहिक प्रयास को प्रदर्शित करने वाले इसके प्रतीक लाल रिबन को सभी की ड्रेस के साथ पिन किया गया।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | समन्वय राठौर/राजेन्द्र कुमार राठौर, मकान नंबर 60 ए. कल्पना अपार्टमेंट, सेक्टर-5, वैशाली, गाजियाबाद-200010 खाता संख्या :- एलबीजेओडी00004590270 | प्लॉट नंबर 78 का दक्षिणी भाग, सेक्टर-सी, शिव गौरी अपार्टमेंट, वैशाली टाउनशिप डाली बाईसर्किल, जोधपुर-342001 | 07-07-2021 रू. 3,07,569.00/- | 31/01/2021 |
| 2. | समन्वय राठौर/राजेन्द्र कुमार राठौर, मकान नंबर 60 ए. कल्पना अपार्टमेंट, सेक्टर-5, वैशाली, गाजियाबाद-200010 खाता संख्या :- एलबीजेओडी00004590253 | प्लॉट नंबर 78 का दक्षिणी भाग, सेक्टर-सी, शिव गौरी अपार्टमेंट, वैशाली टाउनशिप डाली बाईसर्किल, जोधपुर-342001 | 13-07-2021 रू. 25,57,454.00/- | 30/07/2018 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 02 दिसंबर, 2021
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

सांकेतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर -23, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली -110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तिय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतरर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्जदार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम/ खाता क्र. | सम्पति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | युद्धवीर सिंह/ गुरप्रीत कौर/ LBNOD00002312278 | फ्लैट नंबर 2204, टावर ए1, 22वीं मंजिल, रुद्र पैलेस हाइट्स नोएडा एक्सटेंशन ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश/ 29 नवंबर, 2021 | मार्च 19, 2021 ₹ 20,39,314/ | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | सोमाश्री शाही/ आलोक कुमार/ LBGUR00002436557 | फ्लैट नंबर बी 106, एफएफ प्लॉट नंबर 6/ जीएच -4 सेक्टर 6, आदित्य गार्डन सिटी वसुंधरा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश / 29 नवंबर, 2021 | मार्च 24, 2021 ₹ 16,38,043/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह-कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: दिसम्बर 02, 2021
स्थान: दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

ICICI Bank

शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर -23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

सार्वजनिक सूचना - संरक्षित संपत्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-नीलामी

नियम 8 (6) का परंतुक देखें,
अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिये ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पून: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है ।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रुप से कर्जदार एवं जमानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शायी गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एंव दर्शाये विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है, जैसी है" एवं जैसी है, वैसी है " एवं जिस भी स्थीत में है " के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे है :-

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रू. में) | सुरक्षित मूल्य (रू. में) / धरोहर राशि जमा (रू. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | संगीता डे (कर्जदार), सगोरिका डे, सुरंजन डे (सह-कर्जदार) LBFDB00002417371, LBDEL00002417814 | फ्लैट नंबर टी2/1601, 16वीं मंजिल, सनवर्ल्ड अरिस्टा, जीएच 01/सी, सेक्टर 168, नोएडा, यूपी. क्षेत्र 3500 वर्ग फीट | रू. 2,31,39,445.8 (नवम्बर 23, 2021 तक) | रू. 1,32,00,000/- / रू. 13,20,000/- | दिसम्बर 10, 2021 को सु. 11:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | दिसम्बर 24,2021 सु. 11:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था मैसर्स नेक्सजेन सॉल्युशन्स प्राइवेट लिमिटेड की, वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी । बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं कों **दिसम्बर 23, 2021** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अतिंम अवसर दिया जाता है, जिससे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पतियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर -23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित दिनांक- **दिसम्बर 23, 2021** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करे। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर -23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्तांक्षरित प्रति को दिनांक **दिसम्बर 23, 2021** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं । बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

सम्पति अवलोकन, नीलामी के नियम एवं शर्तो तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **9599281817/ 9372730494/ 7304914763** या मैसर्स **नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** को फोन नंबर **9710029933/ 9810029926/ 01244233933** पर संपर्क करे।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया **1. नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड** इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है।

बिक्री की विस्तृत नियमो एवं शर्तो हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करे ।

तिथि : दिसम्बर 02, 2021
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# निर्माण पर रोक के बाद भी सेंट्रल विस्टा पर चल रहा काम

## दिल्ली सरकार ने सीपीडब्ल्यूडी को नोटिस भेज पूछा- किससे ली इजाजत

● शिकायत मिलने पर जांच करने पहुंचे पर्यावरण मंत्री राय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के लोगों ने नवंबर में सबसे खराब हवा में सांस ली। दिल्ली की आबोहवा दुरुस्त करने के मकसद से दिल्ली सरकार ने सभी तरह के निर्माण कार्य पर रोक लगा दी है। इसके बाद भी केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट पर निर्माण कार्य चल रहा है। इसकी शिकायत मिलने पर पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बुधवार को वहां औचक निरीक्षण किया और वहां पर काम होता पाया। जिसके बाद उन्होंने संबंधित एजेंसी सीपीडब्ल्यूडी को आदेश का उल्लंघन करते हुए निर्माण कार्य करने और निर्माण स्थल पर तय मानदंडों का पालन नहीं करने पर दो अलग-अलग नोटिस जारी करने का आदेश डीपीसीसी को दिया है साथ ही गुरुवार तक केंद्रीय लोक निर्माण विभाग से जवाब मांगा है।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि प्रदूषण के चलते निर्माण कार्यों पर रोक के बावजूद सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के अंदर काम चलता पाया गया। इस पर नोटिस जारी कर सीपीडब्ल्यूडी से पूछा गया है कि किस आधार पर और किसके आदेशा पर यहां काम चल रहा है। सीपीडब्ल्यूडी से जवाब मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

राय ने बताया कि उनके पास लगातार फोन पर शिकायतें आ रही थीं कि निर्माण कार्यों पर प्रतिबंध लगाने के बावजूद सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के अंदर काम चल रहा है। इसलिए आज उन्होंने वहां का निरीक्षण करने का फैसला किया। निरीक्षण के दौरान पाया कि सरकार की तरफ से निर्माण कार्यों पर लगाए गए प्रतिबंध के बाद भी प्रोजेक्ट के अंदर काम चल रहा है।

इसके अलावा, यहां धूल को नियंत्रित करने का भी पालन नहीं किया जा रहा है। इस से सम्बंधित गाइड लाइन डीपीसीसी द्वारा पहले ही जारी किया जा चूका है। मानदंडों का उल्लंघन करने पर वह सीपीडब्ल्यूडी को एक अलग से नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। इस तरह सीपीडब्ल्यूडी को दो अलग-अलग नोटिस जारी किया जा रहा है। साथ ही, निर्देश दिया गया है कि धूल प्रदूषण को रोकने के लिए पानी का छिड़काव किया जाए, जिससे कि धूल को उड़ने से रोका जा सके।

केंद्रीय निर्माण एजेंसी को कल तक नोटिस का जवाब देना होगा। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर जिम्मेदार एजेंसी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



बुधवार को नई दिल्ली स्थित सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट पर रोक के बावजूद चल रहे निर्माण कार्य की जांच करने पहुंचे पर्यावरण मंत्री गोपाल राय।

### दिवाली और पराली जलाने से नवंबर में जहरीली रही हवा

नवंबर महीने में अधिक प्रदूषण होने की वजह के बारे में पर्यावरण मंत्री ने बताया कि नवंबर में प्रदूषण बढ़ने के दो प्रमुख कारण रहे। पहला, दिवाली और दूसरा पराली। इसके अलावा, तीसरा कारण हवा की गति भी है। हवा की गति थोड़ी कम होने की वजह से प्रदूषक तत्व हवा में उपर जाता था, वह नीचे आ रहा है। उन्हें भरोसा है कि मौसम में बदलाव से प्रदूषण में सुधार होगा।

# वक्फ संपत्तियों को नहीं हो रहा नुकसान : केंद्र

## सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट को लेकर सरकार ने उच्च न्यायालय में पेश किया हलफनामा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने उच्च न्यायालय को आश्वासन दिया कि सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना के अंतर्गत चल रहे कार्य के आसपास के इलाके में दिल्ली वक्फ बोर्ड की संपत्तियों को कुछ नुकसान नहीं हो रहा है। केंद्र सरकार ने हाईकोर्ट से विरासत संपत्तियों के संरक्षण की मांग वाली बोर्ड की याचिका तीन सप्ताह के लिए टालने का अनुरोध किया है। मामले की अगली सुनवाई 20 जनवरी को होगी।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा से विरासत संपत्तियों के संरक्षण की मांग वाली बोर्ड की याचिका तीन सप्ताह के लिए स्थगित करने का अनुरोध किया और कहा कि यह लंबी योजना है और जिस संपत्ति को लेकर सवाल किया गया है, वहां तक पुनर्विकास परियोजना नहीं पहुंची है। याचिका में बोर्ड ने कहा था कि उसकी संपत्ति के प्रभावित होने की आशंका है।




मेहता ने कहा उनके जानकार मित्र (याचिकाकर्ता) आश्वस्त हो सकते हैं। वह आपके समक्ष हैं। यह एक लंबी योजना है और हम किसी भी तरह से इसके निकट नहीं पहुंचे हैं। अदालत ने इस मामले की सुनवाई 20 जनवरी तक के लिए यह कहते हुए स्थगित कर दी कि उसे सॉलिसिटर जनरल पर पूरा भरोसा है और उसने याचिकाकर्ता का प्रतिनिधित्व करनेवाले वरिष्ठ वकील द्वारा इस बयान को रिकॉर्ड पर लेने के आग्रह को ठुकरा दिया।

दिल्ली वक्फ बोर्ड का प्रतिनिधित्व वरिष्ठ अधिवक्ता संजय घोष कर रहे थे। बोर्ड ने अपनी याचिका में पुनर्विकास परियोजना कार्य वाले इलाके में अपनी छह संपत्तियों के संरक्षण का आग्रह किया है। इसमें मानसिंह रोड पर मस्जिद जाब्ता गंज, रेड क्रॉस रोड पर जामा मस्जिद, उद्योग भवन के समीप सुनहरी बाग रोड मस्जिद, मोतीलाल नेहरू मार्ग के पीछे मजार सुनहरी बाग रोड, कृषि भवन परिसर के भीतर मस्जिद कृषि भवन और उप राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास के भीतर स्थित मस्जिद वाइस प्रेसिडेंट शामिल है।

याचिका में यह दावा किया गया कि ये छह संपत्तियां सामान्य मस्जिद से कहीं ज्यादा हैं और इनके साथ विशिष्टता जुड़ी हुई है। याचिका में कहा गया कि न तो ब्रिटिश सरकार और न ही भारत सरकार ने इन संपत्तियों पर धार्मिक परंपराओं के पालन में कोई बाधा पहुंचाई और यह हमेशा संरक्षित रहीं।

# हवा की गुणवत्ता बहुत खराब आज बारिश होने की संभावना

● सामान्य से दो डिग्री अधिक रहा तापमान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में सर्दी बढ़ने के साथ ही मौसम में भी बदलाव आ सकता है। बुधवार सुबह बादल छाये रहने से न्यूनतम तापमान में मामूली वृद्धि हुई और यह 11.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो कि सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस अधिक है। राजधानी दिल्ली में तेजी से मौसम बदल रहा है सर्दी का सितम बढ़ने लगा है, लेकिन महीनेभर से ज्यादा समय आबोहवा खराब है। बुधवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक 386 दर्ज किया गया है जो बहुत खराब श्रेणी में आता है।

भारतीय मौसम विभाग के अनुसार उत्तर पश्चिम भारत को प्रभावित करने वाले पश्चिमी विक्षोभ के परिणामस्वरूप दिल्ली में बृहस्पतिवार को आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहने और गरज के साथ बिजली चमकने की आशंका है। कहीं कहीं फुहार पड़ने के आसार हैं। अधिकतम तापमान करीब 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा सकता है। बारिश होने के चलते आने वाले दिनों में सर्दी बढ़ने की भी संभावना बनी हुई है। इसके बाद शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। आने वाले दिनों में कोहरे के बढ़ने की भी आशंका बनी हुई है। शनिवार का अधिकतम तापमान 26 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री रह सकता है। बारिश की संभावना के चलते उम्मीद जताई जा रही है कि प्रदूषण से राहत मिल सकती है। नवंबर के शुरुआत से ही राजधानी की हवा जहरीली होती गई। कई दिन तो एक्यूआई का स्तर 400 के पार तक पहुंच गया था। हालांकि, पिछले कुछ दिनों में राहत जरूर मिली है।

# वर्ष 2019 की तुलना में 2020 में अपराध घटे : केंद्र सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में वर्ष 2020 में अपराध की घटनाओं में वर्ष 2019 की तुलना में 16.8 फीसदी की कमी आई । केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह भी बताया कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों से मिले अपराध के आंकड़ों का मिलान करता है। इन्हें भारत में अपराध शीर्षक से प्रकाशित किया जाता है। राय ने बताया कि वर्ष 2020 तक प्रकाशित हुईं रिपोर्ट उपलब्ध हैं।

नित्यानंद राय ने बताया प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वर्ष 2020 में अपराध की घटनाओं में 2019 की तुलना में 16.8 फीसदी की कमी आई।

दिल्ली पुलिस ने अपराध की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं। इनमें अपराध की आशंका वाले क्षेत्रों की पहचान करना, पुलिस की तैनाती, चौकी स्थापना, गश्त, पीसीआर वैन और आपात प्रतिक्रिया वाहनों की तैनाती आदि शामिल हैं। अपराधियों की पहचान, निगरानी तथा उनकी गिरफ्तारी के लिए भी कदम उठाए गए हैं।




बढ़ती महंगाई को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करते भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता। फोटो : रंजन डिमरी

## महंगाई हटाओ रैली अब जयपुर में होगी : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की 12 दिसंबर को होने वाली महंगाई हटाओ रैली के आयोजन की अनुमति प्रशासन ने नहीं दी है। अब यह रैली जयपुर में होगी। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने एलजी पर दबाव बनाकर रैली की अनुमति रद्द करवाई है।

उन्होंने कहा जब-जब कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में समूचा विपक्ष महंगाई, बेरोजगारी, डूबती अर्थव्यवस्था, किसान-मजदूरों की पीड़ा, दलितों-आदिवासियों-पिछड़ों के अधिकारों के दमन के महत्वपूर्ण मुद्दे उठाता है, उन पर बहस करना चाहता है, तो मोदी सरकार एक सोची समझी साजिश के तहत संसद को खुद ही नहीं चलने देती।

## भाजपा-कांग्रेस की मांग, डीजल पर भी वैट कम करे सरकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार द्वारा बुधवार को पेट्रोल पर वेट की दर घटाने के बाद कांग्रेस और भाजपा ने डीजल पर भी वेट घटाने की मांग की है ताकि महंगाई से जनता को राहत मिले और कम दाम का लाभ मिले। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि कांग्रेस के दबाव के कारण आज दिल्ली की अरविन्द केजरीवाल सरकार ने पेट्रोल पर वेट की दर कम कर दी है, जिसके बाद उपभोक्ता को पेट्रोल 8 रुपये कम दामों में मिलेगा। कांग्रेस ने डीजल पर भी वेट कम करने की मांग की है। दिल्ली विस में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने दिल्ली सरकार के द्वारा पेट्रोल के दामों में की गई कटौती को सार्थक प्रयास बताया है।

# शरजील की जमानत याचिका पर पुलिस से मांगा जवाब

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार जेएनयू के छात्र शरजील इमाम की जमानत याचिका पर बुधवार को दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया। इमाम पर 2019 में सीएए-एनआरसी विरोधी प्रदर्शन के दौरान भड़काऊ भाषण देने और हिंसा भड़काने के आरोप हैं।

न्यायमूर्ति रजनीश भटनागर ने इमाम की याचिका पर अभियोजन पक्ष को नोटिस जारी किया और उसे 11 फरवरी से पहले जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया मामले की अगली सुनवाई के लिए 11 फरवरी की तारीख सूचीबद्ध की गई है। इमाम ने उसकी जमानत याचिका खारिज करने के निचली अदालत के 22 अक्टूबर के आदेश को चुनौती दी है। इस मामले में जबकि वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़ आरोपी शरजील इमाम का प्रतिनिधित्व कर रहे थे अभियोजन पक्ष का प्रतिनिधित्व विशेष लोक अभियोजक अमित प्रसाद ने किया।



इमाम (32) ने कहा कि हिंसा करने के आरोप में गिरफ्तार सभी सह आरोपियों को इस मामले में जमानत दे दी गई है और वह अब भी पिछले 20 महीने से जेल में बंद हैं।


# पूर्वी दिल्ली में ठेके खोलने में नियमों का हो पालन

## शराब के ठेकों वाली बिल्डिंग की जांच कर सप्ताह में रिपोर्ट दें अधिकारी : महापौर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली के महापौर श्याम सुन्दर अग्रवाल ने कहा कि दिल्ली सरकार की आबकारी नीति के तहत पूर्वी दिल्ली में खुल रहे शराब के ठेके नियमानुसार खोले जाये क्योंकि मिश्रित उपयोग वाले मार्गों पर शराब के ठेके नहीं खोले जा सकते। महापौर ने इस मुद्दे पर बुधवार को अभियांत्रिकी विभाग, भवन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में यह बात कही।

महापौर ने कहा कि क्षेत्र में शराब के ठेके खुलने से संबंधित निर्धारित नियमों का विशेष रूप से ध्यान दिया जाना आवश्यक है। उन्होंने इस बारे में पूर्वी दिल्ल नगर निगम के आयुक्त को भी पत्र लिखा है। अग्रवाल ने बताया कि आबकारी नीति के कारण पूर्वी दिल्ली क्षेत्र में लगभग 200 शराब के ठेके खोलने की योजना बन रही है। अत: निगम अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि किसी भी भवन में शराब का ठेका खोलने की अनुमति केवल व्यवसायिक मार्गों पर ही हो। साथ ही जिस बिल्डिंग में ठेके खुल रहे हैं वह बिल्डिंग अवैध निर्माण में बुक तो नहीं है या उस बिल्डिंग को सील तो नहीं किया गया है या उसमें अवैध निर्माण तो नहीं है, इस बात की गहनता से जांच की जाना जरूरी है।




अधिकारी यह जांच कराये कि यदि बिल्डिंग में शराब का ठेका खुल रहा है, वह बिल्डिंग यदि कमर्शियल रोड पर है तो उसने कन्वर्जन चार्ज व पार्किंग शुल्क जमा किया है या नहीं तथा यदि वह भवन किराये पर दी गयी है तो उसका सम्पत्ति कर नियमानुसार जमा हुआ है या नहीं। अधिकारी ऐसे सभी भवनों की जांच करके एक सप्ताह में पूरी रिपोर्ट दें।

## संक्षिप्त समाचार

### सतत किसान आय वृद्धि को ग्रामीण विकास ट्रस्ट सम्मानित

**नई दिल्ली।** ग्रामीण विकास ट्रस्ट एक राष्ट्रीय स्तर का विकास संगठन है जिसे कृभको द्वारा प्रोत्साहित और समर्थित किया गया है, फिक्की ने एग्रीकल्चर समिट की मेजबानी की और स्थायी कृषि विकास को बढ़ावा देने वाले संगठनों और कार्यक्रमों को पहचानने और प्रदर्शित करने के उद्देश्य से अपना पहला सस्टेनेबल एग्रीकल्चर अवॉर्ड आयोजित किया। फिक्की द्वारा आयोजित एग्री समिट एंड एग्री अवॉर्ड में ग्रामीण विकास ट्रस्ट को उत्कृष्ट स्थायी किसान आय वृद्धि के लिए सर्वश्रेष्ठ एनजीओ से सम्मानित किया गया । ग्रामीण विकास ट्रस्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिव शंकर सिंह, शैलेश कोतरू, प्रमुख व्यवसाय विकास और तृप्ति खन्ना, राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रमुख के साथ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। शिव शंकर सिंह सीईओ, ग्राम विकास ट्रस्ट ने कहा यह आदिवासी, किसानों और हाशिए के समुदायों के साथ काम करने के हमारे पिछले 22 वर्षों का पुरस्कार है, जिन्होंने अपनी आजीविका और आय बढ़ाने के लिए मॉडल को क्रियान्वित करने में हमें विश्वास और समर्थन दिया।




### राजस्थान को मिला 78,700 करोड़ के निवेश प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** राजस्थान सरकार की ओर से जनवरी 2022 में प्रस्तावित निवेशक सम्मेलन 'इंवेस्ट राजस्थान 2022' का पहला रोडशो का आयोजन बुधवार को दिल्ली के ली मेरिडियन होटल में किया गया। इस आयोजन में राजस्थान सरकार ने 68,698 करो? रुपए के सहमति पत्र और 10,099 करो? रुपए के आशय पत्र पर निवेशकों के साथ हस्ताक्षर किए। यह निवेश राज्य के घीलोठ, भिवाड़ी, नीमराना, जयपुर, उदयपुर, अलवर एवं कई अन्य जिलों में स्थापित इकाइयों में प्रस्तावित है। इस मौके पर राजस्थान सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुंतला रावत ने कहा कि राज्य सरकार ने नीति नियामक तंत्र का सृजन कर औद्योगिक विकास को गति दी है। रिप्स 2019 प्रोत्साहन योजना, एमएसएमई अधिनियम, एकल खिड़की योजना आदि हमारी वह पहल है जिन्होंने निवेश की प्रक्रिया को सहज व सरल बनाया है। उन्होंने बताया कि विशेष तौर पर कुछ अग्रणी निवेश समूहों ने प्रदेश में वृहद परियोजनाए स्थापित करने की मंशा जताई है।

# राजमाता विजयराजे सिधिंया स्कूल ऑफ नर्सिंग का परिणाम सौ फीसदी

● सभी को अपोलो अस्पताल में मिली नियुक्ति : पंवार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली नगर निगम के स्वामी दयानंद अस्पताल के राजमाता विजयराजे सिधिंया स्कूल ऑफ नर्सिंग के इस वर्ष का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है।

स्थायी समिति अध्यक्ष बीर सिंह पंवार ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि निगम की पहल पर शुरू हुए नर्सिंग स्कूल से बच्चे पढ़कर कर अपना कैरियर बना कर समाज सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

बीर सिंह पंवार ने कहा कि राजमाता विजयराजे सिधिंया स्कूल ऑफ नर्सिंग वर्ष 2013 में शुरू हुआ था। इस वर्ष कोरोना के कारण पढ़ाई थोड़ी बाधित रही परन्तु इस वर्ष अच्छा प्रदर्शन करते हुए सभी छात्र उत्तीर्ण हुए और सभी विद्यार्थियों को परिसर चयन प्रक्रिया के आधार पर अपोलो अस्पताल में नियुक्ति मिली है।




राजधानी के अपोलो अस्पताल में नियुक्ति पाए राजमाता विजयराजे सिधिंया स्कूल ऑफ नर्सिंग के छात्र।

# पुलिस ने प्रत्येक थाने की पेशगी राशि बढ़ाकर की दो लाख रुपए

● अपराध के केस कम करने में मिलेगी मदद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने प्रत्येक थाने के लिए पेशगी राशि को दो लाख रुपये तक बढ़ा कर दो लाख कर दिया गया है। यह निर्णय जांच अधिकारियों को प्रभावी तरीके से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में और राष्ट्रीय राजधानी में अपराध के मामले कम करने में मदद करने के लिए लिया गया है।

दिल्ली पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना के कार्यालय की ओर से 23 नवंबर को इस संबंध में आदेश जारी किया गया। शहर में कुल 15 पुलिस जिले हैं और 178 पुलिस थाने हैं।

आदेश में कहा गया कि प्रत्येक पुलिस थाने को आवंटित पेशगी राशि को बढ़ाकर दो लाख रुपये कर दिया गया है, जिनमें से एक लाख रुपये की राशि विशेष तौर पर 'जांच' के लिए है और शेष एक लाख रुपये पुलिस थाना स्तर पर 'विभिन्न' खर्च के लिए है।

# डीजेबी फार्महाउसों और संस्थानों को करेगा शोधित पानी की आपूर्ति

## 12 से 15 महीनों में सभी एसटीपी को किया जाएगा अपग्रेड : सत्येंद्र जैन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली जल बोर्ड फार्महाउसों और संस्थानों को सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से शोधित पानी की आपूर्ति करेगा। इसके लिए अधिकारियों को एसटीपी के ट्रीटेड पानी को अंतिम उपभोगता तक पहुंचाने के लिए पाइपलाइन बिछाने के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। ताकि फार्महाउस व संस्थान बागवानी में भू-जल की जगह शोधित जल का इस्तेमाल करें। जल बोर्ड वर्तमान में फार्म हाउसों को 15 एमजीडी से अधिक पानी की सप्लाइ कर सकता है, ताकि ट्यूबवेल बंद हो सकें और भूजल का उपयोग कम से कम हो सके और पानी को बचाया जा सके। जल मंत्री एवं दिल्ली जल बोर्ड के अध्यक्ष सत्येंद्र जैन ने बुधवार को विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में यह फैसला लिया है।





फाइल फोटो

जैन ने डीजेबी को 12 से 15 महीने के अंदर सभी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट को अपग्रेड करने के निर्देश दिए। जलबोर्ड ने अपने सभी बायो गैस प्लांट को अपग्रेड करने का निर्णय लिया है, ताकि बायो-गैस प्लांट में नालों से निकलने वाले गाद के साथ-साथ सेप्टिक टैंक की गंदगी, गाय के गोबर और नगरपालिका द्वारा जमा कचरे को भी ट्रीट किया जा सके। अभी बायो-गैस प्लांट केवल सीवेज से आने वाले कीचड़ को ही ट्रीट कर बायो गैस का उत्पादन करते हैं।

सत्येंद्र जैन ने कहा कि हालांकि, इस प्रकार के कचरे के निस्तारण की जिम्मेदारी एमसीडी की है, लेकिन डीजेबी मौजूदा लैंडफिल साइटों पर बोझ को कम करने और राष्ट्रीय राजाधानी को साफ सुथरा करने के लिए इस पहल की अगुआई करेगा। इसके मद्देनजर सभी बायो-गैस संयंत्रों को अपग्रेड किया जाएगा। डीजेबी के पास वर्तमान में बायोगैस संयंत्रों की क्षमता प्रति दिन लगभग 400 टन की है, जिसमें से 240 एमजीडी काम कर रहे हैं। मंत्री ने अधिकारियों को एक साल के भीतर सभी प्लांट को अपनी पूरी क्षमता पर चलाने के निर्देश दिए। सरकार उन्नत तकनीक का उपयोग करने की योजना बना रही है ताकि सभी प्रकार के कचरे को साफ किया जा सके।

## मनजिंदर सिंह सिरसा भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** शिरोमणि अकाली दल के नेता और दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष मनजिंदर सिंह सिरसा बुधवार को केंद्रीय मंत्रियों धर्मेंद्र प्रधान और गजेंद्र सिंह शेखावत की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हो गए।

आगामी पंजाब विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा के प्रभारी शेखावत ने कहा कि सिरसा को पार्टी में शामिल करने से निश्चित रूप से राज्य में अगले साल की शुरुआत में होने वाले चुनाव में मदद मिलेगी। सिरसा राजधानी में शिरोमणि अकाली दल का एक प्रमुख चेहरा रहे हैं और तीनों विवादास्पद कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के विरोध प्रदर्शन का मजबूती से समर्थन कर रहे थे।

# शालीमार बाग में मां-बेटी को बुरी तरह पीटा

## सीसीटीवी कैमरे में कैद घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के शालीमार बाग इलाके में दो युवतियों सहित चार लोगों के एक समूह ने 38 वर्षीय एक महिला और उसकी बेटी पर कथित रूप से हमला किया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पूरी घटना एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई और सोशल मीडिया पर एक वीडियो फुटेज सामने आया है जिसमें दिखा कि आवासीय कॉलोनी में महिला के कार पार्क करने के बाद उसकी बेटी गाड़ी से निकली तो आरोपी युवतियों ने मारपीट की। जब अपनी बेटी को बचाने के लिए महिला वहां पहुंची तो दो और लोगों ने उनसे मारपीट शुरू दी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनों युवतियों की पहचान नेहा और मेघा के तौर पर हुई। दोनों की उम्र 20-22 साल के आसपास है। पुलिस ने कहा कि आरोपियों को 19 नवंबर को हुई इस घटना के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) से जुड़ी पीड़िता ने अपनी प्राथमिकी में आरोप लगाया कि हमलावरों को आम आदमी पार्टी के एक विधायक और एक अन्य व्यक्ति ने भेजा था। उसने यह भी आरोप लगाया कि आरोपियों ने उसकी सोने की चेन और अंगूठी लूट ली और उससे छेड़छाड़ की।



वायरल वीडियो की फुटेज

# डोर टू डोर अभियान के तहत एक लाख एक हजार 784 लोगों को लगाए टीके



गुरुग्राम में स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक लेते सीएमओ डा. विरेंद्र यादव।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सिविल** सर्जन डा. विरेंद्र यादव ने कहा कि जिला में नवंबर माह में शुरू किए गए डोर टू डोर अभियान के तहत अब तक 1 लाख 1 हजार 784 लोगों का टीकाकरण किया गया है। इस अभियान की सफलता को देखते हुए इसे दिसंबर माह में भी जारी रखने का निर्णय लिया गया है। वे बुधवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में निजी व सरकारी अस्पतालों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

डा. यादव ने वैक्सीनेशन संबंधी आंकड़ा शेयर करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोरोना वेक्सीनेशन को लेकर विशेष रूप से

### अभियान की सफलता को देखते हुए दिसंबर माह में भी जारी रहेगा अभियान

14 प्रात:कालीन व 4 सांयकालीन सत्र लगाए गए थे। प्रात:कालीन सत्र में 1072 तथा सांयकालीन सत्र में 408 लोगों को कोरोनारोधी टीका लगाया गया। उन्होंने कहा कि जिला में आगे भी टीकाकरण अभियान जारी रहेगा और जिन लोगों ने अभी तक कोरोना रोधी वैक्सीन नही लगवाई है उन्हें इसके लिए प्रेरित किया जाएगा। डा. यादव ने कहा कि जिला में अब फेस मास्क ना पहनने वाले लोगों से भी सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे फेसमास्क तथा कोविड प्रोटोकॉल का गंभीरता से पालन करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री अनिज विज द्वारा भी इस बारे में सख्त दिशा-निर्देश दिए गए हैं, जिनकी पालना में अब जिला प्रशासन द्वारा चैकिंग अभियान तेज किया जाएगा। कोरोना के नए वेरिएंट को फैलने से रोकने के लिए कोविड अप्रोप्रिएट बिहेवियर की पालना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि फेसमास्क कोरोना संक्रमण रोकने में उतना ही प्रभावी है जितना वैक्सीन। उन्होंने कहा कि जिला में जिन लोगों ने अभी तक अपना वैक्सीनेशन नहीं करवाया है, वे जल्द से जल्द अपना वैक्सीनेशन करवाना सुनिश्चित करें।

### करीब 90 प्रतिशत लोगों को लगी कोरोनारोधी दोनों डोज

**जिले** में कोरोनारोधी वैक्सीन की दोनों डोज में लगभग 90 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। जिला में इतनी बड़ी जनसंख्या होने के बावजूद लगभग 90 प्रतिशत लोगों को कोरोनारोधी वैक्सीन की दोनों डोज लग चुकी है। सीएमओ डा. विरेंद्र यादव ने बताया कि जिला में पहली डोज 126 प्रतिशत लोगों तथा दूसरी डोज लगभग 90 प्रतिशत जनसंख्या को लग चुकी है।

उन्होंने निजी अस्पताओं को दिसंबर माह में वैक्सीनेशन के दो मैगा ड्राईव लगाने के निर्देश दिए, ताकि वैक्सीनेशन कार्य को रफ्तार मिल सके। इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डा. एमपी सिंह, जिला सर्विलांस अधिकारी डा. जयप्रकाश राजलीवाल व डा. अनुज सहित कई वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

# चालक व कंपनी मालिक के बीच लेनदेन के चलते दिया लूट की वारदात को अंजाम, ट्रक बरामद

कैलाश मंगला। होडल

**होडल** थाना पुलिस ने देर रात नेशनल हाइवे करमन बॉर्डर के निकट एक ट्रक चालक को हथियार के दम पर बंधक बनाने व दवाइयों से भरे ट्रक को लूटकर ले जाने के मामले में चौबीस घंटे के अंदर ट्रक बरामद कर लिया है। पुलिस मामले में लिप्त आरोपियों की तलाश में जुटी है। बताया जाता है कि ट्रक के पुराने चालक और कंपनी मालिक के बीच रुपये के लेनदेन के चलते लूट की वारदात को अंजाम दिया था।

होडल थाना प्रभारी अनूप सिंह ने गांव गडवा तहसील तिजारा जिला अलीगढ़ निवासी सब्बीर ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि कर्नाटक रोड लाइंस कंपनी के ट्रक पर चालक हूं। मेरे साथ गाड़ी में दूसरा चालक तारीफ भी मौजूद था। उसने बताया कि वह गाड़ी में दवाइयां लेकर हापुड से गोवा के लिए निकला था। वह करमन बार्डर से पहले एक खोखे पर चाय पीने के लिए रुका। चालक ने बताया कि तभी एक सिफ्ट गाड़ी उनके ट्रक के पास आकर रुकी और उसमें से गांव रूपडाका हथीन निवासी



पुलिस द्वारा बरामद किया दवाइयों से भरा लूटा हुआ ट्रक।

हासीम, कासीम, इकबाल, खुर्शीद, शहीद, अजरू हथियारों से लैस होकर उतरे। उसने शिकायत में बताया कि उन्होंने हम दोनों के साथ मारपीट की और दोनों को बंधक बनाकर अपनी सिफ्ट गाड़ी में डाल लिया और उनमें से दो लोग दवाइयों से भरे ट्रक को लेकर फरार हो गए। उसने बताया कि उन्होंने हमें गांव उटावड़ के पास गाड़ी से नीचे उतार दिया। चालक ने बताया कि हमने आसपास के लोगों से मोबाइल लेकर पुलिस और कंपनी मालिक को इसकी सूचना दी। थाना प्रभारी ने बताया कि जब पीड़ित की शिकायत पर मामले की छानबीन की गई तो पता चला कि गांव रूपडाका निवासी ट्रक के पुराने चालक और कंपनी मालिक के बीच रुपयों का कुछ लेनदेन चल रहा था।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेड लाईसेंस नहीं होने पर 42 प्रतिष्ठानों पर गिरी सीलिंग की गाज



ट्रेड लाइसेंस नहीं होने पर यूनिसैक्स सैलून को सील करते निगमकर्मी।

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम की सीमा में स्थित व्यापारिक प्रतिष्ठानों को हरियाणा नगर निगम अधिनियम-1994 में वर्णित धाराओं के तहत ट्रेड लाईसेंस लेना अनिवार्य है। बिना ट्रेड लाईसेंस प्राप्त किए व्यापारिक प्रतिष्ठानों को नगर निगम गुरुग्राम द्वारा सील करने की कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को जोन-4 क्षेत्र में 42 प्रतिष्ठानों पर सीलिंग की गाज गिरी। जिन्हें सील किया गया है, उनमें साऊथ सिटी-2 स्थित आरकेडिया, सैक्टर-50 स्थित गुडअर्थ मॉल, सेक्टर-49 स्थित सफायर मॉल, इरोज मॉल, सेक्टर-48 स्थित जेएमडी ग्लेरिया, सेक्टर-69 स्थित स्पेज कॉरपोरेट पार्क एवं तुलिप लैमन मार्केट, सेक्टर-49 स्थित यूनिटेक आरकेडिया, रहेजा मॉल आदि में स्थित व्यापारिक प्रतिष्ठान शामिल हैं। जोन-4 क्षेत्र में जिन व्यापारिक प्रतिष्ठानों को सील किया गया है, उनमें सुगरलिसियस बैकरी, डिचैन, डीजे पिज्जा पास्ता, लुक्स सेलून, विक्टर क्रॉफ्ट एंड टैक्सचर, गेट सेट सेलून, रिपब्लिक ऑफ चिकन, मन्नत ड्राई फूड्स, चाट वाट, स्टेयर्स लांड्री, दा केक स्टोरी, च्वाईस कबाब एवं करी, अरोमा लग्जरी स्पा, बुद्धा स्पा, मोमो मैगी कैफे, लोटस स्पा, पैराडाईज स्पा, दा ऊर्जा स्पा, एल्मवुड स्पा, गीतांजली स्टूडियो, ग्रीन चिक शॉप, जियानी आईसक्रीम, सम्राट बेकरी सहित कई अन्य प्रतिष्ठान शामिल हैं।

### विवाहिता तीन वर्षीय बेटा संग संदिग्ध हालत में लापता

**सोहना।** मामूली कहासुनी पर पत्नी तीन वर्षीय बेटे को लेकर संदिग्ध हालत में लापता हो गई। पीड़ित पति ने भोंडसी थाना में पत्नी के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। गांव गढ़ी बाजीदपुर निवास जितेन्द्र कुमार पुत्र महेन्द्र सिंह ने 28 नवंबर को पत्नी के संदिग्ध हालत में घर से लापता होने की शिकायत भोंडसी थाना में दर्ज कराई है। जितेन्द्र कुमार ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी चचंल से कुछ दिन पहले मामूली बात को लेकर तू तड़ाक हो गई थी। उसकी पत्नी साथ में तीन वर्षीय बेटे को लेकर गई है। भोंडसी पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद लापता महिला और उसके बेटे की तलाश शुरू कर दी है।

### पुलिस ने शराब बेचने वाले को दबोचा

**सोहना।** सिटी थाना पुलिस ने शहर की पहाड़ कॉलोनी में परचून की दुकान के पास सरेआम अवैध शराब बेचने वाले को दबोचकर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मंगलवार की शाम को सिटी थाना पुलिस को गश्त के दौरान सूचना मिली कि पहाड़ कॉलोनी में उत्तर प्रदेश का मूलनिवासी शेखर परचून की दुकान के पास प्लास्टिक का कट्टा लेकर बैठा है। जिसमें शेखर ने अवैध शराब भरी हुई है। एएसआई महाबीर ने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच शेखर को दबोच लिया। तलाशी के दौरान प्लास्टिक के कट्टे में से 13 अध्धा, 18 पव्वे देशी शराब के, 7 पव्वे अंग्रेजी की शराब और पांच बीयर की बोतल बरामद की। एएसआई महाबीर ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जिसे बाद में कच्ची जमानत पर छोड़ दिया है।

### मुख्यमंत्री परिवार उत्थान मेला रद्द

**सोहना।** सोहना के देवीलाल खेल स्टेडियम में 3-4 दिसम्बर को लगने वाला मुख्यमंत्री परिवार उत्थान मेला कुछ समय के लिए टाल दिया गया है। जिसकी नई तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी। नगरपरिषद के सचिव समयपाल ने बताया कि शनिवार और रविवार को देवीलाल खेल स्टेडियम मुख्यमंत्री परिवार उत्थान मेले को किन्ही कारणवश रद्द कर दिया है। सचिव ने बताया यह आदेश उच्चाधिकारियों से प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल समस्त राज्य में एक ही दिन मेला लगाना चाहते हैं। जिसके लिए नई तिथि निरधारित की जाएगी।

### अबैध हथियार सहित एक गिरफ्तार

**होडल।** होडल सीआइए पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर हसनपुर चौक से अबैध कट्टा सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया है। होडल सीआइए प्रभारी जंगशेर ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि एक युवक नेशनल हाइवे हसनपुर चौक के निकट अबैध हथियार सहित घूम रहा है। उन्होंने बताया कि सीआइए की एक टीम हसनपुर चौक पर युवक की तलाश शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि पुलिस को देख युवक दबे पैर भागने का प्रयास करने लगा। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उसे तलाशी के लिए रोक लिया। पुलिस ने जब आरोपी की तलाशी ली तो उसके पास से देशी कट्टा मिला। पुलिस द्वारा पूछने पर आरोपी ने अपना नाम गांव बंचारी निवासी जगबीर बताया। प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

### खेलो इंडिया यूथ गेम्स के तहत 19-20 दिसंबर को होंगे ट्रायल

**गुरुग्राम।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2021 का आयोजन हरियाणा में 5 से 15 फरवरी 2022 तक 25 खेलों में करवाया जा रहा है। इन खेलों में अंडर 18 वर्ष के वे लड़के व लड़कियां, जिनका जन्म एक जनवरी 2003 के बाद हुआ हो भाग ले सकते हैं। जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी राज यादव ने बताया कि रोहतक के सेक्टर-6 स्थित राजीव गांधी खेल परिसर में कब्बड्डी, हिसार के महावीर स्टेडियम में खो-खो व हैंडबॉल, करनाल स्थित कर्ण स्टेडियम में वॉलीवाल व फुटबाल, कुरुक्षेत्र के शाहबाद स्थित मार्कण्डेश्वर हॉकी स्टेडियम में हॉकी व कैथल के सेक्टर-21 स्टेडियम में बास्केटबॉल के ट्रायल लिए जाएंगे। उपरोक्त सभी स्थानों पर लड़कियों के लिए 19 दिसंबर व लड़कों के लिए 20 दिसंबर की तिथि निर्धारित की गई है।

# धनखड़ ने ली भाजपा आईटी एवं सोशल मीडिया टीम की क्लास



गुरुग्राम भाजपा कार्यालय में भाजपा आईटी एवं सोशल मीडिया टीम की मीटिंग लेते प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने बुधवार को गुरुग्राम में प्रदेश की आईटी एवं सोशल मीडिया टीम की क्लास ली। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-48 किनारे सिग्नेचर टावर के पास स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में प्रदेश की सोशल मीडिया टीम, सभी 22 जिलों, सभी मोर्चों और सभी मॉडलों के आईटी एव सोशल मीडिया संयोजकों व सह संयोजकों को उन्होंने सीख दी।

ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि टीम के हर सदस्य के पास तकनीकी ज्ञान और सही शब्दों के चयन की कला होनी चाहिए। यहां उन्होंने सोशल मीडिया टीम को लगभग आधा दजर्न टारगेट्स दिए और दूसरे राज्यों के लिए उदाहरण बनने की बात कहते हुए बाकी शेर, हरियाणवी सवा शेरका स्लोगन दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा की हर अच्छी और सकारात्मक बात को इस स्लोगन से प्रस्तुत करें। श्री धनखड़ ने माईक संभालते ही कहा कि हमारी टीम सबसे अच्छी है, लेकिन हमें और भी अच्छा करना है। इतना अच्छा करना है कि एक दिन मोदी जी स्वयं फोन करके हरियाणा की सोशल मीडिया

### अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ बोले, तकनीकी ज्ञान और सही शब्दों चयन जरूरी

टीम की पीठ थपथपाएं। उन्होंने कहा कि हमारी भाषा किसी वर्ग के खिलाफ नहीं होनी चाहिए और ना ही माननीय लोगों के लिए हल्के शब्दों का प्रयोग होना चाहिए। भाजपा का हर कार्यकर्ता सदा सजग रहता है और संयम से काम करता रहा है। भविष्य में भी सोशल मीडिया और मीडिया टीम के सदस्य को ऐसी कोई बातें नहीं बोलनी चाहिए कि वो बैक फायर करे।

धनखड़ ने सबको मिलकर काम करने की नसीहत देते हुए कहा कि टीम वर्क से सफलता मिलने की संभावना ज्यादा होती है और काम भी बेहतर होता है। इसलिए सोशल मीडिया टीम के प्रदेश के पदाधिकारी जिलों के पदाधिकारियों से और जिला पदाधिकारी मंडल के पदाधिकारियों से रोजाना बात करें तथा अच्छा काम करने वाले कार्यकर्ताओं की पहचान कर उन्हें आगे लाएं। उन्होंने कहा कि समन्वय अच्छा होगा तो हम नरेटिव सेट करने में कामयाब होंगे।

### पर्यावरण चेतना साइकिल यात्रा-2022 का पंजीकरण फार्म किया लांच

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त मुकेश कुमार आहुजा ने बुधवार को पर्यावरण चेतना साइकिल यात्रा-2022 के गूगल पंजीकरण फार्म लांच किया। निगमायुक्त स्वयं पहले व्यक्ति के रूप में यात्रा के लिए पंजीकृत हुए। यह साइकिल यात्रा 23 जनवरी को पर्यावरण संरक्षण गतिविधि गुरुग्राम द्वारा आयोजित की जाएगी। इस मौके पर निगमायुक्त ने यात्रा के उद्देश्य के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि चेतना साइकिल यात्रा के माध्यम से नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसमें विशेष रूप से चार गतिविधियों को शामिल किया गया है।

# असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिक जल्द बनवाएं श्रम कार्ड

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सिलोखरा** स्थित हरियाणा ऑटो चालक संघ सम्बन्धित भारतीय मजदूर संघ के कार्यालय में ऑटो चालकों एवं असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के लिए जिला श्रम विभाग की ओर से श्रम कार्ड बनवाने के लिए कैम्प का आयोजन किया गया।

हरियाणा सरकार की असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए बनाई प्रदेश स्तर की मोनिटिरिंग कमेटी के सदस्य योगेश शर्मा श्रमिकों को कार्ड सौंपकर उनका उत्साहवर्धन किया। आटो यूनियन के नेता योगेश शर्मा ने बताया कि ने बताया कि हरियाणा सरकार एवं केन्द्र सरकार की बहुत दूर गामी सोच



गुरुग्राम के सिलोखरा में हो रहा आटो चालकों के श्रम कार्ड बनाने का काम।

का ही परिणाम है। उन्होंने कहा कि जब देश में कोरोना महामारी के कारण लॉकडाउन लगा तो केन्द्र सरकार भी और प्रदेश सरकार भी सभी श्रमिकों को आर्थिक लाभ पहुंचाना चाहते थे, लेकिन सभी का डाटा सरकार के पास नही होने के कारण बहुत से श्रमिक सरकारी योजनाओं से बंचित रह गए। योगेश शर्मा ने कहा कि सरकार ने भविष्य की तैयारी के चलते असंगठित क्षेत्र के रमिको के लिए यह श्रम कार्ड की योजना लागू की है, जिसमें प्रत्येक श्रमिक को दो लाख रुपयों का जीवन बीमा निशुल्क दिया जा रहा है।

# वन विभाग ने एसडीएम को बिना पेड़ काटे सड़क निर्माण की शिकायत की

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**वन** विभाग ने एसडीएम को शिकायत करते हुए एलिवेटेड मार्ग का निर्माण कर रही एचजी इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ठेकेदार के खिलाफ बिना पेड़ काटे सड़क का निर्माण करने का आरोप लगाया है। वन विभाग ने एचजी इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड़ कंपनी को पत्र लिखकर पेड़ों की कटाई न करने की अनुमति के बिना काटने का कारण पत्र लिखकर पूछा है। जिसका तीन दिन में वन विभाग ने कंपनी से जवाब मांगा है।

मालूम रहे कि एचजी इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के ठेकेदार ने गुरुग्राम-सोहना के बीच निर्माणाधीन एलिवेटेड मार्ग की शुरुआत में शहर के दमदमा मोड पर पेड़ों की कटाई



सोहना में एलिवेटेड मार्ग के बीच में आ रहा पेड़।

किए बिना सड़क का निर्माण कर दिया। सड़क के बीच में आ रहे पेड़ों से लोगों की जान जाने का खतरा बना हुआ है। हादसा टालने के उद्देश्य से वन विभाग ने एसडीएम जितेन्द्र कुमार गर्ग को पत्र लिखकर एचजी इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के ठेकेदार द्वारा बरती गई लापरवाही के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। ताकि सड़क के बीच में आ रहे पेड़ों की कटाई कराई जाए। ठेकेदार द्वारा पेड़ों की कटाई कराने के लिए नियमानुसार लिखित में वन विभाग से अनुमति ले। पूर्व में ली गई अनुमति नियम के विरुद्ध होने के कारण मंजूर नहीं हो सकी।

**बिना अनुमति काटे गए पेड़ों की जांच** : वन विभाग के सूत्रों के अनुसार ठेकेदार ने दर्जनभर सड़क निर्माण में बांधा बने छोटे पेड़ों को कटवाया है। जिनकी वन विभाग द्वारा पड़ताल की जा रही है। ताकि ठेकेदार पर बिना अनुमति के काटे गए पेड़ों का जुर्माना वसूला जा सके।

### क्या कहते हैं वन विभाग अधिकारी

**वन** विभाग के स्थानीय रेंज अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि एलिवेटेड मार्ग का निर्माण कर रही एचजी इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को बिना पेड़ काटे सड़क निर्माण करने का कारण जानने के लिए पत्र लिखा है। इसकी शिकायत एसडीएम को भी की गई है।

# प्रसिद्ध हेयर एक्सपर्ट ब्रांड सेंट बोटानिका ने करीना कपूर खान को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**सबसे** प्रसिद्ध हेयर एक्सपर्ट ब्रांड सेंट बोटानिका ने बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान को अपना ब्रांड एंबेसडर चुना है। हेयर केयर कैटेगरी में ब्रांड के बढ़ते फोकस के कारण यह नया कदम उठाया है। पिछले 5 वर्षों में चंडीगढ़ में स्थित, ब्रांड ने भारत में 10000+ से अधिक पिनकोड तक अपने ब्रांड को पहुंचाया है। हेयरकेयर उद्योग भारत में 3 बिलियन का उद्योग बन चुका है। उच्च क्वालिटी वाले अच्छे हेयर केयर उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है। सेंट बोटानिका प्राकृतिक और जैविक अवयवों से यह उत्पाद काफी रिसर्च के साथ बना है।

इस उत्पाद की खासयित है कि परिरक्षकों, परबेन्स, खनिज तेल, सिंथेटिक रंग, इत्र आदि से दूर है। यह शाकाहारी और क्रूरता मुक्त उत्पादों की एक श्रृंखला है और पेटा प्रमाणित है, जो उन उपभोक्ताओं के लिए आदर्श है और अपने ग्राहकों के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझती है। ग्राहकों की नई पीढ़ी के लिए हेयर केयर ब्रांड ने प्रकृति के साथ विज्ञान को भी महत्व दिया है। सेंट बोटानिका करीना कपूर खान के साथ अपनी यात्रा में अगला कदम उठा रही है क्योंकि उनका चेहरा इस ब्रांड के लिए काफी मायने रखता है। वर्ष 2015 में स्थापित, सेंट बोटानिका प्रीमियम बालों, त्वचा की




देखभाल और कल्याण उत्पादों की एक सावधानीपूर्वक क्यूरेटेड रेंज प्रदान करता है। ब्रांड विज्ञान की शक्ति का उपयोग करके प्रकृति और प्राकृतिक वनस्पति विज्ञान से सर्वश्रेष्ठ निकालने के लिए बालों की देखभाल की कला को पूर्ण करने में विश्वास करता है। सभी उत्पाद बायोटिन, रेटिनॉल, कोलेजन आदि जैसे बायो एक्टिव्स से समृद्ध हैं। यह प्राकृतिक अवयवों में पाए जाने वाले सबसे शक्तिशाली अणु हैं, जो आपको वांछित परिणाम देने के लिए फॉर्मूलेशन को प्रभावी बनाने के लिए उपयोग होते है। व्यक्तिगत देखभाल के क्षेत्र में ब्रांडों की अधिकता के साथ, ब्रांड का उद्देश्य समझदार भारतीय उपभोक्ता के लिए प्राकृतिक जड़ें रखते हुए नेचुरल उत्पादों पर ध्यान देना है। अप्रतिम मजूमदार, सीएमओ, सेंट बोटानिका कहते हैं हम करीना कपूर खान को अपने ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल करने के लिए बहुत उत्साहित हैं! वह न केवल एक सुपरस्टार हैं, बल्कि सुंदरता के पारखी के रूप में भी जानी जाती हैं। सेंट बोटानिका बालों के ठोस परिणामों के बारे में है और हम उसके बोर्ड में आने से बहुत अधिक लोगों तक पहुंचने में सक्षम होंगे। अभिनेत्री और ब्रांड एंबेसडर, सेंट बोटानिका, करीना कपूर खान ने टिप्पणी की, मैं सेंट बोटानिका का चेहरा बनकर रोमांचित हूं, एक ब्रांड जो प्रकृति और प्राकृतिक वनस्पति विज्ञान से सर्वश्रेष्ठ उत्पाद बना रहा है। मैं हमेशा अपने बालों के लिए उपयोग किए जाने वाले उत्पादों और सेंट बोटानिका जैसे उत्पादों को पसंद करती हूं। इससे आपके बालों की देखभाल एक बेहतर फॉर्मूलेशन और बायो एक्टिव्स के साथ पूरी होती है। इससे एक बेहतर उत्पाद के साथ गहरा विश्वास भी ग्राहक को मिलता है।

**सेंट बोटानिका के बारे में:** सेंट बोटानिका प्रीमियम बालों, त्वचा की देखभाल और वेलनेस उत्पादों की सावधानीपूर्वक क्यूरेटेड रेंज प्रदान करता है। ब्रांड प्रकृति और प्राकृतिक वनस्पति विज्ञान से सर्वश्रेष्ठ निकालने के लिए विज्ञान की शक्ति का उपयोग करके बालों और त्वचा की देखभाल की कला को पूर्ण करने में विश्वास करता है।

# कैनविन के तीसरे सेवा पॉलीक्लीनिक का उद्घाटन आज

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम की सेहत को सुधारने में जुटे कैनविन फाउंडेशन ने जन सेवा में एक और कदम बढ़ाया है। फाउंडेशन की ओर से शहर में तीसरा सेवा पॉलीक्लीनिक शुरू किया जा रहा है। इसका विधिवत शुभारंभ गुरुवार दो दिसम्बर को सायं 4 बजे होगा। मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ शिरकत करेंगे। यह पॉलीक्लीनिक राजेंद्रा पार्क में केके पैलेस में बनाया गया है।

कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल एवं सह-संस्थापक नवीन गोयल ने बताया कि दो दिसम्बर को उनकी माता स्वर्गीय श्रीमती अंगूरी देवी की तीसरी पुण्यतिथि है। उनकी माता का कैंसर बीमारी के कारण निधन हुआ था। वे चाहते हैं कि बीमारी का सही उपचार ना होने के कारण किसी की जान ना जाए। इसी को लेकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने को उन्होंने चुना है। कैनविन फाउंडेशन की ओर से साईं मेहर माता चंदो देवी हेल्थकेयर एजुकेशन फाउंडेशन के सानिध्य में यह तीसरा कैनविन सेवा पॉलीक्लीनिक शुरू किया जा रहा है। इससे पूर्व एक सेवा पॉलीक्लीनिक न्यू कालोनी स्थित गीता



डा. डीपी गोयल। नवीन गोयल।

भवन में और पहला पॉलीक्लीनिक कैनविन फाउंडेशन के सेक्टर-38 स्थित कैनविन फाउंडेशन के कार्यालय में चल रहा है। क्लीनिक में अनुभवी चिकित्सकों से परामर्श के अलावा फिजियोथैरेपी सेंटर और लैब कलेक्शन सेंटर एवं डायगनोस्टिक सेंटर स्थापित किया गया है। यहां मात्र 100 रुपये में चिकित्सकों से परामर्श की सुविधा के साथ 100 रुपये में ही फिजियोथैरेपी की सुविधा मिलेगी।

डॉ. डीपी गोयल ने कहा कि गुरुग्राम की सेहत को दुरुस्त रखना उनका सपना है। इसमें काफी कामयाबी इन सेवा पॉलीक्लीनिक के माध्यम से मिल रही है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक यहां चिकित्सा सेवाएं दी जा रही हैं। नवीन गोयल ने कहा कि गुरुग्राम में खराब पर्यावरण, वातावरण को देखते हुए यहां चिकित्सा सेवाओं में इजाफा बहुत जरूरी है।

# गुरुग्राम के निजी अस्पतालों को अंतरराष्ट्रीय यात्रियों का डाटा अपडेट करने के निर्देश

### कोरोना के नए वेरिएंट को लेकर गंभीरता से काम करने के आदेश

### जिले में लगभग 90 प्रतिशत लोगों को लगी दोनों डोज

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**कोरोना** के नए वेरिएंट को फैलने से रोकने और सरकार द्वारा दिशा-निर्देशों के पालन को लेकर गुरुग्राम का स्वास्थ्य विभाग सक्रिय हो गया है। जिले के सभी निजी और सरकारी अस्पतालों को निर्देश दिए हैं कि वे इस मामले में किसी तरह की लापरवाही न करें। निजी अस्पतालों को कहा गया है कि वे अंतरराष्ट्रीय यात्रियों का डाटा अपडेट करें। सिविल सर्जन कार्यालय में पूरा डाटा पहुंचाएं, ताकि इन नए संक्रमण से बचा जा सकें।

गुरुग्राम के सिविल सर्जन डॉ. विरेंद्र यादव ने स्पष्ट कहा है कि इस मामले में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसलिए अस्पताल प्रबंधन अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए समय रहते आवश्यक इंतजाम पूरे कर लें। डा. विरेंद्र यादव ने कहा कि कोरोना संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए सरकार द्वारा गंभीरता से प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि भविष्य में स्थिति अनियंत्रित ना हो और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं दी जा सके। बैठक में उन्होंने सरकारी व निजी अस्पतालों से आए प्रतिनिधियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने यहां भर्ती प्रत्येक इंटरनेशनल ट्रैवलर के बारे में सूचना सप्ताह में दो बार सिविल सर्जन कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें।

### बेड की उपलब्धता संबंधी जानकारी भी करें अपडेट

**सीएमओ** ने निजी अस्पताल प्रबंधन को निर्देश देते हुए कहा कि वे अस्पताल परिसर में विभिन्न स्थानों पर सिटीजन चार्टर लगाना सुनिश्चित करें। इसमें एनएचआरसी की गाईडलाईंस के अनुसार नागरिकों के अधिकार, ग्रीवेंस रिड्रेसल, टेस्टिंग रेट, कोविड ट्रीटमेंट तथा रेफरल मैकेनिजम संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी शामिल हैं। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश देते हुए कहा कि वे व्यर्थ में कोरोना की टेस्टिंग करवाने से बचें और अनावश्यक रूप से बार-बार व्यक्ति की टेस्टिंग ना करवाएं।

### यात्रियों का एयरपोर्ट पर आरटीपीसीआर अनिवार्य

**उन्होंने** स्पष्ट कहा कि इंटरनेशनल ट्रेवलर्स का पहले दिन एयरपोर्ट पर तथा 8वें दिन आरटीपीसीआर टेस्ट अनिवार्य है। डा. यादव ने कहा कि सभी अस्पताल अपने यहां बैडो की उपलब्धता संबंधी जानकारी अगले 48 घंटों के भीतर निर्धारित वेबसाईट पर अपडेट करने के निर्देश दिए। इनमें आईसीयू बेड, वेंटिलेटर तथा ऑक्सीजन बेड की जानकारी, पिडियाट्रिक बेड, ऑक्सीजन की उपलब्धता सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी शामिल हैं। इसके अलावा सिविल सर्जन ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि अस्पताल प्रबंधन कोरोना संदिग्ध मरीजों का पता मोबाइल नंबर सहित ठीक प्रकार से मेन्टेन करें। पता गलत होने की स्थिति में कोरोना संक्रमित व्यक्ति समाज के लिए बड़ा खतरा बनता है।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 2 दिसंबर, 2021



# 130 गर्भवती महिलाएं पाई गई एचआईवी पॉजिटिव

**कविता।** फरीदाबाद



एचआईवी जांच केन्द्र के बाहर खड़े लोग।

**स्वास्थ्य** विभाग के लाख प्रयासों के बावजूद ज्यादातर लोग जानलेवा बीमारी एचआईवी के प्रति जागरूक नही हो रहे हैं। पिछले 13 सालों में ऐसे ही 130 मामले सामने आए हैं, जिनमें गर्भावस्था के दौरान की गई जांच में महिलाओं को एचआईवी से ग्रस्त पाया गया। काउंसलिंग से पता चला कि महिलाएं अपने पति की लापरवाही से एचआईवी ग्रस्त हुई हैं।

जानकारी के मुताबिक एनआईटी निवासी एक 25 वर्षीय गर्भवती महिला करीब एक महीने पहले बीके अस्पताल में जांच के लिए आई थी।

डाक्टरों की सलाह पर जांच कराने पर पता चला गर्भवती एचआईवी ग्रस्त है। पति को बुलाकर जांच की तो वह भी एचआईवी ग्रस्त पाया गया। काउंसलिंग करने पर पता चला कि महिला पति की वजह से एचआईवी की चपेट में आई है।

## अधिकारी का कथन

**जिला** डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. शीला भगत ने बताया कि अधिकतर गर्भवती महिलाएं अपने पति की लापरवाही के कारण एचआईवी की चपेट में आई हैं। उन्होंने बताया कि कम उम्र में शादी के बाद मां बनना और फिर एचआईवी से ग्रस्त पाया जाना काफी गंभीर मामला है। बीते 13 सालों के आंकड़े देखे तो अब तक 130 गर्भवती महिलाएं एचआईवी की चपेट में आई हैं।

## एचआईवी ग्रस्त महिलाओं का आंकड़ा

| वर्ष | गर्भवती महिलाएं |
|---|---|
| 2009 | 09 |
| 2010 | 05 |
| 2011 | 06 |
| 2012 | 07 |
| 2013 | 06 |
| 2014 | 11 |
| 2015 | 06 |
| 2016 | 11 |
| 2017 | 13 |
| 2018 | 16 |
| 2019 | 15 |
| 2020 | 9 |
| 2021 नवंबर माह तक | 16 |

## डार्लिंग फ्रंटलाइन क्लब ने 33 रन से जीता मैच

**फरीदाबाद।** 7वां ऑल इंडिया रविंद्र फागना यूथ कप क्रिकेट टूर्नामेंट मैच में डार्लिंग फ्रंटलाइन क्लब और वाईएसए शाहाबाद के बीच खेला गया। बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि वाईएसए शाहाबाद ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। डार्लिंग फ्रंटलाइन क्लब टीम ने 39.2 ओवर में 10 विकेट पर 204 रन बनाए टीम की और बल्लेबाजी करते हुए पुनीश मेहता ने 66 रन, सूरज सिंह ने 32 रन। धर्मवीर ने 5 विकेट ली। लक्ष्य का पीछा करते हुए वाईएसए शाहाबाद ने 35.4 ओवर में 10 विकेट में 171 रन ही बना सकी।

# सरकारी जमीनों से कब्जे और बाजारों में अतिक्रमण हटाने की बनाई रणनीति

### सड़क का किराये वसूलने वाले दुकानों की वीडियोग्राफी कर कार्रवाई के आदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



नगर निगम के अधिकरियों की बैठक को संबोधित करते निगमायुक्त यशपाल यादव।

**निगमायुक्त** यशपाल यादव ने एनआईटी नगर निगम के कान्फ्रेंस हाल में शहर को पानी सड़क और स्वच्छ वातावरण देने तथा अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर निगम अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में निगमायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि शहर को पानी-स्ट्रीट लाईट-साफ-सुथरी सड़कें स्वच्छ वातावरण तथा सरकारी जमीनों तथा बाजारों से अतिक्रमण मुक्त करना हमारी पहली प्राथमिकता है।

बैठक में अतिरिक्त आयुक्त के अलावा सभी संयुक्त आयुक्त, मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, कार्यकारी अभियंता, सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता उपस्थित थे। बैठक में निगमायुक्त ने अधिकारियों को कहा कि शहर के मास्टर प्लान के हिसाब से साफ-सुथरी चौड़ी सड़कें होनी चाहिए। सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। जो दुकानदार दुकान के आगे रेहड़ी लगवाकर सरकारी जमीन का किराया ले रहे हैं, उनको तीन दिन का नोटिस देकर उनकी वीडियो बनाओ। यदि उसके बाद भी दुकानदार नहीं मानते है तो उनकी दुकानों को सील करने की कार्रवाई की जाए।

दिसंबर माह के बाद जनवरी में जब सभी निगम अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा होगी तो जिस भी जेई के वार्ड में अतिक्रमण दिखेगा उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। निगमायुक्त ने सख्त निर्देश दिए कि वायु प्रदूषण को देखते हुए जिन दुकानदारों ने जनरेटर लगा रखे, कुछ होटल वालों ने भट्टिया तथा तंदूर लगा रखे है, सबको तीन दिन का समय दो और यदि फिर भी यह नहीं मानते तो उनके खिलाफ कार्रवाई करों और चालान काटों। निगमायुक्त ने कहा कि निगम के जेई की जिम्मेदारी है कि मौके पर जाकर निर्माण कार्य को देखे कि वह नकशे के अनुरूप बना रहा है या नहीं। अगर नक्शा पास नहीं है और निर्माणकर्ता निगम को कम्पाउंड कराने की फीस देता है तो ठीक है और अगर कम्पाउंड फीस नहीं देता तो इमारत को सील कर दो या फिर तोड़ दो। निगमायुक्त ने निगम क्षेत्र में जितने भी ट्यूबवेल ऑपरेटर की जांच करने के निर्देश दिए। ताकि यह पता चल सके कि ट्यूबवेलों पर निगम के कर्मचारी हैं या नहीं। सरकार द्वारा कर्मचारियों को जो मकान किराया भत्ता मिलता है। उसकी जांच करने और जो सरकारी मकान में रह रहे हैं उनके भत्ते काटने के भी निर्देश दिए।

कार मार्केट में जिनकी कारें डम्प पड़ी हुई है और कई सालों से खराब पड़ी हुई है जिनकी वजह से दोनों तरफ सड़कों पर अतिक्रमण हो रखा है उनको सड़कों से हटाने के आदेश दिये और अगर दुकानदार खुद नही हटाते तो कबाड़ी बुलाकर बेचने के आदेश दिये।

निगमायुक्त ने मीटिंग में निगम अधिकारियों को साफ तौर से कहा कि शहर में जितने भी पानी और सीवर के अवैध कनैक्शन चल रहे है उनको काटा जाए और अवैध कनेक्शन धारकों को पानी और सीवर के कनेक्शनों को वैध कराने के लिए भी कहा। सभी काम एक महीने में करने के आदेश दिये गए हैं।

## कागज उद्योग ने पल्पवुड के लिए कम उपजाऊ जमीन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया



**फरीदाबाद।** भारत में वुड फाइबर की कमी है और ऐसे में कागज की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए घरेलू कागज उद्योग के समक्ष कच्चे माल की कमी बड़ी समस्या है। वित्त मंत्रालय के समक्ष अपनी बजट पूर्व मांग में इंडियन पेपर मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन (इपमा) ने यह बात कही है।

इपमा ने बताया कि बढ़ती अर्थव्यवस्था एवं शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे विकास के साथ-साथ सरकार की तरफ से सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग को कम करने के प्रयासों से पर्यावरण के अनुकूल माने जाने वाले पेपर एवं पेपरबोर्ड की मांग बढ़ी है। संगठित कागज उद्योग ने पिछले कुछ वर्षों में 25,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है, लेकिन कच्चे माल की कमी बड़ी बाधा बनी हुई है। कागज के लिए पल्पवुड अहम कच्चा माल है। भारत के कागज उद्योग को सालाना करीब 1.1 करोड़ टन वुड की जरूरत है, जबकि घरेलू स्तर पर उपलब्धता 90 लाख टन की है। मौजूदा विकास दर को देखते हुए उद्योग की मांग 2024-25 तक बढ़कर 1.5 करोड़ टन होने का अनुमान है। इपमा के प्रेसिडेंट एएस मेहता ने कहा, 'हम चाहते हैं कि पल्पवुड प्लांटेशन के लिए कम उपजाऊ जमीन उपलब्ध कराने के उद्योग के प्रस्ताव पर सरकार गंभीरता से विचार करे। ऐसी जमीन पर कागज उद्योग द्वारा पल्पवुड के प्लांटेशन से देश को ग्रीन कवर बढ़ाने में भी मदद मिलेगी और साथ ही भारत कागज मैन्यूफैक्चरिंग में अग्रणी भी बन सकेगा। यह हर तरह से फायदेमंद है, क्योंकि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से बचने के साथ-साथ विशेषतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन भी होगा।'

कागज उद्योग ने कृषि समुदाय के साथ मजबूत संबंध स्थापित किए हैं। कागज उद्योग के प्रयासों के कारण एग्रो फॉरेस्ट्री के तहत करीब 12 लाख हेक्टेयर जमीन पर प्लांटेशन हुआ है। भारत का कागज उद्योग वुड-पॉजिटिव है, यानी जितने पेड़ काटे जाते हैं, उससे ज्यादा लगाए जाते हैं। इपमा ने टेक्नोलॉजी उन्नत करने की दिशा में सरकार के सहयोग की अपनी मांग पर भी जोर दिया। इपमा के महासचिव रोहित पंडित ने कहा, 'मौजूदा आर्थिक परिदृश्य में, जबकि कच्चा माल, ईंधन और ऊर्जा लागत बढ़ी हुई है, ऐसे में टेक्नोलॉजी मॉडर्नाइजेशन असिस्टेंस स्कीम बेहद अहम है।'

## वोल्केन सॉफ्टवेयर ने क्लाउड-नेटिव और सेल्फ-सर्विस एसएएएस कस्टमर सर्विस डेस्क 'वोल्केन केयर' लांच किया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

### वैश्विक स्तर पर सेल्फ-सर्विस मार्केट को ध्यान में रखकर स्टार्टअप और एमएसएमई को लक्षित करता है

**कारोबारों** के ग्राहक सेवा अनुभव को बदलने के उद्देश्य से बैंगलोर, मुंबई और अमेरिका में स्थित सॉफ्टवेयर कंपनी वोल्केन सॉफ्टवेयर ने आज अपने सेल्फ-सर्विस एसएएएस कस्टमर सर्विस डेस्क, 'वोल्केन केयर' को लांच किया है। यह समाधान छोटे, मध्यम और बड़े व्यवसायों के लिए डिज़ाइन किया गया है और वोल्केन केयर सेल्फ सर्विस करने में पूरी तरह और पूर्ण रूप से सेल्फ़ सर्विस सॉफ़्टवेयर है। इसे एक क्लिक के साथ स्थापित किया जा सकता है और उक्त विशेषताएं बैंकिंग और वित्तीय सेवाएं, सेमीकंडक्टर, विनिर्माण से लेकर विभिन्न क्षेत्रों जैसे सॉफ्टवेयर, कंज़्यूमर गुड्स, इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट उद्योग इसे अपनी ग्राहक सेवा को बेहतर बनाने में उपयोग कर सकते हैं। वोल्केन के ग्राहक पोर्टफोलियो में अमेरिका, यूरोप और एशिया की फोर्चुन 100 कंपनियाँ शामिल हैं।

मांग-अनुरोध (ऑन डिमांड) एवं स्केलेबल क्लाउड मॉडल में अभूतपूर्व वृद्धि ने, लागत दक्षता और व्यापार में निरंतरता प्राप्त करने के लिए अधिकांश उद्यमों/व्यवसायों को अपनी डिजिटल व्यापार परिवर्तन योजनाओं में तेजी लाने के लिए क्लाउड अपनाने को मजबूत किया है। वोल्केन की नई पेशकश विशेष रूप से दुनिया भर के स्टार्टअप, छोटे और मध्यम उद्यम को लक्षित करती है और सेल्फ सर्विस मार्केट को ध्यान में रखकर निर्मित की गई है। उत्पाद का उद्देश्य इन व्यवसायों को उनके आंतरिक और बाहरी ग्राहकों के लिए कम लागत पर एक विश्वस्तरीय सुविधा संपन्न सेवा डेस्क उपलब्ध कराकर उनकी मदद करना है। सॉफ्टवेयर के लॉन्च पर बोलते हुए, वोल्केन सॉफ्टवेयर के सह-संस्थापक और सीईओ, रोहन जोशी ने कहा, हमने वोल्केन की शुरुआत एक जुनून के साथ की ताकि उत्कृष्ट सेवा समर्थन हर कंपनी की पहुँच के भीतर हो। हमारी नई पेशकश आधुनिक संगठनों को ग्राहकों और कर्मचारियों के साथ अपने संबंधों को सुधारने में मदद करने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उपयोग में आसान, आर्किटेक्चर द्वारा सुरक्षित और मांग पर स्केलेबल होने के कारण वोल्केन केयर उन व्यवसायों के लिए सबसे उपयुक्त है जो अपने ग्राहक सेवा समर्थन को अंकीकरण करना चाहते हैं क्योंकि यह उपयोगकर्ताओं द्वारा पूरी तरह से स्वैच्छिक उपयोग करने योग्य और इसके लिए बहुत कम या बिना किसी बाहरी समर्थन की आवश्यकता होती है। लॉन्च पर अपने विचार व्यक्त करते हुए वोल्केन सॉफ्टवेयर के सह-संस्थापक और सीटीओ, सुधीर प्रभु ने कहा, कोविड -19 वैश्विक संकट ने एसएएएस की ओर कदम को एक अभूतपूर्व गति प्रदान किया है; एसएएएस संस्थापकों और उत्पाद निर्माताओं के एशिया के सबसे बड़े समुदाय एसएएएस बूमी द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय एसएएएस में 1 ट्रिलियन डॉलर मूल्य और 2030 तक लगभग 5 लाख नौकरियां पैदा करने की क्षमता है, जो स्पष्ट रूप से उद्योग में एसएएएस की बढ़ती मांग और संभावना को दर्शाती है।

# पुलिस ने फायर ब्रिगेड की मदद से पाया आग पर काबू

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



सेक्टर 45 में घर में लगी आग पर काबू पाते फायर ब्रिगेड और पुलिस के जवान।

**सेक्टर-45** के मकान में लगी आग पर पुलिस चौकी सेक्टर 46 की टीम ने बहादुरी से काबू पाते हुए बुजुर्ग महिला, बुजुर्ग व्यक्ति और दो साल के बच्चे को सही सलामत मकान से बहार निकाल लिया गया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबेसिंह के मुताबिक पुलिस चौकी सेक्टर-46 के प्रभारी उप निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि सूचना मिलने के वक्त वे सेक्टर-45 रेल विहार में गस्त पर थे। उसी समय उन्हें सूचना रेल विहार में रहने वाले किसी व्यक्ति ने समय 3.40 पीएम पर आग लगने के संबंध में दी जिस पर तुरंत कर्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची उसी समय फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंची। मौके पर ही समय 3.50 पीएम पर कंट्रोल रुम ने भी आग लगने की सूचना दी। मौके पर देखा कि मकान न.308 में आग ली हुई थी। जो आग का धुआं मकान न.309 में भी काफी भर गया था। मकान न.309 में बुजुर्ग महिला और बुजुर्ग व्यक्ति अपने 2 साल के नाती के साथ उपस्थित थे। जिनको फोन पर संपर्क कर उन्हे बहार आने के लिए कहा जो बहार नही आ रहे थे। जिनको पुलिस टीम ने काफी मस्कत के बाद बहार सुरक्षित निकाल लिया। पुलिस टीम ने फायर ब्रिगेड की मदद से मकान की आग पर लगभग एक घंटे में काबू कर लिया। मकान में उपस्थित सभी सामन जल गया था। मकान नम्बर-308 के मालिक ऋषि राज को पहले ही बहार निकाल लिया था। चौकी प्रभारी ने ऋषि राज से आग का कारण पूछा तो बताया कि बिजली के शार्ट सर्किट से आग लग गई थी। परिवार के सदस्य कुछ काम से बाहर गए हुए थे।

# एड्स कंट्रोल कर्मचारियों ने मनाया काला दिवस

### विश्व एड्स दिवस पर धरने पर बैठे रहे दिनभर कर्मचारी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद




बीके में काले कपड़ों में काला दिवस मनाते एड्स कंट्रोल कर्मचारी।

**हर** साल एक दिसम्बर विश्व एड्स दिवस यानी एक ऐसा दिन जो एड्स कंट्रोल डिपार्टमेंट में सभी कर्मचारियों द्वारा हर सालएक त्योहार की तरह ही मनाया जाता है। इसकी तैयारियां काफी लम्बे समय से ही शुरू हो जाती है तथा हर कर्मचारी इसमें अपनी भागीदारी बड़े उत्साह से निभाता आया है। परन्तु भारत सरकार द्वारा संचालित नेशनल एड्स कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन द्वारा पिछले 20 सालों से पूरे देश में सेवाएं दे रहे अनुबंधित कर्मचारियों का केवल शोषण हो रहा है। जिसे देखते हुए कर्मचारियों ने मजबूर होकर इस महत्वपूर्ण दिन को काले दिवस के रूप में मनाया।

### काले रिबन और काली ड्रेस

**काले** दिवस की शुरुआत कर्मचारियों ने 25 नवंबर से ही पूरे हरियाणा प्रदेश में शुरू कर दी। जिसके तहत वह अपना काम काला रिबन बांधकर का रहे थे। लेकिन उन्होंने एक दिसंबर को अपना कार्य बंद करके काले कपड़े पहनकर काला दिवस मनाया। काला दिवस की मुहिम में सभी कर्मचारी काले कपड़े पहनकर या काले रिबन लगाकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। कर्मचारियों का यह रोष 2 साल का नहीं बल्कि 20 सालों के शोषण का नतीजा है।

उन्होंने कहा कि नैको की नई पॉलिसी यानी फेज रिवाइज होता है जिसमें नई नई नीतियां व कार्यक्रम लागू होते हैं तथा कर्मचारियों की सैलरी भी रिवाइज होती है। नाको द्वारा 2017 में एनएसीपी 5 लागू करना था परन्तु वह आज 2021 तक लागू नहीं किया गया।

कर्मचारियों को उम्मीद थी कि 1 दिसम्बर 2017 में फेज चेंज होगा सैलरी बढ़ेगी परन्तु 5 साल से इंतजार कर रहे कर्मचारियों का सब्र का बांध टूट गया है। वर्तमान में हरियाणा प्रदेश में 117 आईसीटीसी सेंटर, 11 एआरटी सेंटर, 5 एफआईएआरटी सेंटर, 4 एलएसी सेंटर, 32 एसटीआई क्लीनिक, 9 ओएसटी सेंटर्स हैं जो कि हेल्थ डिपार्टमेंट का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

### दूसरी बार हुआ बंद

**कर्मचारियों** ने कहा कि अगर हम पिछले सालों पर नजर डालें तो सिर्फ 2013 में 1 बार ऐसा हुआ था जब एआरटी सेंटर बंद हुआ था और मरीज़ों की दवाइयां नहीं मिल पाई थी क्योंकि हमारे लिए एचआईवी पीड़ित मरीज सर्वोपरि हैं। कोरोना के समय में भी जब पूरा विश्व इस भयंकर महामारी से जूझ रहा था तब स्वास्थ्य विभाग का अहम हिस्सा होते हुए हमने भी पीड़ित मरीजों को काउंसलिंग देकर डर से उबारा था। लैब टेक्नीशियन ने कोरोना जांच में दिन रात ड्यूटी की थी। लोकडाउन में शेल्टर होम्स में रह रहे शरणार्थियों को मानसिक सांत्वना देने का कार्य भी किया था। इन कर्मचारियों ने किया था। कोरोना पॉजिटिव मरीजों की काउंसिलिंग न केवल आइसोलेशन वार्ड में की गई बल्कि घर घर जाकर भी उनको मानसिक सहायता प्रदान की गई थी। परन्तु यहां पर भी कर्मचारियों के साथ भेदभाव हुआ क्योंकि हरियाणा सरकार ने केवल एनएचएम विभाग के कर्मचारियों को ही करोना योद्धा मान कर 5000 रुपये प्रोत्साहन राशि दी गई।

## स्वयं सुरक्षित रह कर करें एचआईवी से बचाव: डॉ. भगत



विश्व एड्स दिवस के अवसर पर आयोजित जागरूक रैली में भाग लेती छात्राएं।

**फरीदाबाद।** स्वयं सुरक्षित रह कर एचआईवी से बचाव सम्भव है। एचआईवी फैलने के चार कारण एक असुरक्षित यौन संबंध, दूसरा संक्रमित सुई का प्रयोग, तीसरा संक्रमित रक्त चढ़ाने और चौथा मां से बच्चे को एचआईवी वायरस से संक्रमित होना है। यह बात बुधवार को अन्तर्राष्ट्रीय एचआईवी दिवस पर एचआईवी जिला कन्ट्रोल एवं नोडल अधिकारी डॉ. शीला भगत ने बीके अस्पताल में आयोजित एक कार्यक्रम में कही।

इस दौरान नर्सिंग स्कूल के छात्राओं के जरिये उन्होंने जागरूकता रैली निकलवाई। वहीं दूसरी तरफ एचआईवी कर्मी काला दिवस मनाते रहे। डॉ. भगत ने कहा कि एडस होने में 10 से 12 साल लग सकते है। एडस एक बीमारियों का समूह है। जिसमें कि व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक/रोगों से लड़ने वाली क्षमता कम हो जाती है। उन्होंने बताया कि एआरटी की दवाइयां देकर मरीज को जीवित रखा जा सकता है। बुधवार को नागरिक अस्पताल बीके के प्रांगण में वर्ल्ड एड्स डे मनाया गया। जिसमें डिप्टी सिविल सर्जन डॉक्टर शीला भगत व बीके हॉस्पिटल के आरएमओ डॉ. रोहित गौड और टीबी एचआईवी कोऑर्डिनेटर सुभाष गहलोत, राजकुमार, बिजेंदर, अशोक, वीरेंद्र, विकास प्रवीण, यथार्थ और साधना मौजूद थे। साथ ही एएनएम स्टूडेंट ने एक जागरुकता एक रैली निकाल कर अस्पताल परिसर में लोगों को एड्स जैसी घातक बीमारी के बचाव के लिए जागरूक किया। विद्यार्थियों ने अस्पताल में उपचाराधीन मरीजों और मरीजों के अटेंडेंट तो को भी एचआईवी के लक्षण और उसके बचाव के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।

# संक्षिप्त समाचार

## राज्यस्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिए चयन



डोजो डे कराटे में स्वर्ण पदक विजेता फरीदाबाद के खिलाडी कोच व अथिति के साथ।

**फरीदाबाद।** जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में डोजो-डे-कराटे फरीदाबाद के तीन खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक लेकर अपने क्षेत्र तथा ऐकादमी का नाम रोशन किया है। साथ ही एक खिलाड़ी ने द्वितीय स्थान पर रहकर रजत पदक जीता है। प्रतियोगिता का आयोजन सैनिक पब्लिक स्कूल ऊंचा गांव में किया गया। इस प्रतियोगिता में गोल्ड मेडलिस्ट रहे छात्रों में शुभम अंडर-14 (-35 किलोग्राम), हर्ष अंडर-14 (-41 किलोग्राम), शिवम अंडर-17 (-45 किलोग्राम) और रजत पदक लेकर जय रूहिल अंडर-14 (-44 किलोग्राम) ने अपना स्थान बनाया। छात्रों को कराटे का प्रशिक्षण दे रहे मुख्य कोच सुरेन्द्र खोड़ीवाल ने आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए बच्चों को शुभकामनायें दी। साथ ही कराटे के प्रशिक्षक आकर्ष एवं विख्यात ने बच्चों को राज्यस्तरीय प्रतियोगिता हेतु प्रोत्साहित करते हुए और भी गोल्ड मैडल जीतने का विश्वास दिलाया।

## कोरोना : जिले में चार पॉजिटिव, 11296 को लगा टीका



कोरोना की जांच कराती उमा।

**फरीदाबाद।** शहर में कोरोना के चार नए पॉजिटिव मामले बुधवार को सामने आए हैं। जिससे कोविड-19 के एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 32 पर पहुंच गया है। जिले में पिछले 24 घंटे में 2693 लोगों की जांच की गई। जिसमें फिलहाल 2479 लोगों की जांच रिपोर्ट आनी शेष है। जिले में अब तक 1234603 के सैम्पल जांच किए, जिसमें 1132172 की रिपोर्ट नेगेटिव आई है। जिसमें 99952 की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। अब तक 717 की मौत हो चुकी है। राहत की बात यह है कि 99203 लोग पूरी तरह से ठीक हो चुके है। वहीं दूसरी तरफ जिले में बुधवार को कोरोना से बचाव के लिए 11296 लोगों को टीका लगाया गया। ताकि लोगों को कोरोना से बचाया जा सके। जिसके तहत प्रथम डोज सरकारी में 2445 को और निजी में 2 लोगों को लगाई गई। वहीं सैकेंड डोज सरकारी में 6787 को और निजी में 19 को लगाई गई। 45 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज सरकारी में 427 को और निजी में दो लोगों को डोज लगाई गई। 60 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज सरकारी में 56 को और निजी में 2 को लगाई गई। इसी श्रेणी में सैकेंड डोज सरकारी में 164 को और पांच ने निजी अस्पतालों में कोरोना से बचाव का टीका लगाया गया।

## निगम कर्मचारियों ने 10 इकाइयों को किया सील



टैक्स जमा ना करवाने वालों की प्रापटी सील करते निगम अधिकरी।

**फरीदाबाद।** नगर निगम फरीदाबाद द्वारा बकायाजात की वसूली की मुहिम में तेजी लाते हुए एक दिसंबर को 10 इकाइयों को सील किया जिन पर करीब 14.84 लाख रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है,। एनआईटी जोन-2 ने 02 चल रही इकाइयों को सील किया जिन पर करीब 02.31 लाख रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है, ओल्ड फरीदाबाद जोन- 1 ने 08 चल रही इकाइयों को सील किया जिन पर करीब 12.53 लाख रूपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। निगमायुक्त यशपाल यादव ने कहा कि जिन इकाइयों को सील किया जा चुका है और उनकी ओर से बकाया सम्पत्ति कर की राशि प्राप्त नहीं हुई है, उन इकाइयों की जल्दी ही निगम द्वारा नीलामी करने की कार्रवाई अमल मे लाई जाएगी। आयुक्त ने करदाताओं से अपील की है कि इस प्रकार की कठोर कारवाई से बचने के लिये सभी अपने-अपने बकायाजात की अदायगी तुरन्त करें। आयुक्त नगर निगम ने सम्बंधित अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि 31 मार्च 2022 तक सभी सम्पत्ति कर बकायादारों से बकायाजात वसूल किया जाये या उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

## पार्क के नवीनीकरण और टाइल्स के कार्य का किया शुभारंभ

**फरीदाबाद।** बुधवार को बडखल विधानसभा क्षेत्र की विधायक सीमा त्रिखा ने सेक्टर 21ए स्थित दो पार्कों सेक्टर 21ए पार्क व सेक्टर-21ए सेंट्रल पार्क में करीब 30 लाख रुपए की लागत से पार्क के नवीनीकरण व इंटरलॉकिंग टाइल्स कार्य का स्थानीय निवासियों के हाथों शुभारंभ करवाया। इस मौके पर स्थानीय नागरिकों ने विधायक सीमा त्रिखा का जहां फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया वहीं इस नवीनीकरण कार्य के लिए उनका हार्दिक आभार भी व्यक्त किया। विधायक का स्वागत करने वालों में संजय मक्कड़, गजराज नागर, संजय गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, बिशम्बर भाटिया, सुषमा गुप्ता, उषा मक्कड़, मनजीत सिंह, आदर्श दीवान, जितेंद्र अग्रवाल व विकास जैन आदि प्रमुख थे। इस अवसर पर विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व में प्रदेश के हर क्षेत्र में चहुंमुखी विकास किया जा रहा है, इसी कड़ी में उन्होंने इन पार्कों के नवीनीकरण कार्य का शुभारंभ करवाया। उन्होंने कहा कि पार्क का सौंदर्यीकरण व नवीनीकरण होने से यहां आने वाले बच्चे, बुजुर्गों व युवाओं को काफी सहूलियत होगी।

## स्पोर्ट्स क्यूब अकादमी ने 8 विकेट से जीता मैच

**फरीदाबाद।** पहला ऑल इंडिया स्पोर्ट्स क्यूब जूनियर लीग अंडर - 14 मैच में स्पोर्ट्स क्यूब क्रिकेट अकादमी ने दिल्ली कैपिटल इलेवन को 8 विकेट से हराया। यह मुकाबला गुरुग्राम नई स्पोर्ट्स क्यूब सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंट मैदान पर खेला गया। इस मैच का उद्घाटन स्पोर्ट्स क्यूब सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंट मेंटर और पूर्व आईपीएल खिलाडी मनविंदर बिसला के द्वारा किया और साथ मैं कोच विनय और मोहित भी उपस्थित थे। इस मौके पर हेड कोच विनय ने बताया की यह मैच 40 - 40 ओवर का था और यह मैच स्पोर्ट्स क्यूब क्रिकेट अकादमी और दिल्ली कैपिटल इलेवन के साथ खेला गया। स्पोर्ट्स क्यूब क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। दिल्ली कैपिटल इलेवन टीम की और बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 40 ओवर में 8 विकेट पर 156 रन बनाए। टीम की और बल्लेबाजी करते हुए राघव हाडा ने 44 रन, गर्व ने 35 रन, मयूरी ने 27 रन, अहिल ने 17 रन बनाए। स्पोर्ट्स क्यूब क्रिकेट अकादमी की और से गेंदबाजी करते हुए नकुल ने 5 विकेट ली। आर्यन यादव और दीपांकर यादव ने 1-1 विकेट ली। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए स्पोर्ट्स क्यूब क्रिकेट अकादमी ने 35 .1 ओवर में 2 विकेट में 157 रन बनाकर जीत हासिल की। टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए आर्यन यादव ने 66 रन, विहान ने 43 रन, नमन गर्ग ने 19 रन बनाए।

## अतिक्रमण मुक्त बनाने में व्यापारियों ने किया सहयोग का वायदा

**फरीदाबाद।** निगमायुक्त यशपाल यादव ने नगर निगम क्षेत्र में स्वच्छ वातावरण देने तथा अतिक्रमण मुक्त करने को सुनिष्चित करने के लिए एनआईटी फरीदाबाद, ओल्ड फरीदाबाद तथा बल्लभगढ़ क्षेत्र में पड़ने वाले सभी व्यापार मंडलों तथा मार्किट एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में मौजूद व्यापारियों ने अपने अपने क्षेत्र की समस्याओं के बारे में आयुक्त को अवगत कराया। लगभग सभी संगठनों के प्रतिनिधियों ने निगम द्वारा बाजारों/सड़कों के किनारे तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों से अतिक्रमण को हटाने का तहे-दिल से स्वागत किया और उनकों हटाने में अपना पूरा सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा कि हमें कोई एतराज नहीं है यदि निगम ऐसे अतिक्रमणों को हटाती है अथवा ऐसे दुकानदारों पर 10-20 हजार रूपये तक का जुर्माना भी लगाती है। संगठनों के प्रतिनिधियों के अनुरोध पर आयुक्त ने कहा कि दुकानदारों को अपना सामान बाहर रखने के लिये कोई भी सीमा निर्धारित नहीं की जा सकती।

# परिवार नियोजन

## पुरुषों की भूमिका

**भारत** में दस पुरुषों में से एक भी कंडोम का प्रयोग नहीं करता है। मुश्किल से ही कोई पुरुष वंध्याकरण के लिए तैयार होता है। इसके उलट महिलाओं में वंध्याकरण गर्भनिरोध का वरीयता प्राप्त साधन है। 10 में से लगभग चार महिलायें वंध्याकरण कराती हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 से ऐसे कुछ नतीजे सामने आए हैं जिनसे भारत में सुरक्षित सेक्स तथा गर्भनिरोध के बारे में पुरुषों व महिलाओं का दृष्टिकोण स्पष्ट होता है। महिलायें गर्भनिरोध के अन्य साधनों, जैसे गर्भनिरोधक गोलियों, इंजेक्शनों व इंटरायूटरीन उपकरणों के बजाय वंध्याकरण को पसंद करती हैं। देश के 23 राज्यों व संघशासित क्षेत्रों में कंडोम प्रयोग 10 प्रतिशत से भी कम है। उत्तराखंड में कंडोम का सर्वाधिक प्रयोग 25.6 प्रतिशत है। कंडोम प्रयोग के बारे में एकमात्र सुखद समाचार यह है कि पिछले स्वास्थ्य सर्वेक्षण की तुलना में इसमें 4 प्रतिशत वृद्धि हुई है। इस प्रकार भारत में गर्भनिरोध की जिम्मेदारी अब भी महिलाओं पर है। वे गर्भधारण व प्रसव की जैविक प्रक्रिया से गुजरती हैं और इसी कारण उनकी 'परिवार नियोजन' के प्रति ज्यादा जिम्मेदारी दिखती है। परिवार नियोजन में पुरुषों की सहभागिता अत्यधिक सीमित और निराशाजनक है। कंडोम के कम प्रयोग तथा नसबंदी की नगण्य संख्या से परिवार नियोजन के प्रति परिवार नियोजन में पुरुषों की जिम्मेदारी से अनिच्छा प्रगट होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में जहां शिक्षा की कमी अब भी बहुत अधिक है तथा महिलायें बेरोजगार हैं, वे अक्सर यह तर्क देकर



वंध्याकरण के लिए मजबूर की जाती हैं कि नसबंदी से पुरुष कमजोर हो सकते हैं जो परिवार में एकमात्र कमाने वाले होते हैं। दुर्भाग्य से परिवार नियोजन पर सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियानों में पुरुषों की तुलना में ज्यादा से ज्यादा महिलायें भागीदारी करती हैं। ग्रामीण तथा शहरी भारत में पुरुष नसबंदी से इनकार कर देते हैं, जबकि यह तुलनात्मक रूप से सुरक्षित और सरल है। इसके पीछे पौरुष प्रभावित होने की गलत धारणा है। इसी प्रकार पितृसत्ता तथा आनन्द की भावना से पुरुष कंडोम का प्रयोग नहीं करते हैं। आज भी पुरुष व महिलायें, दोनों गर्भनिरोधकों के प्रयोग की आवश्यकता के प्रति अनजान हैं। वे इसे शिशु जन्म में विलम्ब तथा बच्चों के बीच अंतर रखने के बजाय केवल गर्भावस्था से बचने का साधन मानते हैं। इन दृष्टिकोणों में परिवर्तन का एकमात्र तरीका संवाद के राष्ट्रीय अभियान हैं जिनसे वे अपने दृष्टिकोणों का पुनः आंकलन कर सकते हैं। सरकार को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए ताकि पुरुष गर्भनिरोध संवाद में शामिल हों। स्मृतियां आसानी से पीछा नहीं छोड़ती हैं और लोग आज भ्री 1976 में आपातकाल के अंधकारमय दिनों को याद करते हैं, जब लगभग 6.2 मिलियन लोगों की जबरन नसबंदी की गई थी, लगभग 2,000 आपरेशनों के कारण मर गए थे तथा विरोध करने वालों के खिलाफ पुलिसिया कार्रवाई में भी बहुत से लोग मारे गए थे। परिवार नियोजन कार्यक्रम कभी समावेशी नहीं रहा, बल्कि यह वंध्याकरण और गर्भनिरोध, जन्म नियंत्रण व जनसंख्या नियंत्रण, पुरुष वंध्याकरण या महिला वंध्याकरण या बड़े परिवारों को राष्ट्रीय अस्थिरता से जोड़ने के बीच चरणों में झूलता रहा। इक्कीसवीं शताब्दी के भारत में स्थाई वंध्याकरण परिवार नियोजन कार्यक्रम को स्वरूप नहीं दे सकता है। इसका संबंध जनसंख्या विस्फोट से नहीं है क्योंकि 2019-2021 में कुल प्रजनन दर गिर कर 2.0 रह गई, जबकि यह 2015-16 में 2.2 थी। इसका संबंध जनसंख्या नियंत्रण के नौकरशाही एजेंडे को लागू करने के बजाय पुरुषों व महिलाओं को राष्ट्रीय संवाद में शामिल करना है ताकि वे अपने परिवारों के नियोजन में सहभागी बन सकें।

# पंजाब में 'आम आदमी' हेतु संघर्ष

तथाकथित 'दिल्ली माडल' को अस्वीकार कर पंजाब के मुख्यमंत्री कहते हैं कि राज्य में सबको समान अवसर देने वाला 'चन्नी माडल' लागू हो रहा है।



**अमिताभ शुक्ला**
(लेखक दि पायनियर चंडीगढ़ के स्थानीय संपादक हैं)





पंजाब में कौन सी पार्टी 'आम आदमी' की सच्ची हितैषी है? लाख रुपये का यह सवाल चुनाव अभियान में सत्तारूढ़ कांग्रेस तथा उसे चुनौती देने वाली आम आदमी पार्टी-आप के बीच महत्वपूर्ण हो गया है। ये दोनों स्वयं को आम आदमी के सच्चे प्रतिनिधि की तरह पेश कर रही हैं। वे जन-कल्याणकारी उपायों पर जोर देते हुए इनको योजनाओं में सर्वाधिक महत्व दे रही हैं। स्वयं को आम आदमी घोषित करने वाले चरणजीत सिंह चन्नी निम्न मध्यवर्गीय परिवार से आते हैं जिन्होंने एक समय अपने टेंट हाउस के सामने चारपाई पर रख कर दीपावली में पटाखे बेचे थे और पूरे समय अपने पिता के टेंट बिजनेस में काम करते थे। राजनीतिक क्षेत्रों में महाराजा के नाम से विख्यात पटियाला शाही परिवार के अमरिंदर सिंह से सत्ता छीन कर वे मुख्यमंत्री बने हैं। इस प्रकार राजनीति ने राज्य में 360 डिग्री मुड़ी है और वह मूल रूप से आम आदमी की घोषित पार्टी-आम आदमी पार्टी-आप से मुकाबला कर रही है। आश्चर्य नहीं कि राज्य में अपने चुनाव अभियान के दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उनका विश्वास है कि पंजाब में उनकी नकल हो रही है तथा एक 'फर्जी केजरीवाल' चारों ओर घूम रहा है और वह उनके जैसे ही वादे कर रहा है। उन्होंने जनता से फर्जी के बजाय असली के पहचानने का अनुरोध किया है। केजरीवाल का इशारा चन्नी की ओर है जो उनकी नकल करते हैं, हालांकि केजरीवाल अपने भाषण में किसी का नाम नहीं लेते हैं।

मुख्यमंत्री बनने के बाद से ही चन्नी पूरे जोश के साथ अपनी आम आदमी वाली छवि बना रहे हैं। वे नियमित रूप से सड़क के किनारे 'ढाबों' पर आम लोगों के साथ चाय पीने पहुंच जाते हैं, आयोजनों में मंच पर भांगड़ा नृत्य में हिस्सा लेते हैं, शादी समारोहों में शामिल होते हैं और युगलों को 'शगुन' देते हैं, आटोरिक्शा ड्राइवरों के साथ फोटो खिंचवाते हैं तथा मजदूरों व किसानों आदि से मिलते हैं। इस कारण आप वास्तव में इस सीमा तक परेशान हो गई है कि चन्नी की छवि को राज्य में अपनी चुनावी संभावनाओं के लिए खतरनाक मानने लगी है। इससे उसका सत्ता में आने का सपना टूट सकता है। केजरीवाल के इन शब्दों पर गौर करें, 'इन दिनों पंजाब में एक नकली केजरीवाल घूम रहा है। मैं जो वादे करता हूं उनको वह अगले दिन दुहराता है, पर लागू नहीं करता है। उससे सावधान रहें। केवल असली केजरीवाल ही अपने वादे पूरे कर सकता है।' आप के राष्ट्रीय संयोजक चन्नी की ओर इशारा करते हुए कहते हैं, 'पूरे देश में केवल एक आदमी, केजरीवाल बिजली बिलों को जीरो पर ला सकता है।

इसलिए फर्जी केजरीवाल से सतर्क रहें।' चन्नी ने सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए बिजली दरें 3 रुपये करने का वादा किया है। मजेदार बात है कि केजरीवाल और चन्नी एक ही दिन लुधियाना के औद्योगिक शहर में आम आदमी की अपनी यूएसपी प्रचारित करने के लिए पहुंच गए। आटो व टैक्सी ड्राइवरों से केजरीवाल की निर्धारित बैठक के कुछ ही घंटे पहले चन्नी अचानक एक आटोरिक्शा स्टैंड पर रुके और उन्होंने ड्राइवरों की समस्यायें सुनने के साथ ही उनके साथ चाय पीते हुए अपनी फोटो खिंचवाई। यह केजरीवाल के लिए अत्यधिक परेशानी वाली बात थी। उन्होंने फौरन जवाब देते हुए कहा कि उनकी मुलाकात पहले से निर्धारित थी, लेकिन जब 'नकली केजरीवाल' को इसका पता चला तो वे फौरन आटोरिक्शा मालिकों के कार्यालय पहुंच गए। केजरीवाल ने कहा, 'लेकिन मैं सोचता हूं कि डरना अच्छी बात है। वे असली केजरीवाल के भय से भले ही कुछ कर सकते हों, पर वे ऐसा नहीं करेंगे क्योंकि वे नकली हैं।' असली-नकली की यह बयानबाजी जारी है और केजरीवाल पंजाब के मुख्यमंत्री पर अपनी नकल करने का आरोप लगाते हैं जो बिजली दरों पर वादे कर रहे हैं। केजरीवाल यह भी याद दिलाते हैं कि पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने भी दिल्ली सरकार की नकल करते हुए महिलाओं के लिए बस सर्विस की घोषणा की थी। लेकिन यह अधूरी रही क्योंकि कैप्टेन अमरिंदर ने केवल सरकारी बसों में ही महिलाओं को मुफ्त यात्रा की अनुमति दी। चन्नी ने फौरन इसका जवाब देते हुए आप सुप्रीमो पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल का दिल्ली माडल 'झूठों के पुलंदे' के सिवा और कुछ नहीं है। पंजाब के मुख्यमंत्री ने कहा, 'पंजाब सरकार ने आम जनता को लाभ पहुंचाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं, जबकि केजरीवाल और उनके साथी अभी केवल जनता से वादे कर रहे हैं। में कभी दूसरा केजरीवाल नहीं बन सकता क्योंकि मैं उनकी तरह धोखेबाज और चालाक नहीं हूं।' इससे आप नेता काफी नाराज हुए और अगले दिन बयानों में उन्होंने इसी भाषा में चन्नी को जवाब दिया। तथाकथित 'दिल्ली माडल' या केजरीवाल माडल को अस्वीकार कर पंजाब के मुख्यमंत्री कहते हैं कि राज्य में सबको समान अवसर देने वाला 'चन्नी माडल' लागू हो रहा है। उन्होंने कहा, 'चन्नी माडल महान सिख गुरुओं की शिक्षाओं के अनुरूप है जिन्होंने समानता और भाईचारे का रास्ता दिखाया था। यह माडल राज्य में यहां की प्रगति तथा राज्य की जनता की समृद्धि के लिए लागू किया जा रहा है। यह माडल उस समय तक लागू रहेगा, जब तक मैं इस पद पर हूं।' राज्य के पहले दलित मुख्यमंत्री अपनी चुनाव सभाओं में इस पर जोर देते हैं।


आम आदमी की अपनी छवि और मजबूत करने के लिए चन्नी ने चांदपुरा मोगा गांव के उसी गुरुद्वारे शहीद बाबा तेगा सिंह में रात गुजारी जहां वे 2016 में अपनी साइकिल यात्रा के दौरान ठहरे थे। उनके प्रचारकों ने फौरन इसे मुद्दा बना लिया। उन्होंने बताया, 'परंपराओं से अलग हट कर मुख्यमंत्री ने किसी होटल, रेस्ट हाउस या पार्टी के नेता के बहुमंजिले बंगले के बजाय गुरुद्वारा साहेब में रात में ठहरने का फैसला किया।' आम आदमी के तौर पर छवि बनाने की इस दौड़ में पीछे रहे शिअद अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने भी 'आम आदमी' प्रतिद्वंद्वियों केजरीवाल और चन्नी से मुकाबले का फैसला किया। वे सेल्फी लेने वाले नौजवानों को आकर्षित कर उनके साथ फोटो खिंचवाते हैं तथा सोशल मीडिया से अपनी छवि बनाने का प्रयास करते हैं। बादल परिवार के लिए आम आदमी की छवि बनाना आसान नहीं है क्योंकि उनको बहुत अमीर माना जाता है। उनका बिजनेस कई क्षेत्रों में फैला है जिसमें अतिथि सत्कार, परिवहन, केबल व मनोरंजन, आदि शामिल हैं। लेकिन राजनीतिक हवा के साथ उड़ने में कोई नुकसान नहीं है। शिअद के एक समर्थक ने बताया कि इसी कारण पार्टी प्रमुख भी आम आदमी की छवि बना रहे हैं।

जहां अमरिंदर सिंह अपने दूसरे कार्यकाल में अधिकांशतः अपने आवास और फार्म हाउस तक केन्द्रित तथा आम लोगों से कटे रहे, वहीं चन्नी इसका ठीक उल्टा कर रहे हैं। वे मेहनत से बनाई अपनी आम आदमी की छवि मजबूत करने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। उनके राजनीतिक सलाहकारों का मानना है कि मतदाताओं में उनकी पसंद बढ़ रही है क्योंकि उनको पिछले दो दशकों से अधिक समय में राज्य के प्रमुख का एकदम अलग राजनीतिक व्यक्तित्व देखने को मिल रहा है। प्रकाश सिंह बादल पांच कार्यकाल मुख्यमंत्री रहे, जबकि अमरिंदर सिंह इस पद पर साढ़े नौ साल रहे। इस प्रकार लगभग 25 साल तक वे शिखर पर रहे। जहां बादल का विश्वास अपनी संगत दर्शन योजना से खैरात बांटना था, वहीं अमरिंदर सिंह अधिकांशतः जमीन से कटे रहे तथा जनता के बजाय अपने सलाहकारों के समर्थन पर निर्भर रहे। इस प्रकार चन्नी और केजरीवाल की छवि इस चुनावी राज्य में बहुत से लोगों के लिए ताजा हवा की तरह है।

आश्चर्य नहीं कि आम आदमी का असली चैम्पियन बनने के लिए कठिन प्रतियोगिता हो रही है और यह अब तक चुनाव अभियान का यूएसपी बन गया है।

# सदैव फलता-फूलता रहेगा लोकतंत्र

**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



मीडिया में यह आरोप लगाया जा रहा है कि लोकतंत्र का पतन हो रहा है। ऐसा इतिहास से अनजान लोग ही कह सकते हैं। आज, यूरोप प्रथम दृष्टया लोकतांत्रिक है, कम से कम चुनाव कराने की हद तक। द्वितीय विश्व युद्ध से पहले, ज्यादातर निरंकुशताएं थीं, उदाहरण के लिए, जर्मनी, इटली और स्पेन। उन्नीसवीं शताब्दी और उससे पहले के अधिकांश समय के लिए, लोकतंत्र एक एंग्लो-सैक्सन एकाधिकार था। इसका उद्घाटन इंग्लैंड द्वारा 1215 में सरे के रननीमेड में किंग जॉन द्वारा मैग्ना कार्टा या ग्रेट चार्टर पर हस्ताक्षर के साथ किया गया था। सभी नागरिकों को रियायतें मिलीं और यह कानून के शासन की शुरुआत थी। सरे काउंटी में रननीमेड में हस्ताक्षर करने के दौरान अधिकांश रईस मौजूद थे। इसने कानून के शासन को लागू करने की परंपरा शुरू की, जो लोकतंत्र का एक बड़ा स्तंभ बन गया। कानून के समक्ष सभी समान हैं और सभी के साथ न्यायपूर्ण व्यवहार किया जाना चाहिए।

अंग्रेज रईसों ने किंग जॉन के हस्ताक्षर के लिए मैग्ना कार्टा को वस्तुतः मजबूर कर दिया था अन्यथा उनके प्रयास को उनके हस्ताक्षर से बचना होगा। आम तौर पर कौन सत्ता छोड़ने को तैयार है? यदि रईस धीरे-धीरे और चतुर नहीं होते, तो राजा शायद कार्टे पर हस्ताक्षर नहीं करते और गृहयुद्ध हो सकता था। चर्च जैसे सरल उपायों को पूर्ण स्वतंत्रता होगी, लंदन शहर उन करों को लगाने के लिए स्वतंत्र होगा जो पहले हुआ करता था। सभी व्यापारी बिना किसी उत्पीड़न या कराधान के इंग्लैंड छोड़ सकते थे और लौट सकते थे। हल्के और स्वीकार्य उपाय आधुनिक लोकतंत्र की शुरुआत थे।

प्रारंभिक शताब्दियों से द्वितीय विश्व युद्ध के अंत तक ब्रह्मांड के अधिकांश हिस्सों में निरंकुशता का एक लंबा युग था। यूरोप में, धर्म ने आमतौर पर विचारधारा प्रदान की और सम्राट आए और गए। चीन 22 शताब्दियों तक निर्बाध रूप से एक केंद्रीकृत साम्राज्य था। भारत में मुस्लिम सम्राट, सम्राट थे या अन्यथा, वेटिकन में स्थित रोमन कैथोलिक चर्च द्वारा समर्थित पवित्र रोमन सम्राट का यूरोप पर प्रभुत्व था; पूर्वी चर्च रूसी जार के पीछे था। अफ्रीका जाग रहा था जबकि दक्षिण अमेरिका एक स्थानीय राजा के साथ एक द्वीप था जब तक कि स्पेन और पुर्तगाल ने उन्हें जीत नहीं लिया। लोकतंत्र कहाँ था? इंग्लैंड और बाद में ग्रेट ब्रिटेन में कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और अन्य उपनिवेशों के साथ जब वे स्वतंत्र हुए तो उनका अनुसरण



किया। 1776 के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका ने भी ऐसा ही किया।

इंग्लैंड, इसकी संस्कृति और नेताओं ने आमतौर पर सोचा कि क्या उचित है। जबकि अन्य अच्छी संस्कृतियों को उनके धर्म द्वारा निर्धारित सही के द्वारा निर्देशित किया गया था। फिर भी दूसरों को आसानी से निर्देशित किया गया कि क्या संभव है, शक्ति या अधिकार से। अगर यह अन्यथा होता, तो किंग हेनरी अष्टम वेटिकन चर्च छोड़ने के बाद केवल एरागॉन के कैथरीन से अपनी शादी को रद्द करने और ऐनी बोलिन से शादी करने के लिए सिंहासन पर नहीं टिकते। इसके बाद इंग्लैंड के स्वतंत्र चर्च ने वही किया जो इंग्लैंड के हितों के अनुकूल था न कि ईश्वर की कल्पित इच्छा के अनुसार।

जर्मनी ने 1920 और 1931 के बीच वीमर गणराज्य नामक लोकतंत्र की कोशिश की लेकिन असफल रहा। मई 1945 तक, एडॉल्फ हिटलर का शासन पूरी तरह से हार गया था। इसके बाद, कोनराड एडेनॉयर अपनी क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक पार्टी के साथ सत्ता में आए; उसके बाद एक लोकतांत्रिक सरकार ने शासन किया है। 1870 तक फ्रांस पर नेपोलियन द्वद्वद्व का शासन था, जब वह चांसलर ओटो वॉन बिस्मार्क के नेतृत्व में जर्मनी से हार गया था। 1945 के बाद तक इटली एक लोकतांत्रिक देश नहीं था। पूर्व की ओर से, निरंकुशता की एक किस्म थी।

भारत ने सराहनीय प्रदर्शन किया है, खासकर इसलिए कि हमने 1947 में साक्षरता की कम दर के साथ शुरुआत की थी। संयोग से, नेहरू एक लोकतांत्रिक थे, इसके अलावा, वे जीवित रहने तक सभी चुनाव जीतते रहे। 1972 और 1980 में इंदिरा गांधी और 1985 में राजीव गांधी ने भी ऐसा ही किया। 1977 और 1979 के बीच दो वर्षों को छोड़कर, राजवंश ने भारत पर शासन किया। लोकतंत्र का सबसे बड़ा फायदा वह तालमेल है जो वह पैदा करता है। स्वतंत्रता भूमि लोगों में उत्साह और काम के इच्छुक हैं। मजबूरी, जो अक्सर निरंकुशता, अर्ध-पक्षाघात से उत्पन्न होती है। जैसा कि प्रधान मंत्री मोदी ने कहा कि भारत कुछ महीनों के भीतर 100 करोड़ टीकाकरण हासिल करने में सक्षम था क्योंकि यह सबका प्रयास था, तालमेल के परिणाम आश्चर्यजनक हैं।

लोकतंत्र की सफलता का एक अन्य कारण देश का बहुत बड़ा आकार है जहां नागरिकों या सैनिकों द्वारा कब्जा करने के लिए सत्ता पर कब्जा करना और उसे पकड़ना बेहद मुश्किल होगा। इसके अतिरिक्त, देश लोगों की भाषा और संस्कृति में इतना विविध है कि सत्ता पर कब्जा करने और बनाए रखने के लिए लोगों के बीच एकता मुश्किल है। कोई विकल्प नहीं होने पर एक निरंकुशता आमतौर पर जीवित रहती है। एक उचित रूप से अच्छी तरह से काम कर रहे लोकतंत्र में, यह आमतौर पर कोई समस्या नहीं होती है क्योंकि एक वैक्यूम शायद ही कभी होता है। लोगों का स्वभाव और स्वभाव महत्वपूर्ण है। यहां, श्रेय हिंदू धर्म को जाना चाहिए जो लोगों को उनके कर्म में विश्वास दिलाता है। एक हद तक, यह लोगों को व्यक्तिवादी बनाता है जो शायद ही कभी किसी अन्य समूह को खदेड़ने के लिए एकजुट होना चाहते हैं। यह इस्लाम के विपरीत है जो जम्हूरियत या एक सम्राट के अधीन सर्वसम्मति से शासन करना पसंद करता है। भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच का अंतर अलग-अलग मिजाज की कहानी बयां करता है। इस्लामी देशों और बाकी दुनिया के बीच का अंतर दिलचस्प है।

जहां भी राजशाही होती है, लोग मुसलमान होने पर खुश होते हैं। अवधारणा खलीफा से शुरू होती है जिसे सुन्नी इस्लाम का आध्यात्मिक और अस्थायी प्रमुख माना जाता है। मुसलमानों की दुनिया एक या अखिल इस्लामी होने के लिए है।

## आप की बात

### देश-दुनिया के लिए नया खतरा

**कोरोना** महामारी पिछले 2 साल से देश और दुनिया के लिए चिंता का विषय बन चुकी है। कोरोना की दूसरी लहर ने जिस तरह से देश और दुनिया में अपना भयावह रुप दिखाया था, वह आज भी कई लोगों के जहन में शामिल है और कई लोग आज तक उस सदमे से नहीं उभरे है। ऐसे में कोरोना का नया वैरिएंट 'ओमिक्रॉन' देश और दुनिया के लिए फिर से खतरे का सबब बन गया है। विश्व स्वास्थ्य संघठन पहले ही इस वैरिएंट को वैरिएंट ऑफ़ कंसर्न घोषित कर चुका है, यानी कि ज़्यादा जोखिम वाला,देश और दुनिया में भले ही टीकाकरण की दर तेजी से बढ़ी हो और ज़्यादातर लोगों को उनकी पहली और दूसरी डोज भी लग चुकी है मगर ऐसे में कई ग़रीब देश है जहां पर टीकाकरण की रफ़्तार अभी केवल उनकी आबादी का आधा भी पूरा नहीं हुआ है। दक्षिण अफ्रीका से निकला कोरोना का यह नया 'ओमिक्रॉन' वेरिएंट इसी बात का प्रमाण है,कि कोविड महामारी अभी पूर्णतः समाप्त नहीं हुई है। चूंकि, दक्षिण अफ्रीका जैसे देश में अभी भी आधे से ज्यादा जनसंख्या का टीकाकरण नहीं हुआ है,जो कि अब धीरे -धीरे बाकी देशों में भी पहुंच रहा है। भारत को इस वैरिएंट से बचाव के कड़े कदम उठाने होंगे।

– **संदीप रावत**, चंडीगढ़

### मोदी सरकार की दूसरी पारी

**मोदी जी** के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने जब अपनी दूसरी पारी का आधा सफर पूरा कर लिया है, तब इस पड़ताल का यह बिल्कुल मुफीद वक्त है कि देश की उम्मीदों पर यह सरकार कितनी खरी उतरी और शेष बचे समय में इससे क्या अपेक्षाएं रहेंगी! इसमें कोई दोराय नहीं कि प्रचंड बहुमत के साथ मई 2019 में सत्ता में वापसी करने वाली मोदी सरकार का आत्मविश्वास शुरुआती महीनों में चरम पर था और उसने कई ऐसे काम किए, जो इतिहास में दर्ज किए जाएंगे। खासकर, जम्मू कश्मीर के सांविधानिक दर्जे में तब्दीली और अनुच्छेद-370 की समाप्ति का साहसिक फैसला! इसी तरह, दशकों से लटके राम जन्मभूमि विवाद में भी नई सरकार ने अतिरिक्त सक्रियता दिखाई और अंततः इसका न्यायिक निपटारा संभव हुआ। सांप्रदायिक सौहार्द के माहौल में भव्य राममंदिर का शिलान्यास भी इस सरकार की उपलब्धियों में दर्ज हुआ। एक सर्वे 'व्हाट वरीज द वर्ल्ड' ने इस वक्त देश की सबसे बड़ी चिंता बेरोजगारी बताई है। लगभग 44 प्रतिशत भारतीयों ने इसे सबसे बड़ी समस्या के रूप में दर्ज किया है। इसलिए सरकार को इस मोर्चे पर गंभीर प्रयास करने पड़ेंगे, क्योंकि उसके पास अब कम वक्त है।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### प्यार की दौड़ में

**अमरीकी** शोधकर्ताओं कि टीम 'साइंस ऑफ़ लव ' ने अध्ययन के दौरान यह पाया कि जिन लोगों पर वे अध्ययन कर रहे थे ,उनके दिमाग का एक विशेष क्षेत्र अचानक सक्रिय हो गया। यह क्षेत्र किसी विशेष इच्छा या चाहत से जुड़ा हुआ है। वेंट्रल तेंगमेंटल नामक इस भाग से न्यूरोट्रांसमीटर डोपोमाइन निकलता है ,जो आनंद और उत्साह को नियंत्रित करता है। जब किसी को प्यार होता है तो दिमाग मे डोपोमाइन नामक पदार्थ की मांग उठने लगती है। विज्ञान कहता है कि प्यार दिमाग की बायोकेमिकल गतिविधियों का ही परिणाम है । देखा जाए तो शरीर मे दिल ही तो प्रेम कि अभिव्यक्ति का आधार व संकेत होता है। प्यार होता है तो दिल जोरों से धड़कता है न कि दिमाग। विज्ञान अपने स्तर से भले ही खरा उतरता हो पर लोगों कि आस्था दिल से बनी हुई है। कई बार दिल जीत जाता है दिमाग से। कृत्रिम श्वास के जरिए दिल कि धड़कन जीवित की जाती है ,उसी के आधार पर दिमाग सक्रिय हो जाता है। वर्तमान दिल और दिमाग की बहस प्यार के दौड़ में लोगों की जारी है।

– **संजय वर्मा**, मनावर, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**नरेंद्र** मोदी जी, आप किसानों से सहानुभूति नहीं रखते। आपकी दिलचस्पी मात्र वोटो में है।

– **प्रियंका गांधी**
कांग्रेस नेता

**यदि** कोई सोशल मीडिया कम्पनी आपको मास्क के साथ कुछ कहने देती है तो हम उसे सार्वजनिक रूप से सफाई देने को कहेंगे।

– **स्कॉट मॉरीसन**
आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री





**गोरखपुर** में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान का उद्घाटन अगले महीने होगा।

– **योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश

# बस यात्रियों की सुविधाओं की समय-समय पर करें मॉनीटरिंग

● सीएम ने बसों में सुविधा बढ़ाने, सुरक्षा, सफाई और सेनिटाइजेशन करने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** की जनता को बसों में सफर के दौरान और बेहतर सुविधा मिल सके इसके लिए परिवहन निगम को चाक-चौबंद व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिये गये हैं। दूसरे देशों में कोविड के नए वेरिएंट की बढ़ती रफ्तार को देखते हुए सीएम योगी ने बस स्टेशनों पर भी इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। कोहरे की स्थिति से निपटने के लिए रात में सफर के दौरान बसों में हैडलाइटस की उचित व्यवस्था हो, बसों में बैठने की सीटें फटी या टूटी न हों। अधिकारी समय-समय पर यात्रियों को मिल रही सुविधाओं की मॉनीटिरिंग भी करते रहें। सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अधिकारियों के साथ बैठक में कई आवश्यक निर्देश जारी किये हैं। उन्होंने कहा है कि परिवहन निगम की बसों में सफर करने के दौरान यात्रियों को किसी प्रकार से असुविधा नहीं होनी चाहिए। अधिकारी इसका हर हाल में ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि सफर के दौरान यात्रियों को बेहतर सुविधा दिये जाने के साथ उनके सफर को आरामदायक बनाने के हर संभव प्रयास किये जाएं। प्रदेश में परिवहन निगम की बसों में सफर करने वाले यात्रियों को बेहतर सुविधा दिए जाने पर हमेशा उनका जोर रहा है। उनके निर्देश पर प्रदेश में बस स्टेशनों का विस्तार भी तेजी से किया जा रहा है। सरकार पर्यटकों और यात्रियों के लिए अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय बस अड्डा भी बनाने जा रही है।

## प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में पात्र 100 दिव्यांगों को मिलेगी मुफ्त मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में 100 पात्र दिव्यांगों को मुफ्त मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल उपलब्ध कराएगा। इसके लिए अपर मुख्य सचिव दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग हेमन्त राव ने निशुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल उपलब्ध कराने के लिए नियमावली.2021 को वर्तमान वित्तीय वर्ष हेतु संशोधित कर दिया गया। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के आदेशानुसार चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए पात्र लाभार्थियों को मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल से लाभान्वित किये जाने हेतु शत प्रतिशत वित्त पोषण राज्य सरकार द्वारा किया जायेगा। इस योजना के अन्तर्गत अनुदान की अधिकतम धनराशि मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल का वास्तविक मूल अथवा पूर्व में दी गयी व्यवस्थानुसार 25,000 रुपये जो भी न्यूनतम हो, प्रति दिव्यांगजन अनुमन्य होगा।

# संवासित बच्चों की मूलभूत जरूरतों का ध्यान रखें

● उत्तर प्रदेश बाल कल्याण परिषद की कार्यकारिणी समिति एवं वार्षिक आम सभा की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में बुधवार को राजभवन के गांधी सभागार में उत्तर प्रदेश बाल कल्याण परिषद की कार्यकारिणी समिति एवं वार्षिक आम सभा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राज्यपाल ने परिषद द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2019-20 की बैठक की कार्यवाही, वार्षिक प्रगति आख्या 2020-21, आडिटेड लेखे आय-व्यय विवरण 2020-21 तथा 2021-22 पर चर्चा की और अनुमोदन दिया।

बैठक में राज्यपाल ने परिषद की जनरल सेक्रेटरी रीता सिंह द्वारा आर्थिक अनुदान प्राप्त करने में आ रही दिक्कतों तथा कोविड.19 काल में अन्य संस्थानों और व्यक्तिगत दान दाताओं से प्राप्त आर्थिक सहायता में आई कमी की चर्चा को गम्भीरता से लेते हुए कहा कि बाल कल्याण परिषद बच्चों के कल्याण के लिए ही बना है और अभिभावकों के आश्रय से छूटे, किन्ही कारणों से घर से भागे बच्चों को यहाँ आश्रय मिलता है। सामाजिक सहयोग इन बच्चों के संरक्षण की समुचित व्यवस्थाओं का बहुत बड़ा आधार होता है। उन्होंने परिषद को निर्देश दिया कि वे अपनी आवश्यकताओं का प्रस्ताव बनाकर सहायता समूहों, सामाजिक सहायता हेतु दान देने वाले लोगों से सम्पर्क करके प्रस्ताव के आधार पर पूर्ति के लिए आग्रह करें। उन्होंने परिषद द्वारा लघु गृह उद्योग लगाकर आवासित महिलाओं के सहयोग से आर्थिक उपार्जन के प्रयासों की प्रगति की समीक्षा भी की। राज्यपाल ने बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की निदेशक सारिका मोहन को केन्द्र सरकार से प्राप्त बजट से बाल कल्याण परिषद के अनुदान अंश को शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्रावासों, बाल गृहों, महिलाओं हेतु संरक्षण गृहों में आवासित संवासियों की मूलभूत आवश्यकताओं और उचित भोजन व्यवस्थाओं में कमी न हो इसके लिए अधिकारी सहृदयता पूर्वक कार्य करें। बैठक में परिषद को वन विभाग के प्राप्त भूमि की लीज नवीनीकरण के बिन्दु पर भी चर्चा की गई। राज्यपाल ने बैठक में उपस्थित वन अधिकारी रवि सिंह को बाल कल्याण परिषद के पदाधिकागणों के साथ बैठक करके सभी कागजी कार्यवाही पूर्ण कराने तथा लीज नवीनीकरण की कार्यवाही कराने के निर्देश दिए।

# अपराधियों-माफियाओं को अब बेल नहीं जेल आ रही पसंद: पाठक

● भाजपा सरकार ने किया भूमाफियाओं, अपराधियों का सफाया

● धर्म परिवर्तन कानून ने तोड़ी धर्मांतरण व लव जिहाद की कमर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी** मुख्यालय में बुधवार को कैबिनेट मंत्री ब्रजेश पाठक ने पत्रकारों से वार्ता करते हुये कहा कि उत्तर प्रदेश में सपा सरकार के शासनकाल में पूरे प्रदेश में अपराध चरम पर था। माफिया अपराधी जेल में नहीं बेल पर रहते थे और कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बनते थे। यह केवल सत्ता द्वारा मिले संरक्षण की वजह से था, माफिया सरकारी गाड़ियों में मंत्रियों के साथ घूमते थे। आज परिदृश्य बदला है अपराधियों और माफियाओं को उप्र में बेल नहीं पसंद है वह अपनी बेल खारिज कराकर जेल जा रहे हैं, पुलिस के आगे आत्म समर्पण कर रहे हैं।

ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश की जनता भूली नहीं है की कैसे थानों पर सपा के गुंडे, माफिया और अराजक तत्व कब्जा करके बैठते थे, प्रदेश के लगभग 1550 थानों में लगभग 600 से ज्यादा में एक ही जाति व समुदाय विशेष के लोग काबिज थे। श्री पाठक ने कहा कि सपा सरकार में कानून व्यवस्था को चौपट करके रख दिया गया था। वह यह भी नहीं भूली है की किस तरह से सत्ता का संरक्षण पा कर कासगंज और मथुरा में कई-कई दिनों तक उपद्रव होते रहे हैं और सपा मुखिया के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी, जिसका दुष्परिणाम रहा कि उपद्रवियों का हौसला इतना बुलंद हो चुका था कि एसपी सिटी मुकुल द्विवेदी की हत्या तक कर दी गई। आज प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कानून व्यवस्था पर जीरो टालरेंस की नीति पर काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि जो अवैध संपत्ति अपराधियों ने अपनी गुंडागर्दी की बदौलत कमाई, उसमें आज योगी सरकार में 1866 करोड़ से अधिक की संपत्ति को कब्जा मुक्त कराने का काम किया है साथ ही पिछली सरकारों में संरक्षित संगठित माफिया गिरोह के नेटवर्क को हमारी सरकार ने ध्वस्त किया है। ब्रजेश पाठक ने कहा कि योगी सरकार ने पिछले साढ़े चार सालों में गैंगेस्टर एक्ट के तहत 36990 अपराधियों को गिरफ्तार किया है, 523 लोगों पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। वहीं पिछली सरकार में सपा नेताओं के नेतृत्व में थाने चलाये जाते थे, थानों में बैठकर वसूली होती थी, आज पूरे प्रदेश में कानून का राज है। प्रदेश में योगी आदित्यानाथ के नेतृत्व में हमने 214 नये थानों की स्थापना की है। उन्होंने कहा कि सपा मुखिया ने तुष्टीकरण की नीति अपनाकर अपराधियों के मनोबल को बढ़ाया था और पूरा प्रदेश उनके चंगुल में कर दिया था, आज फर्क साफ है कि भाजपा सरकार में आतंकवादी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए स्पेशल फोर्स का गठन किया गया है और इसमें तत्काल गिरफ्तारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने तय किया है कि हम उनके खिलाफ नहीं है जो अपनी मर्जी से धर्म परिवर्तन करके शादी करना चाहती हैं। छद्म नाम रखकर के, प्रलोभन देकर कोई भी व्यक्ति किसी भी बहन-बेटी के साथ खिलवाड़ नहीं कर पाये इसके लिए हमने यूपी में विधि विरूद्ध धर्म-परिवर्तन कानून बनाकर ऐसे लोग जो लवजिहाद करके हमारी बहनों को प्रताड़ित करते थे उनके जीवन के साथ खिलवाड़ करते थे उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का काम किया है।

## पशु रोग नियंत्रण योजना के लिए 451 लाख रुपए से अधिक स्वीकृत

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने पशुपालन विभाग की पशु रोग नियंत्रण योजना के लिए 451.476 लाख रूपये (चार करोड़ इक्यावन लाख सैंतालिस हजार छह सौ रूपये)की धनराशि वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृत की है। स्वीकृत धनराशि का व्यय अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना के अर्न्तगत किया जायेगा। यह योजना 60 प्रतिशत केन्द्र पोषित तथा 40 प्रतिशत राज्य पोषित है। पशुधन विभाग द्वारा इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया गया है। योजना के सुनियोजित क्रियान्वयन के लिए निदेशकए रोग नियंत्रण प्रक्षेत्रए पशुपालन विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। शासनादेश में कहा गया है कि स्वीकृत धनराशि का आहरण एवं व्यय भारत सरकार के दिशा निर्देशों एवं निर्धारित मानकों व कार्य योजना का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जाएगा।

# कृषक हित में जैविक खेती ज्यादा बेहतर: लाखन सिंह

● कृषि राज्य मंत्री ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सप्ताह का किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारत** सरकार द्वारा भारत के 75 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मनाये जा रहे भारत का अमृत महोत्सव के अंतर्गत बुधवार को कृषि भवन में कृषि राज्य मंत्री लाखन सिंह राजपूत ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सप्ताह का उद्घाटन किया। कृषि राज्यमंत्री ने कार्यक्रम में आए किसानों को जैविक खेती और रासायनिक खेती में अन्तर को समझाते बताया कि जैविक खेती कृषक हित में रासायनिक खेती की अपेक्षा ज्यादा बेहतर है । इस मौके पर अपर मुख्य सचिव द्वारा कृषकों को बीमा होने की सूचना दिये जाने पर जोर देते हुए कृषि विभाग के अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारी का बोध कराया गया । कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि बीमा कम्पनियों द्वारा फसल कटाई प्रयोगों के आधार पर जो क्षतिपूर्ति भुगतान की जाती है ए उसका मिलान कृषि विभाग द्वारा आंकलित की गयी क्षतिपूर्ति से प्रत्येक मौसम में कराया जाय। यदि किसी बीमा कम्पनी द्वारा विभाग द्वारा आंकलित क्षतिपूर्ति से कम क्षतिपूर्ति का भुगतान किया जाय तो उसे सम्पूर्ण क्षतिपूर्ति का भुगतान करने हेतु निर्देशित किया जाय । कृषि निदेशक ने किसानों से अपील करी कि अपनी फसलों का बीमा करायें और क्षति की दशा में बीमा लाभ प्राप्त करें। कृषि राज्यमंत्री एवं अपर मुख्य सचिव द्वारा राज्य स्तर के सर्वाधिक क्षतिपूर्ति पाने वाले 5 किसानों को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार लखनऊ जनपद के सर्वाधिक क्षतिपूर्ति पाने वाले 5 किसानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# जनता को भाजपा ने झूठे सपने दिखाए: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में बहुत अन्याय है। जनता को भाजपा ने झूठे सपने दिखाए। यहां तक कि विज्ञापन भी झूठे दिखा रहे हैं। भाजपा के लोग दमदार झूठ बोलने वाले हैं। लेकिन इनके झूठ के फूल में खुशबू नहीं है। बुन्देलखंड को भाजपा राज में कुछ नहीं मिला है। किसान को धोखा दिया है। नौजवान बेरोजगारी से जूझ रहा है। अब यह लोगों को ही तय करना है कि उन्हें योगी सरकार चाहिए या योग्य सरकार चाहिए।



श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों की आय दुगनी करने का झूठ बोला। भाजपा सरकार में जानबूझकर पेपर लीक किया जाता है। यह लीक सरकार है। सरकार इसलिए पेपर लीक कराती है जिससे नौजवानों को नौकरी न देना पड़े। टीईटी पेपर लीक हुआ। लाखों नौजवान परेशान हुए। इससे पहले भी इस सरकार में कई बार पेपर लीक हुए हैं। श्री यादव ने कहा कि भाजपा के वादे जुमले निकले। इनकी बातें झूठी हैं। भाजपा सरकार ने डीजल.पेट्रोल के दाम बढ़ाकर हर चीज को महंगा कर दिया है। गरीब की गाड़ी नहीं चल पा रही है। खाद महंगी हो गयी। किसानों को खाद नहीं मिल रही। सरकार ने खाद का समय पर इंतजाम नहीं किया। भाजपा सरकार ने अन्ना पशुओं के लिए कुछ नहीं किया। किसान रात-रात भर जागकर अपनी फसल को नहीं बचा पा रहा है।

## मुरादाबाद में आज प्रतिज्ञा रैली कर कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगी प्रियंका गांधी



**लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव व यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा 2 दिसंबर को मुरादाबाद में प्रतिज्ञा रैली कर पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगी। प्रतिज्ञा रैली की तैयारियां जोरों पर हैंए तैयारियों के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी पहले से ही पहुंच चुके हैं। कांग्रेस प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने रैली स्थल पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। प्रियंका गांधी इस प्रतिज्ञा रैली में कुछ नई प्रतिज्ञाओं की घोषणा भी कर सकती हैं। मुरादाबाद की प्रतिज्ञा रैली स्थल बुद्ध विहार ग्राउंड पर होगी। प्रियंका गांधी लगातार उत्तर प्रदेश में संगठन की मजबूती को लेकर दिन रात काम कर रहीं हैं। मुरादाबाद से पहले वह बनारस, गोरखपुर और महोबा में भी प्रतिज्ञा रैली कर चुकी हैं।

# प्रदेश में अब तक हुई 12.70 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद



● 181195 किसान हुए लाभान्वित, किया गया 1471.97 करोड़ का भुगतान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने किसानों को उनकी उपज की कीमत मूल्य समर्थन योजना के अनुरूप या उससे अधिक दिलाने के उद्देश्य से किसानों से सीधे धान की खरीद करते हुए खरीफ क्रय वर्ष 2021-22 में अब तक विभिन्न क्रय केन्द्रों के माध्यम सेए 1270277.03 मीट्रिक टन धान किसानों से क्रय किया है। खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार आज 54823.22 मीट्रिक टन खरीद हुई है। इस योजना से अब तक 181195 किसान लाभान्वित हुए हैं और करीब 1471.971 करोड़ रूपये का भुगतान उनके खातों में किया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा इस खरीफ क्रय वर्ष के तहत 70 लाख मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य रखा गया है।

# आंगनवाड़ी कार्यकत्री व सहायिकाओं को मिलेगा मासिक प्रोत्साहन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार द्वारा पोषण अभियान के अन्तर्गत आंगनवाड़ी कार्यकत्री एवं आंगनवाड़ी सहायिकाओं हेतु मासिक प्रोत्साह प्रदान करने के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश जारी किये गये है। इस संबंध में बाल विकास एवं पुष्टाहार द्वारा शासनादेश जारी कर दिया गया है। शासनादेश के अनुसार निदेशक सीपीएमयू, पोषण अभियान, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों-सहायिकाओं को मासिक प्रोत्साहन राशि प्रदान करने के सम्बन्ध में दिशानिर्देश निर्गत किए गये हैं, जिसके अन्तर्गत मासिक प्रोत्साहन मापदंड निर्धारित किये गए है। जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकत्री द्वारा मानदण्डों को पूरा करने पर 500 रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी। इसी प्रकार आंगनवाड़ी सहायिका द्वारा उपर्युक्त मानदंडों को पूरा करने पर रूपये 250 की धनराशि प्रदान की जाएगी।

# ओमीक्रान को लेकर लखनऊ में फोकस सैम्पलिंग शुरू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** वायरस के डेल्टा स्वरूप के बाद दक्षिण अफ्रीका में पाए गए ओमीक्रान को लेकर केंद्र सरकार के एलर्ट के बाद शुक्रवार से फोकस सैपलिंग की शुरूआत की गयी। जिसके अन्तर्गत जनपद के सभी चिकित्सा विश्वविद्यालय, संस्थानों एवं मेडिकल कालेज में लगभग 1700 छात्राओं, प्रोफेसर, प्रशिक्षक, कार्यालय स्टाफ मेस एवं कैनटीन स्टाफ हास्टल रेजीडेन्ट व स्टाफ की सैम्पलिंग करायी गयी।

इसके अतिरिक्त सीएमओ कार्यालय की तरफ से अमौसी एयरपोर्ट, लखनऊ पर आने वाली समस्त अन्तर्राष्ट्रीय उडानों के सभी यात्रियों की आरटीपीसीआर सैपलिंग करायी जा रही है। साथ स बन्धित यात्रियों को 8 दिवस स त होम क्वारंटीन में रहने तथा 8वे दिन पुन: आरटीपीसीआर टेस्ट कराने के निर्देश दिये जा रहे है।

## डेंगू के सात नए रोगी मिले, चार घरों को नोटिस

**लखनऊ।** जनपद में डेंगू रोग के प्रभावी नियन्त्रण हेतु मु य चिकित्साधिकारी लखनऊ के निर्देशानुसार नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीम द्वारा त्रिवेणीनगर, अलीगंज, बालागंज, आचार्य नरेन्द्र देव, राजा बाजार, इब्राहिमपुर, शारदानगर, बाबू कुंज बिहारी वार्ड के आस पास के क्षेत्रों का भ्रमण किया गया।

# प्रशिक्षित पुलिसकर्मियों के हाथों में हो ड्रोन कैमरे का संचालन: डीजीपी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**डीजीपी** मुकुल गोयल ने निर्देश दिए हैं कि यातायात नियंत्रण ए त्यौहार एवं कानून व्यवस्था आदि की ड्यूटी के अवसरों पर ड्रोन कैमरा संचालन कार्य में प्रशिक्षित पुलिस कर्मियों को ही लगाया जाए। डीजीपी बुधवार को पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे।

बैठक में पुलिस महानिदेशक लॉजिस्टिक, अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था, अपर पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिदेशक के जीएसओ, पुलिस आयुक्त लखनऊ, अपर पुलिस महानिदेशक यातायात सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था व यातायात आदि अवसरों पर बॉडीवार्न कैमरा, पिंक बूथ एवं ड्रोन कैमरा के उपयोग, उपयोगिता आदि महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। इस दौरान डीजीपी ने निर्देशित किया है कि बॉडीवार्न कैमरा के उपयोग के सम्बन्ध में निर्गत एसओपी का पूर्ण पालन कराया जाए तथा बॉडीवार्न कैमरा की उपयोगिता व उपयोग के सम्बन्ध में सभी को भली भांति ब्रीफ किया जाए । महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए स्थापित पिंक बूथ में नियुक्त महिला पुलिस कर्मियों को महिला सम्बन्धी शिकायतों के निराकरण आदि के सम्बन्ध में कार्यवाही के लिए प्रशिक्षित कराया जाए।

# केंद्रीय गृह राज्य मंत्री को बर्खास्त करने की मांग को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**लखीमपुर** में किसानों को गाड़ी से कुचलकर मारने के आरोपी आशीष मिश्रा के पिता और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी को पद से बर्खास्त करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। माल एवेन्यू प्रदेश कार्यालय से निकले कांग्रेसजनों को पुलिस ने जब आगे बढ़ने नहीं दिया कार्यकर्ता वहीं चौराहे पर धरने पर बैठ गए।

कांग्रेस प्रवक्ता पंकज तिवारी ने पुलिस प्रशासन के इस रवैये की कड़ी निन्दा की है। उन्होंने कहा कि अपनी उचित मांगों के लिए शांतिप्रिय तरीके से आन्दोलनरत लखीमपुर के किसानों के ऊपर निर्दयतापूर्वक गाड़ी से रौंद कर मार देने की घटना में भारत सरकार के गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी के विरुद्ध आज तक कोई भी कार्यवाह नहीं हुई है। वह लगातार प्रधानमंत्री मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह के साथ मंच पर नजर आते है। ये लखीमपुर में शहीद हुए किसानों के परिजनों का अपमान है। मोदी सरकार के इसी तानाशाह रवैये के विरुद्ध राजीव चौक चौराहे पर प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसजनों को पुलिस ने रोक कर साबित किया कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार भी किसानों के साथ हो रही क्रूरता में बराबर की भागीदार है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जबरन रोकने के लिए लाठीचार्ज किया। जिसमें कांग्रेस पार्टी के तमाम नेता एवं कार्यकर्ता घायल हो गये। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सतीश आजमानी, उपाध्यक्ष एवं प्रशासन प्रभारी योगेश दीक्षित, संगठन महासचिव दिनेश सिंह, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमटी मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन पंकज श्रीवास्तव , प्रदेश महासचिव शिव पाण्डेय, प्रदेश प्रवक्ता उमाशंकर पाण्डेय जिला कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उत्तरी अजय श्रीवास्तव व शहर दक्षिणी के अध्यक्ष दिलप्रीत सिंह सहित कई नेताओं एवं कार्यकर्ताआओं ने पुलिस के तानाशाही रवैये के विरुद्ध किसानों को न्याय दिलाने के लिए धरना दिया।

# अब गन्ना किसान 10 दिसंबर तक भर सकते हैं घोषणा पत्र

● अन्तिम तिथि तक घोषणा पत्र न भरने वाले गन्ना किसान कई सुविधाओं से हो जाएंगे वंचित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के ऐसे गन्ना किसान जो इण्टरनेट-सर्वर की गति धीमी होने अथवा मोबाइल या इण्टरनेट की अच्छी जानकारी के आभाव में एवं अन्य तकनीकी कारणों से घोषणा.पत्र भरने से अभी भी वंचित रह गये हैं उनकी सुविधा के दृष्टिगत ईआरपी की वेबसाइट पर ऑनलाइन घोषणा पत्र भरने की अन्तिम तिथि को 30 नवम्बर से बढ़ाकर 10 दिसम्बर 2021 करते हुए अन्तिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। यह जानकारी आयुक्त गन्ना एवं चीनी संजय आर भूसरेड्डी ने दी। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन घोषणा पत्र भरने की अन्तिम तिथि को पूर्व में 4 बार बढ़ाया जा चुका है परन्तु कुछ गन्ना कृषक कतिपय तकनीकी कारणों जैसे इण्टरनेट की स्लो स्पीड, बिजी सर्वर आदि समस्याओं के कारण अभी भी घोषणा पत्र भरने से वंचित रह गये हैं।

इन कृषकों की सुविधा व अनुरोध के दृष्टिगत गन्ना किसानों को घोषणा पत्र भरने के लिए 10 दिनों का एक और अवसर प्रदान करते हुए अन्तिम तिथि को बढ़ाने का निर्णय लिया गया। गन्ना आयुक्त ने प्रदेश के गन्ना किसानों से अपील की है कि प्रत्येक दशा में इस अवसर का लाभ लेते हुए पेराई सत्र 2021-22 हेतु 10 दिसम्बर तक अपना ऑनलाइन घोषणा पत्र भर दें। अन्तिम तिथि तक घोषणा पत्र न भरने वाले गन्ना किसानों को सामान्य बढोत्तरी, उपज बढोत्तरी, अतिरिक्त सट्टा आदि की सुविधा नहीं मिलेगी तथा सट्टा भी बंद किया जाएगा।

# बस अड्डों, रेलवे स्टेशन पर भी होगी आरटीपीसीआर जांच

● बिना जांच कराए किसी यात्री का यूपी में प्रवेश नहीं, जीनोम सीक्वेसिंग की बढ़ाएं रफ्तार: सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बेहतरीन** कोविड प्रबंधन से दूसरे देशों को अपना मुरीद बनाने वाली प्रदेश सरकार अब कोरोना के नए वैरिएंट ओमीक्रान को लेकर सर्तकता बरत रही है। कई देशों में ओमीक्रान के बढ़ते मामलों के बीच सर्वाधिक आबादी वाले प्रदेश के सभी बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन व एयरपोर्ट पर अतिरिक्त सर्तकता बरतने के निर्देश बुधवार को मु यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को दिए हैं। सीएम ने उच्चस्तरीय बैठक में मास्क को अनिवार्य करने और कोविड प्रोटोकाल का कड़ाई से पालन कराने के आदेश जारी किए हैं।

सीएम ने बैठक में कहा कि दूसरे देशों और प्रदेशों से उत्तर प्रदेश आ रहे हर व्यक्ति की आरटीपीसीआर जांच की जाए। बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन व एयरपोर्ट पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने के साथ ही बिना जांच किए किसी यात्री को बाहर न आने दिया जाए। पहले चरण में इंटरस्टेट कनेक्टिविटी वाले बस स्टेशन पर जांच को तेज़ी से बढ़ाते हुए अतिरिक्त सतर्कता बरतें। सीएम ने केंद्र सरकार की तरफ से जारी गाइडलाइंस को प्रभावी रूप से लागू किए जाने के आदेश दिए। सीएम ने कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमीक्रान को लेकर प्रदेश में जीनोम सीक्वेसिंग की र तार को बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। लखनऊ के केजीएमयू, पीजीआई में जीनोम सीक्वसिंग की र तार को बढ़ाने के निर्देश देते हुए सीएम ने गोरखपुर, झांसी, मेरठ में तेज़ी से जीनोम सीक्वेंसिंग की व्यवस्था करने के आदेश दिए हैं। सीएम ने नगर विकास और ग्रा य विकास विभाग को स्वच्छता और सेनिटाइजेशन की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश में अब पब्लिक एड्रेस सिस्टम की मदद से जागरूक करने की कवायद को शुरु किया जाएगा। वहीं, दिव्यांग, अक्षम, निराश्रित, वृद्धजनों से संपर्क कर प्राथमिकता पर उनका टीकाकरण कराया जाएगा। वहीं कोविड टीके की दोनों खुराक पाने वालों की सं या सबसे अधिक उत्तर प्रदेश में है। यूपी में 5 करोड़ 6 लाख अधिक लोगों को टीके की दोनों डोज देकर कोविड का सुरक्षा कवर प्रदान कर दिया गया है।

मीडिया कवरेज समिति

# डिजिटल मीडिया की निगरानी के लिए सशक्त प्रणाली बने : संसदीय समिति

**नई दिल्ली।** संसद की एक समिति ने सरकार को सुझाव दिया है कि वह सभी पक्षों के साथ पर्याप्त रूप से परामर्श कर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार को पूरी तरह से संरक्षित रखते हुए डिजिटल मीडिया पर निगरानी के लिए सशक्त प्रणाली तैयार करे। समिति ने यह भी कहा कि वह सूचना और प्रसारण मंत्रालय से भारत में प्रेस के मानक को बनाए रखने और बढ़ावा देने के लिए भारतीय प्रेस परिषद (पीसीआई) द्वारा सेंसर किए गए मामलों पर कार्वाई करने के मकसद से ब्यूरो आफ आउटरीच एंड कम्यूनिकेशन के लिए कोई समय सीमा निर्धारित करने का आह्वान करती है। लोकसभा में पेश कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अध्यक्षता वाली सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थाई समिति की मीडिया कवरेज में नैतिक मानक विषय पर रिपोर्ट में यह सिफारिश की गई है।

संसदीय समिति ने कहा कि वह इस बात से व्यथित है कि ऐसे कई मामलों में दोषी समाचार पत्र पीसीआई द्वारा सेंसर किए जाने के बाद भी वही गलतियां दोहराते हैं। समिति ने कहा, यह गंभीर चिंता का विषय है कि मीडया जो कभी लोकतंत्र में नागरिकों के हाथों में सबसे भरोसेमंद हथियार था और जनता के न्यासी के रूप में कार्य करता है, वह धीरे-धीरे अपनी विश्वसनीयता और सत्यनिष्ठा खो रहा है, जहां मूल्यों और नैतिकता को अपने अनुकूल बनाया जा रहा है। समिति ने कहा कि मीडिया द्वारा पेड न्यूज, फर्जी खबर, टीआरपी में हेराफेरी, मीडिया परीक्षण, सनसनी फैलाने, पक्षपातपूर्ण रिपोर्टिंग आदि के रूप में परिलक्षित आचार संहिता के उलंघन के बड़े पैमाने पर उदाहरणों ने लोगों के मन में इसकी विश्वसनीयता पर बड़ा सवालिया निशान लगा दिया है जो लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं है। एक अच्छा लोकतंत्र जनता की भागीदार पर फलता-फूलता है जो जिम्मेदार मीडिया द्वारा सही सूचना के प्रसार के माध्यम से संभव है।

समिति ने कहा कि मीडिया का इतना प्रभाव है कि वह किसी भी व्यक्ति, संस्था या किसी भी विचार को बना या बिगाड़ सकता है। मीडिया अपने विशेषाधिकार, कर्तव्यों और दायित्वों से आँखे नहीं फेर सकता। पत्रकारिता एक ऐसा पेशा है, जो सेवा करता है। इस कारण दूसरों से प्रश्न करने का विशेषाधिकार प्राप्त हुआ है। इन विशेषाधकार का प्रयोग करने के लिए, मीडिया को सूचना एकत्र करने और प्रसारित करने में कुछ नैतिक मानदंड का पालन करना अनिवार्य है। सभी पक्षों के साथ पर्याप्त रूप से परामर्श कर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार को पूरी तरह से संरक्षित रखते हुए डिजिटल मीडिया पर निगरानी के लिए सशक्त प्रणाली का प्रयोग किया जाए। समिति को यह भी विश्वास है कि सरकार मीडिया की स्वतंत्रता और स्वावलंबन को अत्यंत महत्व देगी ताकि वे बिना किसी भय और पक्षपात के यथासंभव समाचार को निष्पक्ष रूप से कवर करें। समिति ने कहा कि सरकार के लिए यह भी जरूरी है कि वह इसके लिए अनिवार्य कानूनी और सामाजिक ढांचा सुनिश्चिचत करे जो मीडिया को उनके पेशे के स्थापित मूल्य का सम्मान करने और उनका अनुसरण करने के लिए प्रोत्साहित कर सके।

## विपक्ष सामंती गुरूर के सुरूर से बाहर आए और माफी मांगेः नकवी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के उप नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने संसद के मानसून सत्र के दौरान राज्यसभा में अशोभनीय आचरण के लिए 12 सांसदों के निलंबन को लेकर बुधवार को कहा कि विपक्ष को अपने सामंती गुरूर के सुरूर से बाहर निकलना चाहिए और अपने कृत्य को सही ठहराने की बजाय माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा कि सरकार हमेशा यह चाहती है कि सभी सदस्य चर्चा में भाग लें, लेकिन कुछ विपक्षी सदस्यों की प्राथमिकता व्यवधान डालने की होती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विपक्ष को सामंती गुरूर के सुरूर से बाहर आना चाहिए और अपनी गलती स्वीकार करनी चाहिए। संसद के सोमवार को आरंभ हुए शीतकालीन सत्र के पहले दिन राज्यसभा में कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों के 12 सदस्यों को इस सत्र की शेष अवधि तक के लिए उच्च सदन से निलंबित कर दिया गया था। जिन सदस्यों को निलंबित किया गया है उनमें मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के इलामारम करीम, कांग्रेस की फूलों देवी नेताम, छाया वर्मा, रिपुन बोरा, राजमणि पटेल, सैयद नासिर हुसैन, अखिलेश प्रताप सिंह, तृणमूल कांग्रेस की डोला सेन और शांता छेत्री, अनिल देसाई तथा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के विनय विस्वम शामिल हैं।




भोपाल में बुधवार को विश्व एड्स दिवस कार्यक्रम के दौरान जागरुकता मार्च निकालतीं छात्राएं

## अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति मेंः भाजपा

**नई दिल्ली।** देश की आर्थिक वृद्धि दर और अन्य आर्थिक संकेतकों का हवाला देते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को दावा किया कि देश में कोरोना महामारी आने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा लिए गए फैसलों का ही परिणाम है। भाजपा प्रवक्ता सैयद जफर इस्लाम ने कहा कि कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया और भारतीय अर्थव्यवस्था भी इससे अछूती नहीं रही लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन, कुशल नेतृत्व और दृढ़ फैसलों के कारण भारत की अर्थव्यवस्था आज मजबूती से आगे बढ़ रही है।

भारत का औद्योगिक क्षेत्र 6.3 प्रतिशत की गति से आगे बढ़ रहा है। विनिर्माण क्षेत्र 7.5 प्रतिशत की गति से आगे बढ़ रहा है मजबूती के साथ 10.2 प्रतिशत की गति से आगे बढ़ रहा है। ज्ञात हो कि देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2021-22 की दूसरी तिमाही में 8.4 प्रतिशत रही। इसके साथ ही वृद्धि दर कोविड-पूर्व स्तर को पार कर गई। उम्मीद से बेहतर वृद्धि दर के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था इस साल प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज वृद्धि हासिल करने के रास्ते पर है। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार जुलाई-सितंबर तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर पहली तिमाही की 20.1 प्रतिशत वृद्धि दर की तुलना में धीमी पड़ी है। समान अवधि में दर्ज 7.4 प्रतिशत की गिरावट के मुकाबले बेहतर ही है।

आर्थिक गतिविधियां, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के आंकड़ें और अन्य विभिन्न संकेतक सर्वकालिक उच्च स्तर पर हैं। इससे आने वाले दिनों में रोजगार के अवसर पैदा होंगे ओर भावी पीढ़ी को मदद मिलेगी। महंगाई के मुद्दे पर सरकार की आलोचनाओं को खारिज करते हुए कहा कि पिछले सात सालों से केंद्र की भाजपा सरकार के दौरान उपभोक्ता मूल्य सूचकांक औसत चार प्रतिशत से भी नीचे रहा है जबकि कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) के दौरान यह दहाई अंकों में था।

## त्रासदी के 37 साल बाद भी पीड़ितो को न्याय दिलाने में विफल रहीं सरकारें

**भाषा।** भोपाल

**मध्यप्रदेश** की राजधानी भोपाल में वर्ष 1984 के गैस त्रासदी के पीड़ितों के हित में काम कर रहे गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) ने बुधवार को आरोप लगाया कि 37 साल गुजर जाने के बावजूद प्रदेश और केंद्र की विभिन्न सरकारें दुनिया की सबसे बड़ी औद्योगिक त्रासदी के दोषियों को सजा दिलाने में नाकाम रही हैं। यूनियन कार्बाइड इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) के कीटनाशक संयंत्र से 2-3 दिसंबर, 1984 की मध्यरात्रि गैस के रिसाव के कारण पांच लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए थे और 15,000 से अधिक लोग मारे गए थे। यह कारखाना भोपाल के बाहरी इलाके में स्थित था।




भोपाल गैस पीड़ित महिला स्टेशनरी कर्मचारी संघ की अध्यक्ष और गोल्डमैन पर्यावरण पुरस्कार विजेता रशीदा बी ने कहा,"हम चाहते हैं कि दुनिया को पता चले कि विश्व के सबसे भीषण औद्योगिक हादसे के 37 साल बाद भी भोपाल गैस पीड़ितों को न्याय से वंचित रखा गया है। उन्होंने दावा किया, हमें यह बताते हुए खेद हो रहा है कि किसी पीड़ित को पर्याप्त मुआवजा नहीं मिला है और आज तक कोई भी अपराधी एक मिनट के लिए भी जेल नहीं गया है।

उन्होंने आरोप लगाया, इसका कारण यह है कि हमारी लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकारें और अमरीकी कंपनियों के बीच सांठगांठ आज भी जारी है। भोपाल ग्रुप फॉर इन्फॉर्मेशन एन्ड एक्शन की रचना ढींगरा ने कहा, मिट्टी और भूजल को प्रदूषित होने के कारण हुई पर्यावरणीय क्षति के लिए डाव केमिकल-अमरीका से मुआवजे का दावा करने के बजाए, मध्यप्रदेश सरकार दुनिया के सबसे ज्यादा जहरीले स्थल के ऊपर स्मारक बनाने के नाम पर कम्पनी को उसकी कानूनी जिम्मेदारियों से बचाने में मदद कर रही है।

भोपाल गैस पीड़ित महिला पुरुष संघर्ष मोर्चा की शहजादी बी ने आरोप लगाया, अस्पतालों में भीड़, संभावित हानिकारक दवाओं का बेहिसाब और अंधांधुंध इस्तेमाल और मरीजों की लाचारी वैसी ही बनी हुई है जैसी हादसे की सुबह थी। आज यूनियन कार्बाइड की गैसों के कारण फेफड़े, हृदय, गुर्दे, अंत:स्त्रावी तंत्र , तंत्रिका तंत्र और रोग प्रतिरोधक तंत्र की पुरानी बीमारियों के लिए इलाज की कोई प्रमाणिक विधि विकसित नहीं हो पाई है क्योंकि सरकार ने हादसे के स्वास्थ्य पर प्रभाव के सभी शोध बंद कर दिए हैं और यूनियन कार्बाइड कम्पनी ही है जिसके पास स्वास्थ्य संबंधी सारी जानकारी है और आज तक कम्पनी ने इस जानकारी को दबा कर रखा है। डाव-कार्बाइड के खिलाफ बच्चों नामक संगठन के नौशीन खान ने कहा, राज्य और केंद्र सरकारों ने हादसे के बाद पैदा हुए पीड़ितों की संतानों को निराश किया है। अंतराष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित वैज्ञानिक अध्ययनों से पता चलता है कि हादसे के बाद गैस पीड़ितों के घर जन्मे बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ा है। माता-पिता के गैस हादसे से प्रभावित होने के कारण दसियों हज़ार बच्चों को स्कूल छोड़ना पड़ा।

### क्विक न्यूज

## सड़क दुर्घटनाओं में मारे गए पैदल यात्रियों की संख्या घटी

**नई दिल्ली।** कैलेंडर वर्ष 2020 के दौरान भारत मे सड़क दुर्घटनाओं मे मारे गए पैदल चलने वाले लोगो की संख्या 23,483 रह गई। बुधवार को संसद को यह जानकारी दी गई। राज्यसभा मे एक प्रश्न के लिखित उत्तर मे, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि कैलेंडर वर्ष 2019 के दौरान सड़क दुर्घटनाओं मे कुल 25,858 पैदल चलने वालों की मौत हो गई। मंत्री ने कहा कि कैलेंडर वर्ष 2020 मे सड़क दुर्घटना मे मरने वालो की कुल संख्या 1,31,714 थी, जबकि कैलेंडर वर्ष 2019 मे 1,51,113 थी। गडकरी ने कहा कि मंत्रालय, राज्य पुलिस से दुर्घटनाओं और मौत पर सूचना और आंकड़े हासिल करता है। आगे विस्तार करते हुए, मंत्री ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और जीवन बचाने के लिए, संसद द्वारा पारित मोटर वाहन (संशोधन) अधिनियम, 2019 सड़क सुरक्षा पर केंद्रित है, और इसमें अन्य बातों के साथ, यातायात उल्लंघन के लिए दंड में वृद्धि, इलेक्ट्रॉनिक निगरानी शामिल है। किशोर ड्राइविंग के लिए बढ़ा हुआ दंड आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा, हालांकि, पैदल चलने वालो की मौत क्यो होती है, इस पर कोई अध्ययन उपलब्ध नही है या अध्ययन नही किया गया है। यह पूछे जाने पर कि क्या सरकार, सड़कों पर विशेष रूप से एक्सप्रेसवे पर विभिन्न श्रेणियो के वाहनों की गति सीमा बढ़ाने की योजना बना रही है, मंत्री ने कहा, इस मंत्रालय के पास ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नही है।

## अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, तीन की मौत

**नोदाखली (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले मे स्थित एक अवैध पटाखा निर्माण इकाई मे बुधवार को हुए विस्फोट में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विस्फोट सुबह करीब आठ बजे जिले के नोदाखली इलाके मे आशिम मंडल के दो मंजिला मकान मे हुआ। उन्होंने बताया कि आग बुझाने के लिए दमकल के एक वाहन को घटनास्थल पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि इस घटना मे मकान की छत का एक हिस्सा ध्वस्त हो गया था। अधिकारी ने कहा, मकान मे तीन विस्फोट हुए। घर के मालिक, एक महिला और कारखाने मे काम कर रहे एक अन्य व्यक्ति के शव बरामद कर लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि विस्फोट मे घायल हुए तीन अन्य लोगों को स्थानीय अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने कहा कि घायलों मे से एक की हालत काफी गंभीर है। अधिकारी ने कहा, ऐसा लगता है कि घायल व्यक्ति ने विस्फोट मे एक हाथ गंवा दिया है। उसकी हालत काफी गंभीर है। डॉक्टर उसका इलाज कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि पड़ोस की कुछ इमारतों को भी नुकसान पहुंचा है।अधिकारी ने बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

## एचआईवी सक्रमण की रोकने के लिए प्रतिबद्धः विजयन

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने बुधवार को कहा कि राज्य 2025 तक नए एचआईवी संक्रमण को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है और स्वास्थ्य क्षेत्र में किए गए महत्वपूर्ण कार्यों के कारण इस लक्ष्य को बहुत पहले प्राप्त किया जा सकता है। इस बीच, कोझिकोड़ शहर में कॉलेज के छात्रों के एक समूह ने विश्व एड्स दिवस पर एड्स रोगियों के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए पोस्टर प्रदर्शित किए। मुख्यमंत्री ने विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एक फेसबुक पोस्ट में कहा कि राज्य निवारक उपायों को तेज करने के साथ-साथ एचआईवी रोगियो का पता लगाकर व उन्हें उचित उपचार तथा देखभाल प्रदान करके नए संक्रमण को रोकने का लक्ष्य प्राप्त कर सकता है। विजयन ने कहा कि अक्टूबर मे राज्य मे एचआईवी के 25,775 मामले दर्ज किए गए थे और यहां वयस्को में संक्रमण का प्रसार 22 प्रतिशत के राष्ट्रीय आंकड़े की तुलना में 0.08 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि केरल में एचआईवी के मामले अन्य राज्यो की तुलना मे कम है, लेकिन अभी भी सुधार की गुंजाइश है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के स्वास्थ्य विभाग और एड्स नियंत्रण सोसाइटी ने नए एचआईवी संक्रमण को रोकने के लिए सरकार की योजना के तहत संयुक्त रूप से राज्य, जिला व तालुक स्तरों पर व्यापक कार्यक्रमो की योजना बनाई है। इस बीच, राज्य के कोझिकोड़ शहर में कॉलेज के छात्रों के एक समूह ने बुधवार को दुनिया भर में एड्स रोगियों के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए और उनके प्रति दिखाए गए भेदभाव को समाप्त करने की मांग करते हुए पोस्टर प्रदर्शित किए।

## भाजपा ने नैनो परियोजना की खिलाफत का मुद्दा उठाया

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार संदेह जताया कि महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ शिवसेना कुछ निवेश का रुख पश्चिम बंगाल की ओर मोड़ने में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मदद कर रही है। तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो बनर्जी और महाराष्ट्र सरकार में मंत्री आदित्य ठाकरे की मुलाकात के अगले दिन भाजपा ने यह टिप्पणी की है। यहां पत्रकारों से बातचीत मे महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और भाजपा विधायक आशीष शेलार ने बुधवार को सवाल किया कि बनर्जी और आदित्य ठाकरे के बीच हुई चर्चा के संबंध में कोई आधिकारिक बयान क्यों नही जारी किया गया है। मुंबई मे उद्योगपतियो के साथ बनर्जी की बैठक से ठीक पहले शेलार ने 2008 में पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और ममता बनर्जी द्वारा टाटा मोटर्स की नैनो परियोजना के विरोध का मुद्दा भी उठाया।



मुंबई में दो हजार विस्तरो की क्षमता वाला एक जंबो कोविड सेंटर तैयार किया गया

## नगर निगम चुनावों में टीएमसी सूपड़ा साफ करेगीः फिरहाद हकीम

**कोलकाता।** कोलकाता के पूर्व मेयर फिरहाद हकीम ने अगले कुछ वर्षों के लिए शहर के विकास की दृष्टि साझा करते हुए कहा है कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) विधानसभा चुनाव में मिली जीत की गति को बरकरार रखते हुए आगामी कोलकाता नगर निगम चुनावों के दौरान अपने रास्ते में आने वाली चुनौतियों से पार पा लेगी। वार्ड संख्या 82 से चुनाव जीतने को लेकर आश्वस्त, हकीम ने यह भी कहा कि चक्रवात के प्रभावों से निपटने के लिए शहर को बेहतर तरीके से तैयार करने को लेकर एक मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा।

चुनाव 19 दिसंबर को होना है। मतगणना दो दिन बाद 21 दिसंबर को होगी। राज्य के परिवहन मंत्री ने कहा कि शहर के लिए उनकी 10 सूत्री कार्ययोजना में अपशिष्ट जल प्रबंधन को बेहतर बनाना और हर घर को पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के अलावा पर्यावरण से जुड़े मुद्दों का हल करना भी शामिल होगा। उन्होंने पीटीआई-भाषा से एक साक्षात्कार में कहा कि टीएमसी 144 सदस्ईय नगर निकाय में 135-140 वार्ड में जीत हासिल करने को लेकर आश्वस्त है। उन्होंने जोर देते हुए कहा ।

भारतीय जनता पार्टी की साम्प्रदायिक राजनीति कोई नतीजा नहीं देगी जैसा कि इस साल की शुरूआत में विधानसभा चुनाव के दौरान देखने को मिला था। मंत्री ने कहा, चुनाव के दौरान साम्प्रदायिक विमर्श को बढ़ावा देने की भाजपा की आदत है। विधानसभ चुनाव के दौरान भी हमने देखा था कि उसने साम्प्रदायिक तनाव पैदा करने की कोशिश की थी लेकिन मुझे स्पष्ट कर देने दीजिए कि इस बार भी भगवा पार्टी को शिकस्त मिलेगी। वह शहर के प्रथम मुस्लिम मेयर रह चुके हैं। शोभन चटर्जी के मेयर पद से इस्तीफा देने के बाद उन्होंने दिसंबर 2018 में यह पदभार संभाला था।

## कश्मीरी पंडितों का प्रवास आधिकारियों की आवाजाही का हिस्सा : सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को कहा कि कश्मीरी पंडितों के 115 परिवारों का कश्मीर से हालिया जम्मू प्रवास अधिकारियों की आवाजाही का हिस्सा है शैक्षिक संस्थानों में शीतकालीन अवकाश की वजह से हुआ है। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। सरकार से कांग्रेस के नारणभाई जे राठवा ने पूछा था कि क्या सुरक्षा संबंधी बढ़ती चिंता सहित अन्य वजहों से कई हिंदू और सिख श्रीनगर से अन्यत्र जा रहे हैं। अक्टूबर 2021 में, कश्मीर में रह रहे करीब 115 कश्मीरी पंडित परिवार जम्मू चले गए। इनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। कर्मचारियों के हैं और इनमें से ज्यादातर लोग अधिकारियों की आवाजाही के तहत और शैक्षिक संस्थानों में शीतकालीन अवकाश की वजह से जम्मू गए हैं। जम्मू कश्मीर सरकार की एक वर्तमान योजना के तहत, आतंकवादी हिंसा संबंधी घटनाओं में मारे गए नागरिकों के परिजन को एक-एक लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी।

## महिला ने तेंदुए के जबड़े से अपने बेटे को बचाया

● मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की सराहना

**सीधी( मध्य प्रदेश )।** मध्यप्रदेश के सीधी जिले के एक गांव की एक आदिवासी महिला ने एक तेंदुए से लड़ते हुए उसके पंजे से अपने आठ साल के बच्चे को छुड़ा लिया। एक वन अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को एक ट्वीट कर महिला के इस साहसिक कार्य की सराहना की।

गांव में घर के बाहर से अपने बेटे को तेंदुए द्वारा अचानक उठाकर ले जाने के बावजूद महिला ने अपना संयम नहीं खोया और अपने अन्य बच्चों को झोंपड़ी में बंद कर वह तेंदुए के पीछे जंगल की ओर दौड़ पड़ी। यह घटना रविवार की रात को सीधी जिले के संजय बाघ अभयारण्य के बफर जोन के बड़ी झरिया गांव में हुई। निदेशक वाई पी सिंह ने कहा कि बैगा जनजाति की महिला किरण अपने तीन बच्चों के साथ अपनी झोंपड़ी के बाहर आग तापने के लिए बैठी थी, तभी अचानक एक तेंदुआ उसके बगल में बैठे आठ साल के बेटे राहुल को जबड़े में पकड़ कर जंगल की ओर भाग निकला।

अचानक हुई इस घटना से महिला सदमे में तो थी लेकिन उसने साहस एवं समझदारी से काम लेते हुए करीब एक किलोमीटर तक जंगल में तेंदुए का पीछा किया। जंगल में तेंदुआ झाड़ियों में छिपकर बच्चे को अपने पंजों में जकड़े हुए था। किरण ने भी हार नहीं मानी और वह डंडे से तेंदुए को डराने की कोशिश करते हुए शोर मचाती रही। तेंदुआ शायद महिला के साहस से डर गया और बच्चे को वहीं छोड़ दिया। किरण ने तुरंत बेटे को गोद में लिया लेकिन तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। हालांकि बेटे को बचाते हुए किरण ने बड़े साहस के साथ तेंदुए पर काबू पा लिया। इस दौरान किरण की मदद की गुहार सुनकर अन्य ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए और तेंदुआ जंगल में भाग गया।

## राजस्थान सरकार का लक्ष्य 2030 तक राज्य को एड्स मुक्त बनाना है : मीणा

**भाषा।** जयपुर

**राजस्थान के चिकित्सा** व स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने बुधवार को कहा कि समाज में जन जागरूकता लाकर ही एचआईवी-एड्स बीमारी के खिलाफ जंग को सशक्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सावधानी और सतर्कता के जरिए ही हम अपनी पीढ़ियों को सुरक्षित कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा प्रशासन शहरों-गांवों के संग अभियान में मरीजों की जांच कर निशुल्क दवाएं दी जा रही हैं। सरकार का लक्ष्य 2030 तक प्रदेश को एड्स मुक्त बनाना है। मीणा, विश्व एड्स दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एड्स पीड़ित नियमित दवाओं के सेवन से सामान्य जीवन यापन कर सकते हैं। उन्होंने कहा, राज्य सरकार प्रदेशवासियों को चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के जरिए पांच लाख रुपए तक का बीमा दे रही है।

राज्य सरकार जरूरतमंद लोगों को निशुल्क दवाएं देकर और उनकी निशुल्क जांच कर मुख्यमंत्री के निरोगी राजस्थान के संकल्प को साकार कर रही है। उन्होंने जोखिम वाली बीमारियों के मरीजों को आगे आकर जांच करवाने का आह्वान किया। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जरूरतमंद और गरीब तबके के लोगों तक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की हरसंभव कोशिश कर रही है। विभाग द्वारा एचआईवीएड्स बीमारी से पीड़ित लोगों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।

एड्स पीड़ितों के लिए कार्य कर रही संस्थाओं की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि संस्थाएं ऐसे लोगों को मुख्यधारा में लाने का अनुकरणीय कार्य कर रही हैं। इस अवसर पर उन्होंने एड्स नियंत्रण के लिए बेहतरीन कार्य करने वाले अधिकारियों, कार्मिकों और रेड रिबन क्लब के सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर भी सम्मानित किया। एड्स कंट्रोल सोसायटी के निदेशक डॉ. रवि प्रकाश शर्मा ने बताया कि विभाग द्वारा राज्य में व्यापक स्तर पर जन जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं।



गुवाहटी में रेलवे ट्रैक को पार करते समय तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आए जंगली हाथी के शव को हटाते हुए अधिकारी।

# सेंसेक्स 620 अंक उछला, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बैंक शेयरों में तेजी

**भाषा।** मुंबई







**शेयर बाजारों** में बुधवार को बीएसई सेंसेक्स जहां 620 अंक उछलकर बंद हुआ, वहीं एनएसई निफ्टी ने 17,100 के स्तर को फिर से प्राप्त कर लिया। कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन को लेकर चिंता के बावजूद वैश्विक बाजारों में सुधार के बीच निवेशकों ने हाल में गिरावट वाले बैंक, वित्त और ऊर्जा शेयरों की लिवाली की। कारोबारियों के अनुसार, डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर में सुधार तथा उत्साहजनक वृहत आर्थिक आंकड़ों से निवेशकों पर सकारात्मक असर पड़ा है।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 619.92 अंक यानी 1.09 प्रतिशत उछलकर 57,684.79 पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 183.70 अंक यानी 1.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,166.90 अंक पर बंद हुआ।सेंसेक्स के शेयरों में 5.73 प्रतिशत की तेजी के साथ सर्वाधिक लाभ में इंडसइंड बैंक रहा। इसके अलावा एक्सिस बैंक, एसबीआई, मारुति, टेक महिंद्रा और रिलायंस इंडस्ट्रीज में भी प्रमुख रूप से तेजी रही।दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में डॉ. रेड्डीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, सन फार्मा, भारती एयरटेल, टाइटन और कोटक बैंक शामिल हैं। इनमें 1.58 प्रतिशत तक की गिरावट आई।जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक बाजारों में मंगलवार को बिकवाली के बाद आज सुधार दिखा। इससे भारतीय बाजारों में भी तेजी रही। इसके अलावा जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) के बेहतर आंकड़े का भी असर पड़ा। कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के प्रभाव के बाद आर्थिक गतिविधियों के पटरी पर लौटने के साथ देश की जीडीपी वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 8.4 प्रतिशत रही। उन्होंने कहा, हालांकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व प्रमुख के बांड खरीद कार्यक्रम में कमी किए जाने के साथ ओमीक्रोन को लेकर निवेशक चिंतित हैं, लेकिन इसके बावजदू वैश्विक शेयर बाजारों में आज अच्छा सुधार हुआ। इस बीच, बाजार की स्थिति में सुधार के साथ देश में विनिर्माण गतिविधियों में नवंबर में और मजबूती आई। फरवरी के बाद से उत्पादन और बिक्री में सबसे तेज वृद्धि देखी गई है। एक मासिक सर्वेक्षण में बुधवार को यह जानकारी दी गई।आईएचएस मार्केट इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) अक्टूबर में 55.9 से बढ़कर नवंबर में 57.6 हो गया। यह इस क्षेत्र की स्थिति में 10 महीनों में सबसे मजबूत सुधार का संकेत है। इसके अलावा जीएसटी (माल एवं सेवा कर) संग्रह नवंबर में 25 प्रतिशत बढ़कर 1.31 लाख करोड़ रुपए रहा। जीएसटी क्रियान्वयन के बाद यह दूसरी बार सर्वाधिक संग्रह है। यह व्यापार गतिविधियों में सुधार के साथ आर्थिक पुनरुद्धार और अनुपालन में वृद्धि को बताता है। रेलिगेयर ब्रोकिंग के उपाध्यक्ष (अनुसंधान) अजित मिश्रा ने कहा कि दुनिया भर के लिए ओमीक्रोन चिंता का विषय है। लेकिन इसके साथ अनुकूल घरेलू आंकड़ों से फिलहाल राहत मिल सकती है। लेकिन इससे बाजार को कोई दिशा मिलेगी, ऐसा नहीं है। ऐसे में यह बेहतर होगा कि सतर्क रुख अपनाया जाए और चीजें स्पष्ट होने तक इंतजार किया जाए। एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग, चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की लाभ में रहे।यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी दोपहर कारोबार में तेजी का रुख रहा। उधर, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 3.96 प्रतिशत की बढ़त के साथ 71.97 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर 22 पैसे की तेजी के साथ 74.91 पर पहुंच गई। शेयर बाजार के आंकड़े के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशक पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल बने हुए हैं और उन्होंने मंगलवार को 5,445.25 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

## इन्फिनिटी मंच से हितधारक अलग तरीके से सोचने के लिए प्रेरित होंगे: पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि इन्फिनिटी मंच हितधारकों को पारंपरिक मानसिकता से परे सोचने और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, हरित प्रौद्योगिकी, कृषि प्रौद्योगिकी, क्वांटम कंप्यूटिंग और अन्य से जुड़े नए रुझानों पर चर्चा करने के लिए प्रेरित करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिसंबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) पर थॉट लीडरशिप फोरम इन्फिनिटी मंच का उद्घाटन करेंगे। मोदी ने ट्विटर पर लिखा, इन्फिनिटी मंच का एक दिलचस्प विषय है- बियॉन्ड ... शुक्रवार, 3 दिसंबर को सुबह 10 बजे इन्फिनिटी मंच के शुभारंभ के अवसर पर एक बहुत ही दिलचस्प कार्यक्रम का आयोजन होगा। यह एक विचारशील नेतृत्व मंच है जो वित्त प्रौद्योगिकी संबंधित पहलुओं और समावेशी विकास के लिए इसके इस्तेमाल पर केंद्रित है। मोदी ने युवाओं, विशेष रूप से स्टार्ट-अप, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार की दुनिया से जुड़े युवा लोगों से इन्फिनिटी मंच के बारे में अधिक जानने और कार्यक्रम में हिस्सा लेने की अपील की।

## क्विक न्यूज

### विवेक जौहरी ने सीबीआईसी के चेयरमैन का पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ नौकरशाह विवेक जौहरी ने बुधवार को केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन का पदभार संभाल लिया।1985 बैच के भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष कर) के अधिकारी जौहरी सीबीआईसी के सदस्य रहे है। उन्होंने एम अजीत कुमार का स्थान लिया है, जिनका कार्यकाल 30 नवंबर को पूरा हो गया। सीबीआईसी ने ट्विटर पर लिखा, आईआरएस (सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष बोर्ड, 1985) विवेक जौहरी आज, एक दिसंबर, 2021 से केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन के रूप में कार्यभार संभाल रहे है।

### उत्पादन, बिक्री में वृद्धि के कारण नवंबर में भारत के विनिर्माण क्षेत्र को मजबूती मिली: पीएमआई

**नई दिल्ली।** बाजार की स्थिति में सुधार के कारण भारत के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में नवंबर में और मजबूती आई। फरवरी के बाद से उत्पादन और बिक्री में सबसे तेज वृद्धि देखी गई है। एक मासिक सर्वेक्षण में बुधवार को यह जानकारी दी गई। आईएचएस मार्केट इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) अक्टूबर में 55.9 से बढ़कर नवंबर में 57.6 हो गया, जो इस क्षेत्र की स्थिति में 10 महीनों में सबसे मजबूत सुधार का संकेत है। नवंबर के आंकड़ों ने लगातार तीन महीनों की खराब स्थिति के बाद भर्ती की गतिविधि में सुधार के संभावित संकेतों की ओर इशारा किया। अक्टूबर महीने के पीएमआई आंकड़े ने लगातार पांचवें महीने समग्र परिचालन स्थितियों में सुधार की ओर इशारा किया था।

### बंगाल को ग्रामीण बिजली वितरण नेटवर्क को उन्नत करने के लिए विश्व बैंक से मिलेगा 13.5 करोड़ डॉलर का ऋण

**कोलकाता।** अंतरराष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक (आईबीआरडी) ने पश्चिम बंगाल के चुनिंदा इलाकों में बिजली आपूर्ति की परिचालन क्षमता और विश्वसनीयता में सुधार के लिए 13.5 करोड़ डॉलर के ऋण को मंजूरी दी है। आईबीआरडी और इसकी रियायती ऋण देने वाली शाखा, अंतरराष्ट्रीय विकास संघ को सामूहिक रूप से विश्व बैंक कहा जाता है। वेरिएबल स्प्रेड ऋण या फ्लोटिंग ब्याज ऋण की मैच्योरिटी 17 साल की होगी, जिसमें सात साल की छूट अवधि भी शामिल है और इसका उद्देश्य वितरण नेटवर्क को मजबूत करना, स्मार्ट-ग्रिड प्रौद्योगिकियों में निवेश करना और राज्य बिजली कंपनियों की वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करना है।

### चालू वित्त वर्ष में जीडीपी में 9.5 फीसद से ज्यादा की वृद्धि हो सकती है: रिपोर्ट

**मुंबई।** भारतीय स्टेट बैंक की शोध रिपोर्ट ईकोरैप के अनुसार वित्त वर्ष 2021-22 में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 9.5 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होने की संभावना है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था 8.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में यह 20.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की थी। अक्टूबर की मौद्रिक नीति समीक्षा में, भारतीय रिजर्व बैंक ने 2021-22 में वास्तविक जीडीपी वृद्धि के अपने अनुमान को 9.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा था, जिसमें दूसरी तिमाही में 7.9 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 6.8 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 6.1 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान शामिल था। शोध रिपोर्ट में कहा गया, हमारा मानना है कि वास्तविक जीडीपी वृद्धि अब रिजर्व बैंक के 9.5 प्रतिशत के अनुमान से ज्यादा होगी और ऐसा तीसरी और चौथी तिमाही के लिए रिजर्व बैंक का अनुमान बिल्कुल सही मानते हुए है।इसमें कहा गया कि वास्तविक जीडीपी वृद्धि 10 प्रतिशत के करीब हो सकती है।

### उभरती अर्थव्यवस्थाओं पर ओमीक्रोन का प्रभाव प्रतिबंधों, नीतिगत समर्थन पर निर्भर: मूडीज

**नई दिल्ली।** उभरती अर्थव्यवस्थाओं पर कोविड-19 के ओमीक्रोन स्वरूप का आर्थिक प्रभाव सरकारी प्रतिबंधों, सामाजिक मेलजोल के साथ सरकारों और केंद्रीय बैंकों द्वारा निजी क्षेत्र को अतिरिक्त नीतिगत समर्थन प्रदान करने की क्षमता पर निर्भर करेगा। मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने बुधवार को यह राय जताई। कोरोना वायरस के नए स्वरूप का उभार वैश्विक आर्थिक वृद्धि और मुद्रास्फीति के लिए नए जोखिम पैदा करता है। स्वास्थ्य को लेकर चिंताएं बढ़ गई है और कई देशों ने हाल के दिनों में नए यात्रा प्रतिबंध लगाए है। जब तक कि वैज्ञानिक कोरोना वायरस के इस स्वरूप के बारे में अधिक चीजों पता नही लगा लेते, ए अंकुश आने वाले सप्ताहों में और सख्त होंगे। वैश्विक टीकाकरण प्रयासों में निरंतर प्रगति और मास्क तथा सामाजिक दूरी जैसे उपायों के साथ सार्वजनिक अनुपालन से नए स्वरूप के प्रतिकूल आर्थिक प्रभाव को कम किया जा सकता है। मूडीज ने कहा, प्रभावी टीकों और बेहतर वितरण प्रणाली वाले ऐसे देश अधिक बेहतर स्थिति में रहेंगे जहां लोगों के बीच टीके की स्वीकार्यता का स्तर ऊंचा है।

### टाटा पावर सोलर को 945 करोड़ रुपए की परियोजना के लिए मिला स्वीकृति पत्र

**नई दिल्ली।** टाटा पावर सोलर को सार्वजनिक क्षेत्र की सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लि. (सेकी) से सौर ऊर्जा और बैटरी भंडारण परियोजना के लिए 945 करोड़ रुपए का स्वीकृति पत्र मिला है। सेकी की परियोजना के तहत टाटा पावर की पूर्ण अनुषंगी टाटा पावर सोलर सिस्ट्मस लि. 100 मेगावॉट क्षमता की ईपीसी (इंजीनियरिंग खरीद निर्माण) सौर परियोजना लगाएगी। इसके साथ 120 मेगावॉट घंटा (एमडब्ल्यूएच) क्षमता का बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली भी स्थापित करेगी। बयान के अनुसार, यह अनुबंध 945 करोड़ रुपए का है। परियोजना का क्रियान्वयन 18 महीने में किया जाएगा।ए परियोजनाएं सेकी की छत्तीसगढ़ में स्थित परियोजना स्थलों पर लगाई जाएंगी। कंपनी के अनुसार, इसके साथ टाटा पावर सोलर की ग्रिड से जोड़ा जाने वाला ईपीसी ऑर्डर अब 4,400 मेगावॉट क्षमता का हो गया है। इसका अनुमानित मूल्य 9,000 करोड़ रुपए के करीब है।

### ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण का आंकड़ा 10 करोड़ के पार

**नई दिल्ली।** ई-श्रम पोर्टल पर असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के पंजीकरण का आंकड़ा 10 करोड़ को पार कर गया है। ई-श्रम पोर्टल सरकार की असंगठित कार्यबल का राष्ट्रीय डाटाबेस बनाने की एक पहल है। श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा कि 30 नवंबर को ई-श्रम पोर्टल पर 12.18 लाख पंजीकरण हुए। उत्तर प्रदेश (2.61 लाख), पश्चिम बंगाल (1.08 लाख) और बिहार (1.02) राज्यों में एक लाख से अधिक पंजीकरण हुए। सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का ब्योरा जुटाने के लिए ई-श्रम पोर्टल इस साल अगस्त में शुरू हुआ था।

# गूगल ने अक्टूबर में भारत में 48,594 सामग्रियां अपने मंच से हटाईं: अनुपालन रिपोर्ट

**भाषा।** नई दिल्ली

**गूगल को** अक्टूबर में उपयोगकर्ताओं से 24,569 शिकायतें मिलीं और कंपनी ने इसके आधार पर 48,594 सामग्रियों को अपने मंच से हटाया। प्रौद्योगिकी कंपनी ने अपनी मासिक पारदर्शिता रिपोर्ट में यह जानकारी दी। उपयोगकर्ताओं से मिली शिकायतों पर कार्वाई करने के अलावा गूगल ने स्वचालित व्यवस्था के तहत नीतियों के अनुरूप नहीं पाई गई 3,84,509 सामग्रियों को हटाया।

गूगल को सितंबर महीने में उपयोगकर्ताओं से 29,842 शिकायतें मिली थीं और कंपनी ने इसके आधार पर 76,967 सामग्रियों को अपने मंच से हटाया। इसके अलावा स्वचालित व्यवस्था के तहत 3,84,509 सामग्रियों को हटाया।अमेरिकी कंपनी ने मई में प्रभाव में आए भारत के सूचना प्रौद्योगिकी नियम के अनुपालन के तहत यह खुलासा किया है।गूगल ने अपनी नई रिपोर्ट में कहा कि उसे भारत में रह रहे व्यक्तिगत उपयोगकर्ताओं से 24,569 शिकायतें मिलीं। कंपनी ने इसके आधार पर 48,594 सामग्रियों को अपने मंच से हटाया।

रिपोर्ट के अनुसार, ए शिकायतें तृतीय-पक्ष सामग्री से संबंधित हैं। इसके बारे में माना जाता है कि इस प्रकार की सामग्रियां गूगल के महत्वपूर्ण सोशल मीडिया मध्यस्थ मंच पर स्थानीय कानूनों या व्यक्तिगत अधिकारों का उल्लंघन करती हैं।गूगल के अनुसार, कुछ शिकायतें बौद्धिक संपदा अधिकारों के उल्लंघन से जुड़ी थीं जबकि कुछ में मानहानि जैसे आधार पर सामग्री के प्रकारों को प्रतिबंधित करने वाले स्थानीय कानूनों के उल्लंघन का दावा किया गया था।कंपनी के अनुसार, जब उसे अपने मंच पर सामग्री के संबंध में शिकायतें प्राप्त होती हैं, तो वह उनका सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करती है। उसके बाद कार्वाई करती है। रिपोर्ट के अनुसार जो सामग्रियां मंच से हटाई गईं, वे कॉपीराइट (48,078), ट्रेडमार्क (313), ग्राफिक यौन सामग्री (7) आदि श्रेणी से जुड़ी थीं।

# श्रीनगर में चमकीला बर्तन के कारोबार को बचाने के लिए प्रयासरत है स्नातक छात्र

**भाषा।** श्रीनगर



**श्रीनगर के** 26 वर्षीय वाणिज्य स्नातक छात्र का उद्देश्य कश्मीर में मिट्टी के चमकीले बर्तन की मृत हो रही दशकों पुरानी कला को फिर से जीवित करना है। वह करीब 80 वर्ष के बुजुर्ग से इस कला को सीख रहे हैं और उनका दावा है कि इस कला को जानने वाले यह बुजुर्ग ही एकमात्र जीवित व्यक्ति हैं। यहां के नीशात के ईशबेर इलाके के निवासी मोहम्मद उमर कुमार ने अब अपने परिवार को इस कला में संलग्न किया है और वह कुछ युवकों को यह कौशल सीखाते भी हैं ताकि इसे विलुप्त होने से बचाया जा सके। मिट्टी का चमकीला बर्तन डल गेट पॉटरी के नाम से भी मशहूर है। यह कला यहां काफी मशहूर थी और अन्य कश्मीरी कलाओं की तरह यह धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही है क्योंकि घाटी की नई पीढ़ी अपने हाथ गंदा नहीं करना चाहती। कुमार का परिवार मिट्टी के बर्तन बनाने का काम वर्षों से कर रहा है लेकिन उन्होंने चमकीले बर्तन की कला को जीवित करने का काम अपने हाथों में लिया है। कुमार ने यहां कहा, हम मिट्टी के बर्तन बनाने का काम करते हैं लेकिन इसे जीवित करने के लिए हमने यह कला अपनाई। यह कला 70 वर्ष पुरानी है लेकिन कश्मीर में यह लगभग समाप्त हो चुकी है। उन्होंने कहा, केवल एक व्यक्ति यह कला जानता है। वह 80 वर्षीय बुजुर्ग हैं जो खानयार इलाके में रहते हैं। मैंने सोचा कि उनके बाद यह कला मर जाएगी। लेकिन मैं ऐसा नहीं होने दूंगा। मेरे परिवार के सभी सदस्य मेरा सहयोग कर रहे हैं। मैंने उनसे कहा है कि अगर हमें नुकसान भी होता है तो हम कला को नहीं मरने देंगे।

# मध्यस्थता पर ओएनजीसी के रुख से शीर्ष अदालत नाराज, अटॉर्नी जनरल से मामला सुलझाने को कहा

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने बुधवार को एक वाणिज्यिक विवाद के समाधान के लिए नियुक्त मध्यस्थों का सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) द्वारा अपमान करने को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। पीठ ने कहा कि कंपनी ने मध्यस्थों द्वारा निर्धारित शुल्क का भुगतान नहीं कर उनका अपमान किया और मामले का हल करने के लिए अटॉर्नी जनरल की मदद मांगी। शीर्ष अदालत ने चार जनवरी को कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जय नारायण पटेल, पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश शिवाक्स जल वजीफदार को मेसर्स श्लामबर्जर एशिया सर्विसेज लिमिटेड और ओएनजीसी के बीच विवाद पर फैसले के लिए मध्यस्थ नियुक्त किया था।

न्यायमूर्ति वजीफदार द्वारा खुद को इस मामले से अलग करने के बाद बंबई उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश एस सी धर्माधिकारी को मध्यस्थ नियुक्त किया गया था। शीर्ष अदालत ने आदेश दिया था कि शुल्क मध्यस्थों द्वारा तय किया जाएगा और सभी पक्षों को इसे समान रूप से वहन करना होगा। तीन न्यायधीशों की पीठ की अगुवाई कर रहे मुख्य न्यायाधीश एन वी रमण ने कहा, आप अपने आप को क्या समझते हैं? यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि आप हमारे आदेश के अनुसार पूर्व न्यायाधीशों द्वारा तय की गई फीस का भुगतान नहीं करके उनका अपमान कर रहे हैं। आपमें बहुत अहंकार है। क्या आप जजों के साथ ऐसा व्यवहार करते हैं? मुख्य न्यायाधीश ने कहा, हम इस ओएनजीसी को देख रहे हैं।

# घरों में रखे सोने का अर्थव्यवस्था की बेहतरी के लिए इस्तेमाल करने को गोल्ड बैंक की जरूरत: आर. गांधी

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व डिप्टी गवर्नर आर गांधी ने देश में स्वर्ण बैंक (गोल्ड बैंक) की स्थापना का सुझाव दिया है। गांधी ने कहा है कि लोगों के पास घरों में भारी मात्रा में सोना पड़ा है जिसका कोई इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है। गोल्ड बैंक की अवधारणा से इस सोने के मौद्रिकरण में मदद मिलेगी। गांधी ने बुधवार को डिजिटल कर्ज देने वाली वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी रुपीक के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यदि देश को अर्थव्यवस्था की बेहतरी के लिए सोने का सफलतापूर्वक मौद्रिकरण करना है, तो उसे आभूषणों के रूप में घरों में सोना रखने की मानसिकता को बदलने की जरूरत होगी। उन्होंने कहा, एक अनुमान के अनुसार, भारत में घरों और धार्मिक संस्थानों के पास लगभग 23,000-24,000 टन सोना है, लेकिन लोगों की मानसिकता को बदलना आसान नहीं है। उन्होंने कहा, यह एक स्वर्ण बैंक की अवधारणा को पुनर्जीवित करने का समय हो सकता है। एक ऐसा बैंक जो स्वर्ण जमा स्वीकार करेगा, जो विशेष रूप से या मुख्य रूप से स्वर्ण ऋण प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाओं को लगातार उच्च वृद्धि के लिए बहुत अधिक पूंजी की आवश्यकता होती है।

## एलआईसी ने पॉलिसीधारकों से आईपीओ में भाग लेने के लिए पैन अपडेट करने को कहा

**भाषा।** नई दिल्ली

**जीवन** बीमा निगम (एलआईसी) ने अपने पॉलिसीधारकों से कहा है कि वे उसके प्रस्तावित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) में भागीदारी के लिए अपनी स्थाई खाता संख्या (पैन) को अपडेट करें। प्रस्तावित योजना के अनुसार, एलआईसी के आईपीओ का 10 प्रतिशत तक पॉलिसीधारकों के लिए आरक्षित होगा। एलआईसी ने एक बयान में कहा, ऐसी किसी भी सार्वजनिक निर्गम में भाग लेने के लिए पॉलिसीधारकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनका पैन विवरण कंपनी के रिकॉर्ड में अपडेट रहे।

# पेज एक का शेष

### अंतरराष्ट्रीय उड़ानों...

ने कहा कि वह वैश्विक परिदृश्य को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को फिर से शुरू करने पर अंतिम निर्णय लेगा। इन यूरोपीय देशों और दक्षिण अफ्रीकी देशों से आने वाले सभी यात्रियों का अनिवार्य रूप से परीक्षण करने के निर्णय ने यात्रा के समय को लंबा और महंगा बना दिया है। यात्रियों का कहना है कि एक बार यात्री किसी भी एयरपोर्ट पर पहुंच जाए तो उसे आरटी-पीसीआर टेस्ट देना होगा। जांच का परिणाम मालूम होने में लगभग छह घंटे लगते हैं। इस प्रकार यात्रा का समय नौ घंटे से बढ़कर 15 घंटे हो गई है। एक बार जब यात्री विमान से उतर जाते हैं, तो उन्हें परीक्षण करवाना होगा और परिणाम आने तक वेटगिं एरिया में इंतजार करना होगा। इस प्रक्रिया में पांच-छह घंटे लग रहे हैं।

### जोखिम वाले...

को भारत आगमन पर अतिरिक्त उपायों का पालन करने की जरूरत है, जिसमें आगमन के बाद आरटी-पीसीआर पद्धति से जांच कराना भी शामिल है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को देश आने वाले अंतराष्ट्रीय यात्रियों के लिए दिशानिर्देशों को और संशोधित किया, जिसमें कहा गया है कि जो मुल्क जोखिम वाले देशों की सूची में शामिल नहीं हैं वहां आने वाले कुल यात्रियों में से दो प्रतिशत की हवाई अड्डे पर कोविड-19 की जांच औचक आधार पर की जाएगी। संबंधित विमानन कंपनी को प्रत्एक उड़ान से आने वाले उन दो फीसदी लोगों की पहचान करनी होगी, जिनका परीक्षण किया जाना चाहिए और बेहतर हो कि वे अलग अलग देशों से हों।

### ममता ने...

लड़ने के लिए एक मजबूत विकल्प होना चाहिए। यदि कोई लड़ना नहीं चाहता, तो हम क्या कर सकते हैं? उन्हें कम से कम मोर्चे के भीतर रहकर लड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए। यह पूछे जाने पर कि क्या शरद पवार सबसे वरिष्ठ नेता होने के नाते यूपीए के अध्यक्ष होने चाहिए, बनर्जी ने कहा कि क्या यूपीए है? अभी यूपीए नहीं है। इस तरह उन्होंने यूपीए के अस्तित्व को खारिज कर दिया लेकिन विपक्षी मोर्चे के नेतृत्व के मुद्दे पर पूछे गए सवाल पर चुप्पी साध गईं। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले भाजपा के खिलाफ मजबूत विकल्प तैयार करने की अपनी योजना पर बनर्जी ने कहा कि देश में मौजूदा स्थिति को देखते हुए हमें केंद्र सरकार के खिलाफ एक मजबूत वैकल्पिक ताकत विकसित करनी चाहिए। मैं इसे अकेले नहीं कर सकती, लेकिन समान विचारधारा वाली मजबूत पार्टियों को साथ आना चाहिए। टीएमसी नेता ने कहा कि वह महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे से मिलना चाहती थीं, लेकिन ऐसा नहीं कर सकीं, क्योंकि उनकी तबीयत ठीक नहीं थी। उन्होंने कहा कि उद्धव ने अपनी पार्टी के नेताओं संजय राउत और आदित्य ठाकरे को मुझसे मिलने के लिए होटल भेजा। हमारी अच्छी चर्चा हुई। पवार ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री से मुलाकात के पीछे की मंशा के बारे में कहा कि उनका इरादा है कि आज की स्थिति में राष्ट्रीय स्तर पर समान विचारधारा वाली ताकतों को एक साथ आना होगा और एक सामूहिक नेतृत्व विकसित करना होगा। यह पूछे जाने पर कि क्या कांग्रेस प्रस्तावित मजबूत विकल्प का हिस्सा होगी, पवार ने कहा कि भाजपा का विरोध करने वाले सभी लोगों का हमारे साथ आने का स्वागत है।

### दो दिन...

हैं तो सदन कार्य नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ सदस्य बोल रहे हैं और आप उनके सामने तख्तियां लहरा रहे हैं। आप सदन में क्या मर्यादा बनाना चाहते हैं। जब टीआरएस के सदस्य हंगामा कर रहे थे तो कांग्रेस ने इस हंगामे से खुद का अलग कर लिया और कहा कि वह सदन की कार्यवाही में हिस्सा लेना चाहती है। लोकसभा को दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया और यह दोपहर 2.35 बजे तक स्थगित होने से पहले एक घंटे 35 मिनट तक चली जब केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने सहायक प्रजनन प्रौद्योगिकी (विनियमन) विधेयक, 2020 को चर्चा के लिए पेश किया। सदन की कार्यवाही पिछले दो दिनों से बाधित हो रही थी। इस दौरान कोई काम नहीं हो सका और बार-बार व्यवधान के कारण इसे पूरे दिन के लिए स्थगित करना पड़ा। शून्यकाल के दौरान कांग्रेस सदस्य मनीष तिवारी और अमर सिंह ने किसान आंदोलन के दौरान 700 शहीद किसानों के परिवारों को पांच-पांच करोड़ रुपये का मुआवजा देने और एमएसपी पर किसानों की मांग को स्वीकार करने की मांग उठाई। आरएलपी सदस्य हनुमान बेनीवाल ने भी एमएसपी कानून, मुआवजा और किसानों के खिलाफ मामले वापस लेने की मांग की। बसपा सदस्य कुंवर दानिश अली ने कहा कि एमएसपी पर कानून बनाया जाए और किसान आंदोलन के लिए जेल में बंद सभी लोगों को रिहा किया जाए। संगीता आजाद (बसपा) ने किसानों के मुद्दे के अलावा उत्तर प्रदेश में शिक्षक परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने का मामला उठाया। महुआ मोइत्रा (टीएमसी) ने गोवा में एएसआई संरक्षित स्थल के पास एक विला को गिराने की मांग की। शशि थरूर ने केरोसिन सब्सिडी में कटौती पर सवाल उठाया और कहा कि इससे केरल के मछुआरे बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। निशिकांत दुबे (भाजपा) ने आश्चर्य जताया कि आजादी के 75 वर्षों के बावजूद देश में समान नागरिक संहिता क्यों नहीं लागू हुई।

### रास में...

निलंबन वापस लिए जाने की मांग कर रहे थे। इन 12 सदस्यों को पिछले मॉनसून सत्र के दौरान अशोभनीय आचरण करने की वजह से, वर्तमान सत्र की शेष अवधि के लिए राज्यसभा से निलंबित कर दिया गया है। सुबह 11 बजे उच्च सदन की बैठक शुरू होने के बाद सभापति एम वेंकैया नायडू ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए। इसके बाद उन्होंने जैसे ही शून्यकाल शुरू कराया, विपक्षी सदस्यों ने 12 सांसदों का निलंबन वापस लेने की मांग करते हुए हंगामा शुरू कर दिया और अपने स्थानों से आगे आ गए।

### राजधानी में...

की दर में मामूली वृद्धि की थी। तब दिल्ली में पेट्रोल पर 27 फीसद वैट लगता था, जिसे बढाकर 30 फीसद कर दिया था। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को ट्वीट कर कैबिनेट के फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि दिल्ली में आज हमने पेट्रोल काफी सस्ता कर दिया है। वैट की दर 30 फीसद से घटाकर 19.4 फीसद कर दी गई है। एनसीआर के अन्य शहरों के मुकाबले दिल्ली में पेट्रोल और डीजल दोनों काफी सस्ते मिलेंगे।

### यूपी टीईटी...

अमर सिंह, अंकित कुमार, धर्मदास, अनूप, संतोष तिवारी, प्रबल सिंह चौहान, अजीत वर्मा, रोहित, पप्पू आर्य, अविनाश, सौरव सिंह, बृजेश कुमार, त्रिवेंद्र सिंह, वजेंद्र कनौजिया, ललित कुमार, संजय कुमार, बिट्टू कुमार, सोनू कुमार आदि को उत्तर प्रदेश के विभिन्न जगहों से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले की जांच कर रही एसटीएफ ने टीईटी परीक्षा के दिल्ली मे पेपर छापने वाले प्रिंटिंग प्रेस के मालिक राय अनूप प्रसाद मूलनिवासी जनपद गोरखपुर को कल गिरफ्तार किया है। इनकी दिल्ली के ओखला में प्रिंटिंग प्रेस है। उन्होंने बताया कि जांच में पता चला है कि कोलकाताए नोएडाए दिल्ली में स्थित विभिन्न प्रिंटिंग प्रेसों मे टीईटी की परीक्षा के प्रश्न पत्र छपवा गए थे। इस मामले में एसटीएफ की तरफ से पांच प्रिंटिंग प्रेस के कर्ताधर्ताओं के खिलाफ थाना सूरजपुर में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ है।

### पुलवामा में...

44 राष्ट्रीय राइफल्स के बहु-वाहन गश्ती दल पर आईईडी विस्फोट के पीछे बी श्रेणी के ईनामी आतंकवादी पें का हाथ था। इस घटना में दो जवान शहीद हो गए थे और 17 घायल हो गए थे। साल 2019 में घटना के बाद भावुक हुए कर्नल सिंह ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा था, तुम (आतंकवादी) चाहे कहीं भी छिप जाओ, हम तुम्हें ढूंढ लेंगे, तुम्हारा खात्मा कर देंगे... क्योंकि हम कभी नहीं भूलते, कभी माफ नहीं करते। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को पूरे अभियान की निगरानी करते हुए कर्नल सिंह ने पें के पिता को उसके आत्मसमर्पण के लिए बुलाया, लेकिन फुरकान नामक विदेशी आतंकवादी ने भारी गोलीबारी की, जिसके चलते बात नहीं बन सकी। पर्रे ने दक्षिण कश्मीर में जैश आतंकी समूह के विभिन्न समूहों का मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और 2018 के अंत में उसके शामिल होने के बाद यह प्रतिबंधित आतंकवादी समूह पैर पसारने लगा। अधिकारियों ने कहा कि बुधवार सुबह 8 बजकर 45 मिनट पर अभियान खत्म होने के बाद इलाके से दो एके सीरीज राइफल, 12 ग्रेनेड सहित दो यूजीबीएल, कई एके मैग्जीन और कारतूस बरामद हुए। श्रीनगर में सेना के प्रवक्ता के अनुसार, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने फुरकान उर्फ अली भाई को ए प्लस श्रेणी का क्रूर पाकिस्तानी आतंकवादी बताया है। माना जाता है कि वह जो जून, 2020 से जैश-ए-मोहम्मद में सक्रिय था। उसे युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और हथियार उठाकर निर्दोष स्थानीय लोगों व प्रमुख व्यापारियों पर अत्याचार करने के प्रति उकसाने के लिए कश्मीर भेजा गया था। माना जाता है कि पें विभिन्न पाकिस्तानी आंतकवादियों से जुड़ा था और वह उन्हें कश्मीर लाने के लिए मार्गदर्शक के रूप में जाना जाता था। प्रवक्ता ने कहा कि पें को पाकिस्तानी आतंकवादी अबू सैफुल्ला उर्फ लंबू का एक सहयोगी माना जाता था, जिसने फरवरी 2019 में पुलवामा में सीआरपीएफ काफिले पर हमले की योजना बनाई थी। उस हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गए थे।

### नवंबर में...

की प्रवृत्ति के अनुरूप है। अक्टूबर, 2021 में जीएसटी संग्रह 1,30,127 करोड़ रुपए था, जबकि अप्रैल, 2021 में यह सबसे अधिक 1,39,708 करोड़ रुपए था। उच्च जीएसटी राजस्व की हालिया प्रवृत्ति विभिन्न नीति और प्रशासनिक उपायों का परिणाम है जो अतीत में अनुपालन में सुधार के लिए उठाए गए हैं। पिछले एक साल में सुधार के लिए कई कदम उठाए गए हैं। जीएसटी एक जुलाई, 2017 को लागू किया गया था। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि दिसंबर, 2021 में संग्रह कम हो सकता है। नवंबर, 2021 के पहले तीन हफ्तों में ई-वे बिल जारी करने की दैनिक औसत में कमी आई है। नायर ने कहा, हमें उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2021-22 में केंद्रीय जीएसटी संग्रह बढ़कर 5.8 लाख करोड़ रुपए हो जाएगा। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को अप्रैल, मई और जून के जीएसटी संग्रह के आंकड़ों को संशोधित किया।

# बेल्जियम को हराकर भारत अंतिम चार में

**जूनियर हॉकी विश्व कप**

## ●सेमीफाइनल में जर्मनी से होगी भिड़ंत

**भाषा।** भुवनेश्वर

**मौजूदा** चैंपियन भारत ने यूरोप की शीर्ष टीम बेल्जियम का 1–0 से हराकर बुधवार को यहां एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश करके खिताब बचाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। लखनऊ में 2016 में पिछले टूर्नामेंट में बेल्जियम को 2–1 से हराकर खिताब जीतने वाले भारत ने जूनियर हॉकी में यूरोपीय टीम पर अपना दबदबा बरकरार रखा।

श्रद्धानंद तिवारी ने 21वें मिनट में पेनल्टी कार्नर को गोल में बदला जो भारत के लिए अंतिम चार में पहुंचने के लिए पर्याप्त था। यह मैच दोनों टीमों के रक्षात्मक कौशल का शानदार उदाहरण रहा और भारत एक गोल दागने से आगे बढ़ने में सफल रहा। भारत शुक्रवार को सेमीफाइनल में पिछली बार के कांस्य पदक विजेता जर्मनी से भिड़ेगा। छह बार के चैंपियन जर्मनी ने शूटआउट में स्पेन को 3–1 से हराया। दोनों टीमें नियमित समय तक 2–2 से बराबरी पर थीं। बेल्जियम ने आक्रामक शुरुआत करके भारत पर दबाव बनाया लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने किसी तरह की हड़बड़ी नहीं दिखाई और सहजता से हमलों को नाकाम किया।

बेल्जियम को गोल करने का पहला मौका 13वें मिनट में मिला लेकिन भारतीय गोलकीपर प्रशांत चौहान ने थीबियु स्टॉकब्रोक्स का करीब से जमाया गया शॉट रोक दिया भारत को गोल करने का पहला मौका पहले क्वार्टर के अंतिम क्षणों में मिला लेकिन उत्तम सिंह का प्रयास बेल्जियम के गोलकीपर बोरिस फेल्डीम ने विफल कर दिया।

भारत ने दूसरे क्वार्टर में आत्मविश्वास भरा खेल दिखाया और 21वें मिनट में अपना पहला पेनल्टी कार्नर हासिल किया जिसे तिवारी ने कुशलता से गोल में बदला।

बेल्जियम को 26वें मिनट में पेनल्टी कार्नर मिला लेकिन जेफ डि विंटर का फ्लिक बाहर चला गया। भारत मध्यांतर तक 1–0 से आगे था।



बेल्जियम पर जीत के बाद भारतीय टीम

बेल्जियम ने तीसरे क्वार्टर में आक्रामक रवैया अपनाया लेकिन वे भारत की रक्षापंक्ति में सेंध नहीं लगा पाए। इस बीच किसी भी टीम को कोई स्पष्ट मौका नहीं मिला।

बेल्जियम ने चौथे क्वार्टर में अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी। खेल के 50वें मिनट में भारत के दूसरे गोलकीपर पवन ने डाइव लगाकर शानदार बचाव करके रोमन डुवेकोट के प्रयास को नाकाम किया। बेल्जियम को 52वें मिनट में पेनल्टी कार्नर मिला लेकिन भारतीय रक्षकों ने उसे इसका फायदा नहीं उठाने दिया।

बेल्जियम ने खेल समाप्त होने से तीन मिनट पहले अपने गोलकीपर को हटाकर अतिरिक्त खिलाड़ी उतारा लेकिन इससे भी उसे कोई फायदा नहीं मिला। उसे खेल समाप्त होने से दो मिनट पहले पेनल्टी कार्नर मिला लेकिन भारतीयों ने उसे भी नाकाम कर दिया।

## जर्मनी, अर्जेंटीना और फ्रांस भी सेमीफाइनल में पहुंचे

**भाषा।** भुवनेश्वर

**छह** बार के चैंपियन जर्मनी के अलावा अर्जेंटीना और फ्रांस ने बुधवार को यहां अपने अपने मैच जीतकर एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दिन के पहले क्वार्टर फाइनल में जर्मनी ने स्पेन को शूटआउट में 3–1 से हराया। दोनों टीम निर्धारित समय तक 2–2 से बराबरी पर थी। इसके बाद अर्जेंटीना ने नीदरलैंड को 2–1 से पराजित किया। फ्रांस ने अपना चमत्कारिक प्रदर्शन जारी रखा और तीसरे क्वार्टर फाइनल में मलेशिया को 4–0 से हराया।

जर्मनी ने पांचवें मिनट में क्रिस्टोफर कुटेर के पेनल्टी स्ट्रोक पर किए गए गोल की मदद से बढ़त बना ली। इसके छह मिनट बाद ही हालांकि स्पेन के इग्नासियो अबाजो ने पेनल्टी कॉर्नर पर बराबरी का गोल किया। अगले दो क्वार्टर में कोई गोल नहीं हो सका। स्पेन ने 59वें मिनट में एडुअर्ड डे इग्नासियो सिमो के गोल की मदद से बढ़त बना ली। आखिरी सीटी बजने पर जर्मनी को पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर मासी फांट ने गोल करके मैच को शूटआउट में खींच दिया। शूटआउट में जर्मनी के लिए पॉल स्मिथ, माइकल स्ट्रूथोफ और हानेस म्यूलर ने गोल दागे जबकि मातेओ पोंजारिच चूक गए। वहीं स्पेन के अगाजो, गुइलेरमो फोर्चुनो और सिमो गोल चूक गए जबकि गेरार्ड क्लापेस ने गोल किया।

नीदरलैंड के मिलेस बकेन्स ने अगले मिनट में ही पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलकर मध्यांतर तक स्कोर 1–1 से बराबरी पर रखा। नीदरलैंड ने दूसरे हाफ में अच्छी शुरुआत की और लगातार चार पेनल्टी कार्नर हासिल किए लेकिन अर्जेंटीना का रक्षण बेहद मजबूत था और उसने खतरे आसानी से टाल दिए। लेकिन नीदरलैंड के तमाम प्रयास तब बेकार साबित हुए जब 59वें मिनट में आत्मघाती गोल करने के कारण उसे हार का सामना करना पड़ा। शेल्डन स्कोटेन ने तब फ्लोरिस मेडनडोर्प का क्रास रोकने के बजाय गोल में भेज दिया था। फ्रांस और मलेशिया के बीच मैच एकतरफा साबित हुआ। यूरोपीय टीम ने अपने सभी गोल पेनल्टी कार्नर पर किए। इनमें से कप्तान टिमोथी क्लेमेंट (14वें, 24वें और 60वें मिनट) ने तीन गोल करके हैट्रिक बनाई जबकि मैथियास क्लेमेंट (31वें मिनट) ने अन्य गोल किया।



सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद खुशी मनाती जर्मन टीम

# विराट कोहली की वनडे कप्तानी पर फैसला अगले कुछ दिनों में

**भाषा।** मुंबई

**विराट** कोहली के वनडे कप्तान बने रहने पर फैसला इस सप्ताह हो जाएगा जब चेतन शर्मा की अगुवाई वाली राष्ट्रीय चयन समिति दक्षिण अफ्रीका के आगामी दौरे के लिए टीम का चयन करेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के शीर्ष अधिकारियों का कहना है कि दक्षिण अफ्रीका में कोविड–19 का नया स्वरूप पाए जाने के बावजूद अभी दौरा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही होगा हालांकि वे स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए हैं।

वर्ष 2022 में अधिकतर टी–20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे जिसमें आस्ट्रेलिया में होने वाला टी–20 विश्व कप भी शामिल है। वर्तमान कार्यक्रम के अनुसार अगले सात महीने में भारत को केवल नौ वनडे खेलने हैं जिनमें से छह विदेश (तीन दक्षिण अफ्रीका और तीन इंग्लैंड में) खेले जाएंगे। बीसीसीआई में एक गुट कोहली को वनडे कप्तान बनाए रखने का पक्षधर है तो दूसरा गुट टी–20 और वनडे दोनों की कप्तानी एक ही खिलाड़ी को सौंपने के पक्ष में है ताकि रोहित शर्मा को 2023 वनडे विश्व कप के लिए अच्छी तैयारी करने का मौका मिल सके। माना जा रहा है कि इस मामले में आखिरी निर्णय बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह लेंगे।



### ईशांत शर्मा को दोबारा लय हासिल करने में अभी कुछ समय लगेगा : म्हाम्ब्रे

**भाषा।** मुंबई

**भारत** के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने बुधवार को कहा कि ईशांत शर्मा को लय पर ज्यादा क्रिकेट नहीं खेल पाने से असर पड़ा है और कुछ टेस्ट मैच खेलकर वह फिर चिर परिचित फॉर्म में नजर आएंगे।

मौजूदा भारतीय टीम में सौ टेस्ट खेल चुके एकमात्र खिलाड़ी ईशांत इंग्लैंड दौरे पर नाकाम रहे और न्यूजीलैंड के खिलाफ कानपुर में पहले टेस्ट में भी एक भी विकेट नहीं ले सके। म्हाम्ब्रे ने कहा कि ईशांत ने लंबे समय से ज्यादा टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है। वह आईपीएल नहीं खेलते और ना ही टी–20 विश्व कप खेला। इतने लंबे ब्रेक का असर पड़ा है।

### हनुमा और सरफराज ने भारत ए को संभाला

**ब्लोमफोंटेन।** भारतीय टेस्ट टीम से बाहर चल रहे हनुमा विहारी और युवा सरफराज खान के बीच अटूट साझेदारी से भारत ए ने दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ दूसरे अनौपचारिक क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन अपनी पहली पारी में बुधवार को यहां पांच विकेट पर 198 रन बनाए।

भारत ए ने 154 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे जिसके बाद हनुमा (नाबाद 45) और सरफराज (नाबाद 30) ने छठे विकेट के लिए 44 रन की अटूट साझेदारी करके पारी को संभाला। हनुमा ने 146 गेंद का सामना करते हुए छह चौके जड़े हैं जबकि सरफराज की 51 गेंद की पारी में तीन चौके शामिल हैं। इसके अलावा इशान किशन (49) और सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव (42) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं। भारत ए अब भी दक्षिण अफ्रीका ए से 99 रन से पीछे है जिसने पहली पारी में 297 रन बनाए। मार्को जेनसन 70 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने ग्लेनटन स्टुरमैन (27) के साथ अंतिम विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी करके टीम का स्कोर 300 रन के करीब पहुंचाया।

## मुंबई में सटीक गेंदबाजी करने की जरूरतः पटेल

**भाषा।** मुंबई

**भारत** में जन्में न्यूजीलैंड के स्पिनर एजाज पटेल ने बुधवार को कहा कि वह और उनके साथी स्पिनर पहले टेस्ट में सटीक लाइन और लेंथ से गेंदबाजी नहीं कर पाने के दोषी हैं और शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में उन्हें सटीक गेंदबाजी करने की जरूरत है।

पटेल ने वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा कि मुझे लगता है कि स्पिन गेंदबाजी इकाई के रूप में संभवतः हम दोषी थे कि हमने लंबे समय तक स्टंप पर गेंदबाजी नहीं की। साथ ही भारतीय बल्लेबाज स्पिन के अच्छे खिलाड़ी हैं।

उन्होंने हमें अधिक मौके नहीं दिए। पटेल ने कानपुर टेस्ट में तीन विकेट चटकाए जबकि रचिन रविंद्र और विलियम समरविले के खाते में एक भी विकेट नहीं गया। इसके विपरीत अक्षर पटेल, रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा की स्पिन तिकड़ी ने पहले टेस्ट में मिलकर 17 विकेट हासिल किए।

पटेल ने कहा कि हमें सुनिश्चित करना होगा कि हम सटीक लाइन और लेंथ के साथ गेंदबाजी करें। मुझे यकीन है कि खिलाड़ी सबक लेंगे और अगले मैच में सामंजस्य बैठाएंगे लेकिन उसके लिए विकेट अलग होगा। पटेल ने कहा कि उनकी टीम उलटफेर करने में सक्षम है।

**सार्वजनिक सूचना**

श्री ऋषभ मैहरा पुत्र श्री राजन मैहरा निवासी जी-8, सेक्टर-39, नोएडा-201301, जनपद गौतमबुद्धनगर, (उ०प्र०) एवं सुश्री Riyana N. Billimoria पुत्री श्री Noloshir F. Billimoria निवासी 2323, Race SR. APT # 222, Dhiladelphia, USA ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत विवाह करने हेतू आवेदन किया है। इस सम्बन्ध में आपत्तिधारी व्यक्ति अपनी आपत्ति/आपत्तियाँ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 23-12-2021 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकता है।

नगर मजिस्ट्रेट
विशेष विवाह अधिकारी गौतमबुद्ध नगर।

# रमेश मेंडिस ने छह विकेट चटकाए वेस्टइंडीज को मिली मामूली बढ़त

## ●श्रीलंका के 204 रन के जवाब में वेस्टइंडीज 253 पर सिमटी

**भाषा।** गॉल (श्रीलंका)



**ऑफ** स्पिनर रमेश मेंडिस ने छह विकेट लेकर वेस्टइंडीज को श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन बुधवार को यहां मामूली बढ़त हासिल करने दी। वेस्टइंडीज ने श्रीलंका के 204 रन के जवाब में 253 रन बनाकर 49 रन की बढ़त हासिल की। श्रीलंका की दूसरी पारी की शुरुआत हालांकि अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 46 रन बनाए और वह अभी वेस्टइंडीज से तीन रन से पीछे है। वेस्टइंडीज ने सुबह एक विकेट पर 69 रन से आगे खेलना शुरू किया। उसकी पहली पारी का आकर्षण कप्तान क्रेग ब्रेथवेट (72) का अर्धशतक रहा। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज जरमाइन ब्लैकवुड ने 44, नक्रूमाह बोनर ने 35 और काइल मायर्स ने नाबाद 36 रन का योगदान दिया।

रमेश मेंडिस ने 70 रन देकर छह विकेट लिए और वह दूसरी पारी में वेस्टइंडीज की टीम के लिए अधिक चुनौती पेश कर सकते हैं। उनके अलावा लेसिथ एम्बुलडेनिया और प्रवीण जयविक्रमा ने दो दो विकेट हासिल किए।

श्रीलंका ने दूसरी पारी में कप्तान दिमुथ करुणारत्ने (छह) और ओशादा फर्नांडो (14) के विकेट गंवाए। दोनों बल्लेबाज रन आउट हुए। स्टंप उखड़ने के समय सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका 21 और चरित असलंका चार रन पर खेल रहे थे।

## दूसरे टेस्ट के पहले दिन बारिश डाल सकती है खलल

**भाषा।** मुंबई

**मुंबई** का बेमौसम का मानसून भारत और न्यूजीलैंड के बीच यहां होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन के खेल में खलल डाल सकता है और बारिश के कारण वानखेड़े स्टेडियम की पिच के गेंदबाजों के अनुकूल होने की उम्मीद है। बुधवार को पूरे दिन बारिश के कारण दोनों टीमों को अपने ट्रेनिंग सत्र रद्द करने के लिए बाध्य होना पड़ा।

गुरुवार को भी बारिश की भविष्यवाणी की गई है और आउटफील्ड गीली रहेगी। भारतीय टीम ऐसे में बांद्रा कुर्ला परिसर मैदान जाएगी जहां इंडोर अभ्यास की सुविधा है जबकि वानखेड़े स्टेडियम में ऐसा नहीं है। वानखेड़े स्टेडियम की पिच पर बिलकुल भी घास नजर नहीं आ रही है जिससे धीमे गेंदबाजों को मदद मिल सकती है। शुक्रवार से होने वाले टेस्ट में हालांकि वानखेड़े की पिच से तेज गेंदबाजों और स्पिनरों दोनों को मदद मिलने की उम्मीद है। लगातार बारिश के कारण पिच को ढककर रखा गया है जिसके कारण सतह के नीचे काफी नमी होगी।

अतिरिक्त नमी से निश्चित तौर पर तेज गेंदबाजों को कानपुर से अधिक मदद मिलेगी लेकिन इस तरह के विकेट से स्पिनरों को भी काफी टर्न मिलेगा। शुक्रवार को बारिश की भविष्यवाणी है लेकिन दोनों टीमें विशेषकर भारत प्रार्थना करेगा कि दूसरे से पांचवें दिन मौसम का खलल नहीं हो। सभी की नजरें इस मैच के लिए भारतीय टीम के संयोजन पर भी टिकी हैं। अंतिम एकादश में कप्तान विराट कोहली की वापसी से मयंक अग्रवाल का बाहर होना लगभग तय है।

### महिला फुटबाल में इंग्लैंड की रिकार्ड जीत

**डोनकास्टर।** इंग्लैंड महिला फुटबॉल टीम ने अपने इतिहास की सबसे बड़ी जीत दर्ज करते हुए विश्व कप क्वालीफायर में लाटविया को 20–0 गोलों से हराया। इंग्लैंड के लिए दस अलग अलग खिलाड़ियों ने गोल किए और चार ने हैट्रिक जमाई। एलेन व्हाइट ने भी तीन गोल किए जिनके अब 48 अंतरराष्ट्रीय गोल हो गए हैं और वह इंग्लैंड के लिए सर्वाधिक गोल करने वाली महिला फुटबॉलर बन गई।

**प्रपत्र सं. आरएससी – 4 खनियम 3(3) के अनुसरण में, राष्ट्रीय कम्पनी विधि न्यायाधिकरण, नई दिल्ली के समक्ष**
**सी.पी. सं. 184/66/एनडी/2021**

के विषय में :
कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 52 के साथ पठित धारा 66 और अन्य लागू प्रावधानों के साथ पठित
राष्ट्रीय कम्पनी विधि न्यायाधिकरण (कम्पनी की शेयर पूंजी कम करने हेतु प्रक्रिया) नियमावली, 2016 का नियम 2(1) ;
तथा
के विषय में :
एस वी क्रेडिटलाइन लिमिटेड (सीआईएन : U71290DL1996PLC081376) कम्पनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के तहत गठित, जिसका पंजीकृत कार्यालय 815, 8वां तल, हेमकुंट चैम्बर, 89, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019 में स्थित है
..........याचिकादाता कम्पनी

सूचना का प्रकाशन

सूचित हों कि याचिकादाता कम्पनी के लाभ और हानि खाते में 31 मार्च, 2020 को रू. 615,005,465 की संचित हानि के अपलेखन हेतु 31 मार्च, 2020 को प्रतिभूति प्रीमियम खाते में मौजूद रू. 619,120,513 में से रू. 615,005,465 की राशि का उपयोग करते हुए लाभ और हानि खाते में संगत राशि क्रेडिट करने द्वारा याचिकादाता कम्पनी की शेयर पूंजी में कमी करने की पुष्टि के लिए एक याचिका राष्ट्रीय कम्पनी विधि न्यायाधिकरण, नई दिल्ली में दिनांक 15 मई, 2021 को प्रस्तुत की गई थी।
व्यक्तिगत लेनदारों को सूचनाएं जारी की जा चुकी हैं। याचिकादाता कम्पनी द्वारा 30 अप्रैल, 2020 को तैयार की गई लेनदारों की सूची कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में निरीक्षण के लिए इस सूचना की तिथि से तीन माह तक की अवधि के लिए प्रत्येक कार्यदिवस में सोमवार से शुक्रवार (दिन जब निरीक्षण उपलब्ध होगा) के बीच पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 4.00 बजे के दौरान उपलब्ध है।
यदि याचिकादाता कम्पनी के किसी भी लेनदार को याचिका अथवा लेनदारों की सूची के संबंध में कोई आपत्ति है, तो उसकी सूचना (समर्थन दस्तावेजों सहित) तथा उसके नाम और पता का विवरण तथा उसके अधिकृत प्रतिनिधि, यदि कोई है, के नाम और पता का विवरण राष्ट्रीय कम्पनी विधि न्यायाधिकरण, नई दिल्ली पीठ को इस सूचना की प्राप्ति की तिथि से तीन माह के भीतर भेजी जा सकती है तथा उक्त अभिवेदनों अथवा आपत्तियों की प्रति उक्त के साथ ही अधोहस्ताक्षरी को अथवा याचिकादाता कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय भी भेजी जानी चाहिए।
यदि उपरि उल्लेखित समय के भीतर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो लेनदारों की सूची में प्रविष्टियां, याचिकादाता कम्पनी के प्रतिभूति प्रीमियम खाते में समायोजन द्वारा उसकी शेयर पूंजी कम करने हेतु उपरोक्त याचिका के तहत सभी कार्यवाहियों में, सही मानी जाएगी।
यह भी नोट करें कि उक्त याचिका राष्ट्रीय कम्पनी विधि न्यायाधिकरण, नई दिल्ली पीठ द्वारा आदेश दिनांकित 16 नवम्बर, 2021 द्वारा स्वीकार की गई थी और इसकी सुनवाई सोमवार 10 जनवरी, 2022 को की जानी नियत है, जिस तिथि को राष्ट्रीय कम्पनी विधि न्यायाधिकरण, नई दिल्ली पीठ आवेदन पर सुनवाई करेगी। यदि कोई लेनदार सुनवाई में उपस्थित रहने का इच्छुक है, उसको अपना अनुरोध अपनी आपत्तियों, यदि हैं, सहित प्रस्तुत करना चाहिए।

वास्ते एस वी क्रेडिटलाइन लिमिटेड
हस्ता./–
स्थान : गुरूग्राम महेन्द्र गुप्ता
तिथि : 01 दिसम्बर, 2021 मुख्य वित्तीय अधिकारी

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती उर्वशी पत्नी श्री अजय कुमार वर्मा, गांव नवादा, माजरा हस्तसाल और लक्ष्मी विहार के नाम से जानी जाने वाली कॉलोनी, मोहन गार्डन गली नंबर 7, उत्तम नगर, नई दिल्ली में स्थित छत के अधिकार के साथ बिल्ट–अप तृतीय तल (फ्रंट साइड) संपत्ति सं. 119 और 120, एरिया परिमाप 82 वर्ग गज (अर्थात 68.56 वर्ग मीटर), खसरा नं. 270 और 396 मे से, पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 22.10.2019 पंजीकरण सं. 21804 के माध्यम से मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती उर्वशी पत्नी श्री अजय कुमार वर्मा, ने श्री अजय कुमार वर्मा के साथ ऋण लेने के लिए फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से सम्पर्क किया है यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान के 14 दिनों के भीतर सूचित करें।

श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता के लिए,
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78,
सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301
ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन : 7011172764, 8130200837

**सार्वजनिक सूचना**

प्लाट संख्या बी–21, सेक्टर–14, नॉएडा उत्तर प्रदेश, माननीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय द्वारा प्रदत्त प्रोबेट प्रमाण पत्र दिनांक 25.10.2021 वाले आवासीय सम्पत्ति का म्यूटेशन (1) गौतमबुद्धनगर की प्रोबेट याचिका 28/2012 में है निष्पादकों/कृष्ण कुमार कश्यप और बिंदु जयराज सिंह अगर और किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह सार्वजनिक सूचना के 30 दिनों के भीतर आवासीय भूखंड विभाग, नोएडा प्राधिकरण के पास आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

गौरव कुमार सिंह
(अधिवक्ता TR.5654/98
Regn. No. UP-4385/99)
59–डी, पॉकेट–3, मयूर विहार,
फेज–1, दिल्ली–110091
फोन: 9811284899

# सिंधू व श्रीकांत जीते, युगल में भारतीय जोड़ी हारी

**विश्व टूर फाइनल्स**

**भाषा।** बाली

**भारतीय** बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और किदाम्बी श्रीकांत ने अपने अपने मैच सीधे गेम में जीतकर बुधवार को यहां सत्र के आखिरी बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में शानदार शुरुआत की।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसेन को 21–14, 21–16 से हराया। इससे पहले श्रीकांत ने फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव को ग्रुप बी के मुकाबले में 42 मिनट के भीतर 21–14, 21–16 से पराजित किया।

यह टूर्नामेंट जीतने वाली एकमात्र भारतीय सिंधू का सामना अब जर्मनी की योन्ने ली से होगा। सिंधू ने 2018 में यह खिताब जीता था। महिला युगल में अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी को हालांकि जापान की दूसरी वरीयता प्राप्त नामी मत्सुयामा और चिहारू शिडा की जोड़ी ने 21–14, 21–18 से मात दी। सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी को भी हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय जोड़ी को ग्रुप ए के अपने पहले मुकाबले में डेनमार्क के किम एस्ट्रुप और एंडर्स रासमुसेन ने आसानी से 21–16, 21–5 से शिकस्त दी। पुरुष एकल में दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने शानदार खेल दिखाते हुए दुनिया के 33वें नंबर के खिलाड़ी को हराया। पहला गेम शुरुआत में करीबी रहा लेकिन ब्रेक तक श्रीकांत ने 11–9 की बढ़त बना ली। इसके बाद लगातार पांच अंक लेकर स्कोर 16–10 किया और जल्दी यह गेम जीत लिया। दूसरे गेम में वह 1–4 से पिछड़ रहे थे लेकिन जल्दी वापसी करते हुए ब्रेक तक दो अंक की बढ़त बना ली। यह बढ़त जल्दी ही 14–9 की हो गई लेकिन फिर अंतर 19–14 का रह गया। टोमा के लांग शॉट से श्रीकांत को चार मैच अंक मिले और बेहतरीन नेट प्ले से उन्होंने मुकाबला जीत लिया। अब उनका सामना थाईलैंड के कुंलावुत वितिदसर्न से होगा।

## चोटिल साइना नहीं खेलेंगी, सिंधू को पहले दौर में बाई मिली




**नई दिल्ली।** दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी साइना नेहवाल अपने अंतरराष्ट्रीय कैरियर में पहली बार चोटों के कारण विश्व बैडमिंटन चैम्पियनशिप में भाग नहीं लेंगी। वहीं गत चैंपियन पीवी सिंधू को पहले दौर में बाई मिली है लेकिन उन्हें क्वार्टर फाइनल में टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता ताइ जू यिंग और सेमीफाइनल में दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी कारोलिना मारिन से भिड़ना पड़ सकता है।

लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना ने विश्व चैम्पियनशिप में एक रजत और एक कांस्य पदक जीता है जबकि आठ बार क्वार्टर फाइनल में पहुंची। वह ग्रोइन में खिंचाव और घुटने की चोट से जूझ रही है। विश्व चैम्पियनशिप स्पेन के हुएलवा में 12 से 19 दिसंबर तक खेली जाएगी। टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली सिंधू को 12 से 19 दिसंबर तक होने वाली इस प्रतियोगिता के लिए छठी वरीयता दी गई है। सिंधू को दूसरे दौर में स्लोवेनिया की मार्टिना रेपिस्का और इंडोनेशिया की रस्सेली हर्तावन के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता से भिड़ना होगा।

साइना के पति और साथी खिलाड़ी पारुपल्ली कश्यप ने बताया कि साइना को विश्व चैम्पियनशिप से नाम वापिस लेना पड़ा क्योंकि वह ग्रोइन और घुटने की चोट से जूझ रही है। वह समय पर फिट नहीं हो सकेगी। अक्टूबर में डेनमार्क में थॉमस और उबेर कप में साइना को चोट के कारण बीच से ही बाहर होना पड़ा। फ्रेंच ओपन में भी वह पहले दौर के दूसरे गेम के बाद नहीं खेल सकी। कश्यप ने कहा कि उसे उबेर कप में ग्रोइन की चोट लगी थी।

**पहचान की अपील**



एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव जिसकी **आयु:** 35–36 वर्ष, **रंग:** सांवला, **कद:** 5'4'', **चेहरा:** गोल, **शरीर:** पतला, **पहचान का निशान:** सांप का टैटू दायीं बाजू के ऊपरी तरफ गुदा हुआ, जिसने हल्के नीले रंग की चैकदार कमीज और कोकोकोला रंग की लोअर पहनी थी जो निगम बोध घाट के मेन गेट के सामने, कश्मीरी गेट, दिल्ली में मृत मिला। इस संदर्भ में **DD No. 21-A U/S 174 CrPC, दिनांक 28.11.2021 को थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली** में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते या फोन नम्बरों पर सूचित करने की कृपा करें।

**थानाध्यक्ष**
**थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली**
DP/1758/N/2021 **फोनः 011-23968730, 8750870123**

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given that HARGOBIND GARG who is in the process to avail the loan against the property bearing Nagar Palika Property I.D. No. 051517568/7/01, Area Measuring 1 Kanal, Part of Mu. No. 107, Killa No. 33/1, Situated at Village Taudu, Distt. Nooh owned by him vide Sale Deed dated 14.10.2021 (Doc No. 1764 read with Intkal No. 18650)
Whereas he has lost one of the original previous title deed i.e. Sale Deed dated 27/7/90 in favour of Saraswati Devi in lieu of that she has also lodged an FIR on dated 29/11/2021. All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned and our client shall proceed with the disbursement of loan for purchase of the said Property and subsequent creation of mortgage in respect thereof.

**Kamal Kant Gupta (Advocate)**
Shop No. 5 & 6, Pkt-E, CSC, Mayur Vihar-II, Delhi-91, Mob. 9810063351

# ओमीक्रोन के बढ़ते खतरे से सतर्क हुए देश

## जापान ने ओमीक्रोन के खतरे मे मद्देनजर बूस्टर खुराक देना शुरू किया

**एपी।** टोक्यो

**जापान** ने कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच बुधवार को कोविड-19 रोधी टीके की बूस्टर डोज स्वास्थ्य कर्मियों को देना शुरू कर दिया। ओमीक्रोन के दो मामले जापान में सामने आ चुके हैं।

जापान में प्रारंभिक टीकाकरण अभियान फरवरी के मध्य में शुरू हुआ था। ऐसे चिकित्साकर्मियों जिन्हें नौ महीने से अधिक समय पहले टीके की खुराक दी गई थी, वे अब संक्रमण की संभावित अगली लहर से पहले अतिरिक्त सुरक्षा प्राप्त करने के लिए उत्सुक हैं। विशेष तौर पर नए स्वरूप ओमीक्रोन के सामने आने के बाद इसकी आशंका बढ़ गई है। ओमीक्रोन का सबसे पहले पता पिछले हफ्ते दक्षिण अफ्रीका में चला था। इसका मामला मंगलवार को जापान में सामने आया। टोक्यो मेडिकल सेंटर में, नर्सों और डॉक्टरों के एक समूह को बूस्टर डोज दिए गए। अस्पताल के प्रमुख काज़ुहिरो अराकी ने कहा, यह हमारे रोगियों और उनके परिवारों के लिए सुरक्षा की भावना के साथ इलाज करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहला कदम है। उन्होंने कहा कि हालांकि नए स्वरूप के खिलाफ टीके की प्रभावशीलता का अभी पता लगाया जा रहा है, बूस्टर डोज महत्वपूर्ण हैं क्योंकि टीके डेल्टा सहित वायरस के अन्य स्वरूपों के खिलाफ प्रभावी हैं। इस बीच जापान के एनएचके राष्ट्रीय टेलीविजन ने कहा कि देश के परिवहन मंत्रालय ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय एयरलाइनों से अनुरोध किया कि वे जापान आने वाली सभी उड़ानों के लिए नए आरक्षण लेना दिसंबर के अंत तक रोक दें।

एनएचके ने बताया कि कोरोना वायरस के एक नए स्वरूप को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच मंत्रालय ने आपातकालीन एहतियात के तौर पर यह अनुरोध किया। इसके अनुसार जिन लोगों ने पहले ही आरक्षण ले लिया है, वे इससे प्रभावित नहीं होंगे। यह कदम ऐसे समय सामने आया है जब जापान में कोरोना वायरस के नए स्वरूप का दूसरा मामला सामने आया है।



नाइजीरिया के अबुजा में लोगों को कोरोनावायरस वैक्सीन लगाती महिला स्वास्थ्य कर्मी

## नेपाल ने अपने नागरिकों से गैर जरूरी विदेश यात्राओं से बचने को कहा

**काठमांडू।** नेपाल ने बुधवार को अपने नागरिकों से कहा कि कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप को लेकर बढ़ती चिंता के कारण जरूरत नहीं हो तो विदेश यात्राएं नहीं करें। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सोमवार को चेतावनी दी कि ओमीक्रोन स्वरूप से वैश्विक खतरा काफी ज्यादा है और गंभीर परिणाम के साथ इसका प्रसार हो सकता है। नेपाल के स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपने नागरिकों से अपील की है कि जब तक बहुत जरूरी नहीं हो तब तक विदेश यात्रा नहीं करें। कुछ देशों में कोविड-19 के ओमीक्रोन स्वरूप की पहचान एवं प्रसार के मद्देनजर यह अपील की गई है। मंत्रालय ने सभी नेपाली नागरिकों से कोविड-19 के प्रति सावधानी बरतने की अपील करते हुए कहा कि नेपाल में अभी तक ओमीक्रोन स्वरूप का पता नहीं चला है।

## अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की जांच संबंधी नियम कड़े करने पर विचार कर रहा है अमेरिका

**एपी।** वाशिंगटन

**कोरोना** वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने देश में आने वाले सभी अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की जांच संबंधी नियम कड़ा करने का फैसला किया है। नए नियम टीकाकरण करा चुके लोगों पर भी लागू होंगे। रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केन्द्र (सीडीसी) ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि वह एक नए नियम पर विचार कर रहा है, जिसके तहत अमेरिका आने वाले सभी हवाई यात्रियों को विमान में सवार होने से एक दिन पहले कोविड-19 संबंधी जांच करानी होगी। टीकाकरण करा चुके लोग उड़ान से अधिकतम तीन दिन पहले की गई जांच की रिपोर्ट दिखा सकते हैं। एजेंसी ने कहा, ओमीक्रोन के बारे में अधिक जानकारी हासिल होने के कारण सीडीसी यात्रा के लिए वर्तमान वैश्विक परीक्षण आदेश को संशोधित करने के लिए काम कर रहा है। नए आदेशानुसार अमेरिका आने वाले सभी अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को उड़ान भरने से एक दिन पहले जांच करानी होगी। प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, सर्दियों के मौसम में कोविड-19 वैश्विक महामारी को नियंत्रित करने की राष्ट्र की योजनाओं के संबंध में बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति जो बाइडन के भाषण से पहले, सटीक परीक्षण नियमों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसमें कुछ बदलाव भी किए जा सकते हैं। सीडीसी के निदेशक डॉक्टर रोचेल वालेंस्की ने मंगलवार को कहा, सीडीसी मूल्यांकन कर रहा है कि अंतरराष्ट्रीय यात्रा को यथासंभव सुरक्षित कैसे बनाया जाए, जिसमें उड़ान भरने से पहले परीक्षण, आगमन के बाद परीक्षण और पृथक-वास व्यवस्था पर गौर किया जा रहा है। नाम उजागर नही करने की शर्त पर अधिकारी ने बताया कि आगमन के बाद जांच और स्वयं पृथक-वास में रहने के विकल्प पर विचार किया जा रहा है।

## ब्राजील में दो मामले, लातिन अमेरिका में भी सामने आया एक मामला

**साओ पाउला।** ब्राजील में पहली बार कोरोना वायरस संक्रमण के नए स्वरूप ओमीक्रोन के मामले सामने आए हैं, दक्षिण अफ्रीका से लौटे दो यात्रियों में संक्रमण की पुष्टि हुई हैं। वहीं, लातिन अमेरिका में भी ओमीक्रोन का पहला मामला सामने आया है। साओ पाउलो के स्वास्थ्य सचिवालय ने बताया कि 41 वर्षीय व्यक्ति और 37 वर्षीय महिला संक्रमित पाई गई और वे पृथक-वास में हैं। उनमें संक्रमण के हल्के लक्षण थे और 25 नवंबर को उनकी जांच की गई थी। लातिन अमेरिका में केविड-19 वैश्विक महामारी का प्रकोप पहले ही काफी रहा है, जबकि ब्राजील में संक्रमण से छह लाख से अधिक लोगों की मौत हुई है। ब्राजील में विदेश से आने वाले यात्रियों को कोविड-19 रोधी टीके लगे होना अनिवार्य नहीं है। इससे पहले, मंगलवार को जापान और फ्रांस में भी ओमीक्रोन के मामले सामने आ गए थे। वहीं, दक्षिण अफ्रीका के इस नए स्वरूप को लेकर आगाह करने से पहले ही यूरोप में इसके फैलने की आशंका है। पिछले बुधवार, 24 नवंबर को दक्षिण अफ्रीका ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) को इस नए स्वरूप के सामने आने की जानकारी दी थी। कोरोना वायरस के इस नए स्वरूप ओमीक्रोन के बारे में अब तक अधिक जानकारी हासिल नहीं हो पाई है। हालांकि, कुछ स्वास्थ्य अधिकारियों को वायरस के संक्रमण से लोगों के गंभीर रूप से बीमार होने और टीकों के इसके खिलाफ कारगर ना होने को लेकर भी संदेह है।



ब्रिजटाउन में बारबाडोस की प्रधानमंत्री मिया मोटली से अपने आवास पर मुलाकात करते ब्रिटेन के प्रिंस चार्ल्स

## पाकिस्तान को 2022 के लिए जी-77 का अध्यक्ष चुना गया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान को 2022 के लिए जी-77 का नया अध्यक्ष चुना गया है। इसकी बैठक के लिए इस्लामाबाद ने विकास के एजेंडे पर ध्यान रखने का वादा किया है जिसमें ऋण की पुनर्संरचना, जलवायु के लिए वित्तीय योगदान और अवैध वित्तीय संचरण को खत्म करना शामिल है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने यहां बयान जारी कर बताया कि समूह 77 और चीन की 45वीं मंत्रिस्तरीय बैठक मंगलवार को डिजिटल तरीके से हुई। विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने बैठक को संबोधित करते हुए पाकिस्तान पर विश्वास जताने के लिए जी-77 के 134 सदस्यों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि दुनिया तीन संकटों -कोविड-19 महामारी और इसके दुष्प्रभाव, सतत विकास के लिए संयुक्त राष्ट्र के एजेंडा 2030 को लागू करने की चुनौती और जलवायु आपदा के खतरे का सामना कर रही है।

## गंभीर कोविड संक्रमण से उबरे लोगों को अगले 12 महीनों में मृत्यु का खतरा अधिक

**भाषा।** वाशिंगटन

**कोरोना** वायरस से गंभीर रूप से संक्रमित होने के बाद जीवित बचे लोगों की अगले 12 महीनों में मृत्यु होने का खतरा उन लोगों की तुलना में दोगुना से अधिक हो सकता है, जिन्होंने हल्के या मध्यम स्तर के संक्रमण का सामना किया था या असंक्रमित रहे हैं। बुधवार को प्रकाशित एक अध्ययन में यह दावा किया गया है। अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि 65 वर्ष से कम उम्र के मरीजों को मृत्यु का खतरा अधिक है और सिर्फ 20 प्रतिशत कोविड के गंभीर मरीजों की मौत हुई, जो रक्त के थक्के जमने या श्वसन तंत्र के नाकाम होने के चलते हुई।

फ्रंटियर्स इन मेडिसीन जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में कहा गया है कि कोविड-19 से गंभीर रूप से पीड़ित होने पर दीर्घकालीन स्वास्थ्य को काफी नुकसान पहुंच सकता है और टीकाकरण के जरिए रोग की गंभीरता को रोकने के महत्व को रेखांकित किया। अमेरिका के फ्लोरिडा विश्वविद्यालय के प्रोफसर एवं अध्ययन के मुख्य लेखक आर्क मैनस ने कहा, हमने एक अध्ययन किया जिसमें यह प्रदर्शित हुआ कि गंभीर रूप से संक्रमित रहने के बाद इससे उबर चुके मरीजों के अगले छह महीनों में अस्पताल में भर्ती होने की कहीं अधिक संभावना है। अनुसंधानकर्ताओं ने 13,638 मरीजों के इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकार्ड का अध्ययन किया। उनकी आरटी-पीसीआर जांच की गई। उनमें से 178 मरीज कोविड-19 से गंभीर रूप से पीड़ित थे, 246 को हल्का या मध्यम संक्रमण था तथा शेष की जांच रिपोर्ट निगेटिव आई थी।

## अमेरिकी सांसदों ने प्रशासन से डॉक्यूमेंटिड ड्रीमर्स के लिए डीएसीए का दायरा बढ़ाने की अपील की

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** के 49 प्रभावशाली सांसदों के एक द्विदलीय समूह ने राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन से डिफर्ड एक्शन फॉर चाइल्डहुड अराइवल्स (डीएसीए) के दायरे को व्यापक कर इसमें करीब दो लोख डॉक्यूमेंटिड ड्रीमर्स को शामिल करने की अपील की है।

डॉक्यूमेंटिड ड्रीमर्स उन भारतीय-अमेरिकियों के बच्चे हैं, जो मुख्य रूप से एच -। बी वीजा आदि के जरिए कानूनी रूप से अमेरिका आए थे। मूल देश में वापस भेजे जाने से एक प्रकार की प्रशासनिक राहत प्रदान करने वाले डीएसीए का उद्देश्य, इन योग्य अप्रवासी युवाओं को उनके देश वापस भेजे जाने से सुरक्षा प्रदान करना है। अमेरिकी कानूनों के तहत, बच्चे 21 साल की उम्र के बाद अपने माता-पिता पर निर्भर नहीं होते। नतीजतन, हजारों भारतीय बच्चों को अमेरिका से उनके मूल देश वापस भेजे जाने का डर रहता है। सांसद डेबोरा रॉस और सीनेटर एलेक्स पैडिला के नेतृत्व में सीनेट तथा सदन के 49 सदस्यों ने एक पत्र प्रस्तुत किया, जिसमें अनुरोध किया गया कि होमलैंड सिक्योरिटी विभाग (डीएचएस) डॉक्यूमेंटिड ड्रीमर्स को शामिल करने के लिए डीएसीए मानदंडों को व्यापक बनाए। उसमें कहा गया कि लंबे समय से अमेरिकी वीजा धारकों के तौर पर बच्चे अमेरिका में कानूनी दर्ज के साथ बड़े होते हैं, लेकिन 21 साल की उम्र में उन्हें तब व्यवस्था से बाहर कर दिया जाता है, जब उनके आश्रितों का वीजा समाप्त हो जाता है या उन्हें उस समय तक ग्रीन कार्ड नहीं मिल पाता। प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि सांसद डीएचएस से 2,00,000 डॉक्यूमेंटिड ड्रीमर्स के लिए पात्रता बढ़ाने का आग्रह कर रहे हैं, जो वर्तमान में डीएसीए के तहत, मूल देश वापस भेजे जाने से सुरक्षा के लिए पात्र नहीं हैं। सांसदों ने पत्र में लिखा, अगर डीएसीए को जैसे हम कह रहे हैं वैसे अद्यतन किया गया तो, अमेरिका में 15 जून 2012 तक मौजूद डॉक्यूमेंटिड ड्रीमर्स को 21 साल का होने के बाद भी हमारे देश में रहने और उसके हित में योगदान देते रहने का मौका दिया जा सकता है। डीएसीए को उन बच्चों तथा युवा वयस्कों की सुरक्षा के लिए बनाया गया था, जो अमेरिका में बड़े हुए हैं, ताकि उन्हें उन देशों में लौटने के लिए मजबूर ना किया जाए, जिसे वे शायद थोड़ा ही जानते हों। हम आपसे डॉक्यूमेंटिड ड्रीमर्स के लिए डीएसीए पात्रता का विस्तार करके इस नीति के वादे को पूरा करने का आग्रह करते हैं। इस कदम का डॉक्यूमेंटिड ड्रीमर्स ने भी स्वागत किया है। इम्प्रूव द ड्रीम के संस्थापक डी पटेल ने कहा कि वे सांसदों के इस कदम के आभारी हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका में पले-बढ़े 2,00,000 से अधिक बच्चे तथा युवा वयस्क इसलिए डीएसीए के लिए पात्र नहीं हैं, क्योंकि वे डॉक्यूमेंटिड ड्रीमर्स हैं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने 2012 में डीएसीए कार्यक्रम की शुरुआत की थी। यह उन लोगों को उनके मूल देश वापस भेजे जाने से रोकता है जो अमेरिका में नाबालिगों के रूप में आए थे। हालांकि सितंबर में तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस नीति को रद्द कर दिया था। डीएसीए का पात्र होने के लिए, व्यक्ति के कोई गंभीर अपराध रिकॉर्ड नहीं होने चाहिए। अभी करीब, 6,40,000 आव्रजक इस कार्यक्रम के अधीन पंजीकृत हैं।

## होंडुरास के सत्तारूढ़ दल के उम्मीदवार ने राष्ट्रपति पद के चुनाव में हार स्वीकार की

**तेगुसिगाल्पा (होंडुरास)।** होंडुरास की सत्ताधारी पार्टी के उम्मीदवार ने स्वीकार किया कि रविवार को हुए राष्ट्रपति चुनाव में विपक्षी उम्मीदवार शियोमारा कास्त्रो ने जीत हासिल की है। नेशनल पार्टी के उम्मीदवार तेगुसिगाल्पा के महापौर नासरी असफुरा ने मंगलवार को एक बयान में कहा था कि उन्होंने कास्त्रो को व्यक्तिगत रूप से बधाई दी, जबकि केवल आधे वोटों की ही गिनती हुई है। वह करीब 3,54,000 मतों से पीछे चल रहे थे। राष्ट्रीय चुनाव परिषद के अनुसार, 52 प्रतिशत मतों की गिनती के बाद कास्त्रो को असफुरा के 34 प्रतिशत मत के मुकाबले 53 प्रतिशत वोट मिले हैं। विजेता घोषित करने के लिए परिषद के पास चुनाव से 30 दिन तक का समय होता है। असफुरा ने कहा कि उन्होंने कास्त्रो और उनके परिवार से मुलाकात की है। उन्होंने कहा, अब मैं इसे सार्वजनिक रूप से कहना चाहता हूं। मैं उनकी जीत के लिए उन्हें बधाई देता हूं और नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के रूप में मुझे उम्मीद है कि भगवान उनको सही रास्ता दिखाएंगे, ताकि विकास तथा लोकतंत्र की इच्छाओं को हासिल करने के लिए, उनका प्रशासन हम सभी होंडुरास वासियों का कल्याण करे। कास्त्रो, ने नेशनल पार्टी के 12 वर्षों के शासन के खिलाफ असंतोष की लहर को हवा दी, जो निवर्तमान राष्ट्रपति जुआन ऑरलैंडो हर्नांडेज के दूसरे कार्यकाल में चरम पर थी। कास्त्रो की जीत की उम्मीद में रविवार को तेगुसीगल्पा की सड़कों पर हजारों लोग जश्न मनाने के लिए भी उतरे।

## मिशिगन के स्कूल में किशोर ने गोलीबारी कर तीन छात्रों की हत्या की, आठ अन्य घायल

**एपी।** ऑक्सफोर्ड टाउनशिप (अमेरिका)

**अमेरिका** स्थित मिशिगन के हाईस्कूल में 15 वर्षीय छात्र ने अंधाधुंध गोलीबारी की जिसमें तीन छात्रों की मौत हो गई। घायलों में शामिल 16 वर्षीय एक लड़के की मौत पुलिस के वाहन में उस समय हुई जब उसे अस्पताल ले जाया जा रहा था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इस गोलीबारी में आठ अन्य लोग घायल हुए हैं जिनमें से 14 वर्षीय एक लड़की सहित कुछ की हालत गंभीर है। घायल लड़की को सर्जरी के बाद जीवनरक्षक प्रणाली पर रखा गया है। ओकलैंड काउंटी के शेरिफ (कानून प्रवर्तन अधिकारी) माइकल बूचार्ड ने बताया कि जांचकर्ता यह पता करने की कोशिश कर रहे हैं कि ऑक्सफोर्ड टाउनशिप के ऑक्सफोर्ड हाई स्कूल में गोलीबारी करने वाले हमलावर की मंशा क्या थी। लगभग 22 हजार की आबादी वाला यह कस्बा डेट्रायट से करीब 48 किलोमीटर की दूर पर स्थित है।

उन्होंने बताया कि आपात फोन नंबर 911 पर स्कूल में हमलावर के होने की सूचना देने के लिए करीब 100 कॉल आए और तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने घटना स्थल पर पहुंचने के कुछ मिनट के भीतर हमलावर छात्र को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों के पहुंचने पर उसने अपने हाथ खड़े कर लिए थे। बूचार्ड ने देर मंगलवार संवाददाता सम्मेलन में बताया कि शुक्रवार को हमलावर लड़के के पिता 9एमएम सिग साउर बंदूक लेकर आया था जिसका इस्तेमाल इस गोलीबारी में किया गया। उन्होंने बताया कि हमे नहीं पता कि व्यक्ति बंदूक लेकर क्यों आया था जिससे उनका बेटा निशाना साधने का अभ्यास कर रहा था और तस्वीर पोस्ट कर रहा था। अधिकारियों ने तत्काल हमलावर छात्र की पहचान जाहिर नहीं की है। बूचार्ड ने बताया कि तीन छात्रों की मौत हुई है जिनकी उम्र 14 से 17 साल के बीच है।वहीं एक शिक्षक के कंधे से गोली छूकर निकल गई थी जिन्हें प्राथमिकी उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे गई। लेकिन 14 से 17 साल उम्र के सात विद्यार्थी अस्पताल में भर्ती है और उन्हें गोली लगी है। उन्होंने बताया कि हमलावर छात्र ने जब पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया, उस समय बंदूक में सात राउंड गोली और बची थी। अंडरशेरिफ माइक मैक्कैबे ने बताया कि छात्र के माता-पिता ने अपने बेटे को सलाह दी है कि वे जांचकर्ताओं से बात नहीं करे। उल्लेखनीय है कि किशोर से बात करने से पहले पुलिस को उसके माता-पिता या अभिभावक से अनुमति लेनी होती है। ओकलैंड कांउटी की अभियोजक केरन मैक्डोनेल्ड ने एक बयान में कहा कि जल्द ही उनका कार्यालय अभियोग को जारी कर देगा और इसकी जानकारी बुधवार को दी जाएगी।

## अफगानिस्तान में अभियान की विफलता पर नाटो में चर्चा शुरू

**रीगा (लातविया)।** अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की महज तीन महीने पहले हुई वापसी के बाद नाटो के विदेश मंत्रियों की बुधवार को बैठक हुई ताकि युद्धग्रस्त देश में उसकी 18 वर्ष की मौजूदगी को लेकर तैयार रिपोर्ट पर चर्चा की जा सके। नाटो ने 2003 में अफगानिस्तान में अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा सहयोग बल की कमान संभाली और इसके दो वर्ष पहले अमेरिका नीत गठबंधन ने देश से तालिबान को हटाने के लिए वहां सैन्य कार्वाई शुरू की थी। अमेरिका को संदेह था कि अल-कायदा के नेता ओसामा बिन लादेन ने वहां पनाह ले रखी है जिसे बाद में उसने 2011 में पाकिस्तान में मार गिराया गया था। इसने अफगानिस्तान में तीन लाख सैनिकों की फौज तैयार करने में मदद की लेकिन यह बल भ्रष्टाचार में इतना संलिप्त था कि सैनिकों की असल संख्या के बारे में भी पता नहीं था। बहरहाल, चाहे जितनी भी संख्या रही हो, अगस्त में तालिबान के आक्रमण के समक्ष यह सेना कुछ दिनों तक भी नहीं टिक पाई।

## भारतीय अमेरिकी एनजीओ सहायक प्रौद्योगिकी की डिजिटल प्रदर्शनी शुरू करेगा

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के एक अमेरिकी व्यक्ति के नेतृत्व वाले एक गैर लाभकारी निकाय ने दिव्यांगों के लिए सहायक प्रौद्योगिकी उत्पादों की एक डिजिटल प्रदर्शनी शुरू करने की घोषणा की है। कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि वॉइस ऑफ एसएपी (वीओएसएपी) की डिजिटल प्रदर्शनी की शुरुआत विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी पांच दिसंबर को करेंगी। वीओएसएपी ने एक मीडिया विज्ञप्ति में बताया कि इस मंच का लक्ष्य निवेशकों, नवोन्मेषकों, आपूर्तिकर्ताओं, गैर सरकारी संगठनों और उपभोक्ताओं को सहायक प्रौद्योगिकी (एटी) समाधानों को अपनाने में तेजी लाने और दिव्यांगों को सम्मानजनक और स्वतंत्र जीवन जीने में सक्षम बनाने के लिए साथ लाना है।



एबॉट्सफोर्ड, ब्रिटिश कोलंबिया में मंगलवार को बाढ़ के पानी में बहकर आया मलबा

## ईयू ओमीक्रोन के मुद्दे पर फिलहाल नहीं आयोजित करेगा सम्मेलन

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ ने ओमीक्रोन वायरस से उत्पन्न स्थिति पर चर्चा के लिए सदस्यों देशों के नेताओं का विशेष डिजिटल सम्मेलन फिलहाल नहीं बुलाने का फैसला किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। ईयू के फैसले की आधिकारिक घोषणा नहीं होने की वजह से अधिकारी ने पहचान गुप्त रखते हुए बताया कि संघ के सभी 27 देशों के स्वास्थ्य मंत्री अगले मंगलवार को पहले स्थिति का आकलन करेंगे और 16 दिसंबर को निर्धारित नियमित सम्मेलन में नेताओं को स्थिति से अवगत कराएंगे। आपात सम्मेलन को लेकर कई दिनों से चर्चा हो रही है लेकिन सभी नेताओं के लिए एक साथ समय निकालना मुश्किल है। दक्षिण अफ्रीका में पहली बार पता चलने के बाद से अब तक ओमीक्रोन को लेकर अनिश्चितता है, ऐसे में यह भी स्पष्ट नहीं है कि नेता क्या चर्चा करेंगे और फैसला लेंगे। ईयू के यूरोपीय रोग नियंत्रण एवं रोकधाम केंद्र ने बताया कि मंगलवार को संघ के 11 सदस्य देशों में ओमीक्रोन के 44 मामले आए हैं और संक्रमितों में अधिकतर ने अफ्रीका की यात्रा की है।

## दक्षिण अफ्रीका को अलग-थलग करने से ओमीक्रोन को रोकने में मदद नहीं मिलेगी: प्रो. अब्दुल करीम

**भाषा।** जोहानिसबर्ग

**कोरोना** वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप से दक्षिण अफ्रीका में आने वाले दिनों में संक्रमण के मामलों में तीव्र वृद्धि होने की आशंका जताते हुए देश के एक प्रमुख महामारीविद ने कहा है कि उनके देश को अलग-थलग करने से वायरस के इस नए स्वरूप को रोकने में मदद नहीं मिलेगी।

प्रोफेसर अब्दुल करीम ने करीब 20 देशों द्वारा दक्षिण अफ्रीका और इसके पड़ोसी देशों पर यात्रा प्रतिबंध लगाए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए यह कहा। उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीका को अलग-थलग करने से ओमीक्रोन स्वरूप को रोकने में मदद नहीं मिलेगी क्योंकि अन्य देशों में यह नया स्वरूप पहले ही सामने आ चुका है। दक्षिण अफ्रीका के वैज्ञानिकों ने पिछले हफ्ते ओमीक्रोन स्वरूप का पता चलने की घोषणा की थी। राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा के राष्ट्र के नाम संबोधन के मद्देनजर, स्वास्थ्य विभाग द्वारा सोमवार को आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में करीम ने कहा, 11 देश ओमीक्रोन के मामलों की अपने यहां पुष्टि होने की जानकारी दे रहे हैं। इसलिए दक्षिण अफ्रीका को अलग-थलग करना असल में मदद नहीं करने जा रहा क्योंकि जल्द ही कई अन्य देश भी वायरस के प्रसार के लिए जगह बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा, हमने जो कुछ भी देखा, वह बगैर सोचे समझे व्यक्त की गई प्रतिक्रिया थी। रामफोसा ने यात्रा प्रतिबंध को अनुचित और भेदभावपूर्ण बताया है।

करीम ने कहा, जब हमें वायरस के खिलाफ एक दूसरे के साथ खड़े होने की जरूरत है, तब हम एक दूसरे के खिलाफ खड़े हैं, हमने दुश्मन को समझे बगैर और उससे एकजुट होकर निपटने के तरीके ढूंढने के बजाय एक दूसरे के बीच दीवार खड़ी कर दी है। करीम ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय यात्रा के लिए पहले से मौजूद रणनीतियां नए स्वरूप से निपटने के लिए पर्याप्त हैं। उन्होंने आने वाले दिनों में संक्रमण के मामलों में वृद्धि होने की आशंका जताई है। उन्होंने कहा, हम अत्यधिक संक्रामकता की संभावना की उम्मीद कर सकते हैं, इसलिए शीघ्रता से कहीं अधिक मामले सामने आएंगे। हम इसका पूर्व साक्ष्य देख रहे हैं। मुझे लगता है कि सप्ताह के अंत तक प्रतिदिन 10,000 से अधिक मामले सामने आ सकते हैं। हम अगले दो-तीन हफ्तों में अस्पतालों पर दबाव पड़ता देखेंगे। करीम ने वायरस के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए लोगों से भीड़ से बचने की अपील की। उन्होंने कहा, हमारी सबसे बड़ी चुनौती बड़े समागम को रोकने की होगी। उन्होंने कहा, ओमीक्रोन का सबसे पहले बोत्सवाना में पता चला और फिर शीघ्र ही दक्षिण अफ्रीका में इसका पता चला। इतनी शुरूआत में इसका पता चलना हमारे देश में विज्ञान में किए गए निवेश की वैज्ञानिक सफलता का प्रतीक है। दक्षिण अफ्रीका और विश्व को अब इस वैज्ञानिक सफलता का लाभ उठाने की जरूरत है।

# विनम्रता से परिपूर्ण



**बंटी और बबली-2 के प्रचार के लिए अभिनेता पंकज त्रिपाठी का साक्षात्कार एक स्वतंत्र बातचीत में बदल गया, जहां वह क्रिस्टी वर्गीस को बता रहे हैं कि वह आज अपने जीवन में जो कुछ भी हैं, उसके लिए वह दर्शकों के आभारी हैं.....**

**साल** 2005 में बंटी और बबली ने खूब धमाल मचाया था। फिल्म ने पहली बार बच्चन पिता और पुत्र की जोड़ी को सिल्वर स्क्रीन पर एक साथ प्रदर्शित किया था। फिल्म रनवे पर सफल रही और उस वर्ष दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी।

19 नवंबर, 2021 को फास्ट-फॉरवर्ड - बंटी और बबली 2 (बैब-2) आज सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। नाम से जाने पर, यह सोचने की इच्छा हो सकती है कि बैब-2 एक सीक्वल है। हालाँकि, हम बॉलीवुड के दिग्गज पंकज त्रिपाठी तक पहुंच प्राप्त करने में सक्षम थे, जो सीधे रिकॉर्ड स्थापित करने के लिए पर्याप्त थे।

"ठीक है, आपको यह समझने के लिए फिल्म देखनी होगी कि यह फिल्म 2005 में रिलीज हुई बंटी और बबली से कैसे अलग है। बीएबी 2 2005 में जो हुआ, उसके 15 साल बाद सेट किया गया है, काफ़ी लम्बा गैप है। नाम के अलावा, रानी मुखर्जी और चोरों के इर्द-गिर्द केंद्रित एक प्लॉट, बैब-2 बंटी और बबली से बहुत कम मिलता जुलता है। यदि आप अधिक जानकारी की तलाश कर रहे हैं, तो मैं कोई ऐसा व्यक्ति नहीं हूं जो किसी फिल्म के रिलीज होने से पहले उसके बारे में जानकारी देगा", त्रिपाठी हंसते हुए कहते हैं।

ऐसा लगता है कि मिर्जापुर स्टार एक सहज व्यक्तित्व के साथ-साथ एक अलौकिक आकर्षण भी रखते हैं, या शायद वह सिर्फ हम ही थे, एक ऐसी छवि पर भरोसा करते हुए जो एक अभिनेता अपने करियर के दौरान विकसित करता है, जिसमें वे भूमिकाएं निभाते हैं। वह निश्चित रूप से हमें विश्वास दिलाएगा कि वह सिर्फ एक और व्यक्ति है, अपने स्वयं के विचित्रताओं के साथ। लेकिन जो नज़र आता है उससे कहीं अधिक लोगों के लिए हमेशा होता है; जो लोग अनजान हो सकते हैं, उनके लिए त्रिपाठी एक बेहद मृदुभाषी स्टार हैं, सही मायने में, जो अपने स्टारडम को सम्मान के बिल्ले की तरह नहीं पहनते हैं।



मामले पर वापस आते हुए, बीएबी 2 की मार्केटिंग टीम ने यह स्पष्ट कर दिया है कि इस बार चार चोर हैं, मुखर्जी, सैफ अली खान, सिद्धांत चतुर्वेदी और नवोदित शरवरी वाघ द्वारा निर्बंधित, जो त्रिपाठी के खिलाफ खड़े हैं, जो पुलिस इंस्पेक्टर जटायु की भूमिका निभाते हैं। सिंह. हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया था कि फिल्म रिलीज होने से पहले वह किसी भी जानकारी का खुलासा नहीं करेंगे, हमें अधिक से अधिक जानकारी के लिए अपनी नौकरी और मछली पर टिके रहना होगा। इसलिए, हम मदद नहीं कर सकते लेकिन पूछ सकते हैं कि क्या पुलिस वाले को चोरों के खिलाफ जीत हासिल होती है।

और थपथपाकर जवाब आता है, चोरों और एक पुलिसकर्मी के बीच बिल्ली और चूहे के इस खेल में, जो जीतता है, फिल्म का आधार ही है। मैं आपको जो बता सकता हूं वह यह है कि समय जीतता है। हम इंसान कभी भी समय के ज्वार के खिलाफ नहीं जीत सकते। यह महान तुल्यकारक है, यह हमारे बीच सबसे बड़े के साथ-साथ नीच लोगों के लिए भी आता है। हम कभी-कभी खुद को यह सोचकर मूर्ख बना सकते हैं कि हमने कुछ जीत लिया है, लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि दिन के अंत में, समय बीतने से हम सभी को मात मिलती है।

जबकि उनका एक असंबंधित विषय पर विस्तार करना एक अच्छा संकेत था, क्योंकि आकर्षक बातचीत को शाखाबद्ध करने के लिए जाना जाता है और किसी एक विशेष चीज़ से चिपके रहने के लिए नहीं जाना जाता है, हम मदद नहीं कर सकते लेकिन यह व्यक्त कर सकते हैं कि यह त्रिपाठी गुरुजी की तरह लग रहा था, सेक्रेड गेम्स से, कुछ भारी हिट के साथ फिल्मों के प्रचार से संबंधित कुछ सामान्य प्रश्न के लिए दर्शनशास्त्र। हमें उससे पूछना था कि वह कितना विचारशील है।

त्रिपाठी का मानना है कि हमारे दिमाग में, हमारे विचारों में डूबे रहना, बहुत स्वाभाविक है। "चाहे हम पल में हों या कहीं और, अंकित मूल्य पर, हर कोई अपने विचारों में व्यस्त है। मुझे लगता है कि विचारहीन होना चुनौती है। यदि कोई विचारहीनता की उस स्थिति को प्राप्त करना चाहता है, तो बहुत सारा अनुशासन, प्रयास और ध्यान की आवश्यकता है", त्रिपाठी ने सोच-समझकर साझा किया।

जबकि हमें यह बातचीत का रास्ता पसंद आया, हमें याद आया कि हम काम पर थे और हमने जो प्रश्नावली तैयार की थी, उस पर अगले पॉइंटर पर चले गए, जिसने उनसे चतुर्वेदी और शारवरी के साथ काम करने के उनके अनुभव के बारे में पूछताछ की। "यह एक बेहद आनंददायक अनुभव था! शरवरी और चतुर्वेदी दोनों ईमानदार होते हैं और तैयार हो जाते हैं। मैं उन्हें किनारे से देखता था और वे हमेशा अपने पैर की उंगलियों पर दिखाई देते थे, जो सच्चे पेशेवरों की निशानी है", खुलासा करता है अनुभवी अभिनेता।

हमने यह भी पूछताछ की कि क्या वह शूटिंग के बाद ब्रेक लेने में सक्षम थे, और ब्रेक के बारे में उनका क्या विचार है, क्योंकि उन्होंने कुछ समय पहले यह बताया था कि उनका शेड्यूल ओवरलोड है और वह अगले ब्रेक की प्रतीक्षा कर रहे हैं। "ठीक है, मेरे पास एक विस्तारित ब्रेक लेने की विलासिता नहीं थी। आदर्श रूप से, मैं एक महीने की छुट्टी लेना चाहता हूं और बस किसी ऐसी जगह की यात्रा करना चाहता हूं जहां मैं बस बैठकर प्रकृति की सुंदरता को देख सकूं। और, ओह हाँ, सेल रिसेप्शन गरीब होना चाहिए, वहां। जब भी मुझे पता चलता है कि मैं कुछ समय निकाल सकता हूं, मैं अपने गांव की यात्रा करता हूं और जैसे ही मैं देखता हूं कि मेरे फोन में नेटवर्क नहीं है, तो राहत की भावना होती है" त्रिपाठी साझा करते हैं।

हमने उनके सपनों के बारे में भी एक सवाल किया - अब जब वह हिंदी फिल्म उद्योग में एक अनुभवी दिग्गज हैं, तो अब उनका क्या सपना है? "मैं एक युवा लड़के के रूप में बॉम्बे आया था, जो एक अभिनेता बनने की इच्छा रखता था। और 17 वर्षों के बाद, बहुत उतार-चढ़ाव के बाद, मैंने आखिरकार इस उद्योग में अपने लिए एक जगह बना ली है," वह याद करते हैं। "जो भी सपने या मेरे पास जो योजनाएं थीं, मुझे बहुत कुछ मिला है। अभी तो सरप्लस में चल रहा है सब। मैं दर्शकों का बहुत आभारी हूं, उनके बिना, मैं वह नहीं होता जहां मैं आज हूं। अभी तक, मैं एक ऐसे स्थान पर हूं जहां मैं इस तथ्य की सराहना करता हूं कि जो मेरे पास नहीं है उसके पीछे भागने की जरूरत नहीं है। कुछ हद तक संबंधित नोट पर, मुझे लगता है कि आज के समय में हमारे पास जो कुछ है उसकी हम सराहना नहीं करते हैं। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हमारे पास शायद एक अंतहीन सूची नहीं है। जब हम भूत या भविष्य के बारे में सोचते हैं, तो हम अक्सर वर्तमान की उपेक्षा करते हैं। वर्तमान की देखभाल करके ही हम अपने भविष्य को प्रभावित कर सकते हैं। यहां और अभी की बात करें तो मैं यहां हूं, आपसे बात कर रहा हूं और स्पष्ट रूप से यह एक है अच्छी बातचीत"

जब हमने विनम्र चापलूसी के लिए दिग्गज को धन्यवाद दिया, तो उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया से हमें वापस ले लिया, "वह चापलूसी नहीं थी, मेरा मतलब है कि मैं क्या कहता हूं। जीवन में झूठ बोलना मेरा रास्ता नहीं है। सिनेमा में, जिस रास्ते पर हम अभिनेता चलते हैं, वह पंक्तिबद्ध है झूठ, मुझे यकीन है कि आपको मेरा मतलब समझ में आ गया है, एक स्क्रिप्ट वास्तव में सच नहीं है। यह सावधानीपूर्वक तैयार किए गए झूठ का एक अच्छी तरह से पैक किया गया बंडल है जिसे हम कलाकारों को यथासंभव सच्चाई से प्रदर्शित करने की आवश्यकता है। जब मैं कैमरे के सामने नहीं होता हूं , मैं झूठ से निपटना या लिप्त नहीं होना चाहता", त्रिपाठी जोर से कहते हैं।

आज सिनेमाघरों में रिलीज हो रही बंटी और बबली 2 पर लौटते हुए त्रिपाठी का कहना है कि यह फिल्म हल्के-फुल्के पारिवारिक मामला है। "मुश्किल समय में हंसना एक तरह की दवा है। बैब-2 आपका मनोरंजन करने और आपको हंसाने के लिए प्रतिबद्ध है। मैं आपको आमंत्रित करता हूं कि आप आएं और सिनेमाघरों में अपने दिलों को हंसकर रिलीज करें", वह वादा करते हैं।

# पितृसत्ता से मुक्ति




**बदलते समय की पृष्ठभूमि के खिलाफ, स्नेहिल खानोर सभी से सदियों पुरानी धारणाओं को तोड़ने और इस पुरुष दिवस पर दूसरों की देखभाल और पोषण करने के लिए अपनी अंतर्निहित प्रकृति को अपनाने का आग्रह करते हैं।**

पुरुष पुरुष होंगे, लड़के रोते नहीं, मर्द को दर्द नहीं होता, पुरुषों को निडर होना चाहिए, एक असली आदमी अपनी पत्नी को नियंत्रण में रखना जानता है; और पुरुष निश्चित रूप से 'एफ' शब्द - भावनाओं के बारे में बात नहीं करते हैं!

भले ही हम 21वीं सदी में जी रहे हैं, लेकिन ये कुछ ही बयान हैं जो दशकों और पीढ़ियों से चले आ रहे हैं। लिंग संबंधी रूढ़िवादिता जो इन बयानों को बल देती है, यथास्थिति बनाए रखने में योगदान करती है, पितृसत्ता को अपनी जमीन पर रखने की अनुमति देती है।

जबकि पितृसत्ता महिलाओं को कैसे प्रभावित और नीचा करती है, इस बारे में बहुत कुछ कहा गया है, बड़ा सवाल यह है कि क्या पितृसत्ता केवल निष्पक्ष सेक्स को प्रभावित करती है? और क्या इसका पुरुषों, उनके जीवन या भावनाओं पर भी कोई प्रभाव पड़ सकता है?

**सदियों पुरानी संरचना का दूसरा पहलू:** यह सच है कि पितृसत्ता पुरुषों के लिए भी बहुत अधिक दोषमुक्त नहीं है। जहां महिलाओं को आदर्श बेटियां, पत्नियां, बहुएं और मां बनने की आवश्यकता होती है, पुरुषों से अपेक्षा की जाती है और कभी-कभी उन्हें मुखौटा पहनना भी सिखाया जाता है ताकि वे मर्दानगी के छोटे, आदर्श सांचे में फिट हो सकें और पदों के लिए तैयार हो सकें वर्चस्व और पसंदीदा लिंग के शीर्षक के साथ उठाए जाने से उन्हें जहरीले मर्दानगी मिथक से बचाने के लिए बहुत कम है। बचपन से किशोरावस्था तक, जब लड़कियों को भावनात्मक रूप से उपस्थित, पोषण और उनकी इच्छाओं पर निर्भर होने के लिए कहा जाता है, लड़कों को स्वतंत्र, मजबूत और भावनात्मक होना सिखाया जाता है। उन्हें अवचेतन रूप से गुलाबी नहीं पहनने, फूलों के इत्र, या यहां तक कि त्वचा देखभाल उत्पादों का उपयोग करने के लिए वातानुकूलित किया जाता है। काम या करियर के अलावा अन्य विषयों पर खुद को व्यक्त करने के लिए पुरुषों की इस तरह की अनिच्छा, यहां तक ेंकि करीबी दोस्तों के समूह के बीच भी, पुरुषों के लिए अवसाद और चिंता जैसे मुद्दों पर बाहर आने से रोकने का एक महत्वपूर्ण कारक है। हालांकि इस घृणा को अक्सर अपने महिला समकक्षों के बजाय पुरुष साथियों द्वारा कम मर्दाना के रूप में देखे जाने के डर से उपजा हुआ देखा जाता है; हो सकता है कि हम इसे जॉन वेन पर उनके कठोर व्यक्तिवाद और उपयुक्त मर्दानगी के लिए दोषी ठहरा सकते हैं, जो वास्तविक कहानी नहीं बताता कि पुरुष वास्तव में कैसे बढ़ सकते हैं।

लेकिन कड़वी सच्चाई यह है कि पितृसत्ता केवल पुरुषों में ही नहीं होती। महिलाएं भी पितृसत्ता के ज्वार में तैर रही हैं और कभी-कभी पुरुषों की तरह ही पितृसत्तात्मक होती हैं। वे एक ही प्रकार के पूर्वाग्रह रखते हैं और अक्सर चाहते हैं कि उनके साथी मर्दानगी के छोटे से बॉक्स में फिट हों।

**पितृसत्ता रिश्तों में बदल रही है:** मर्दानगी की दृष्टि से यह तो बस शुरुआत है। लैंगिक भूमिकाओं का यह कठोर द्विभाजन पुरुषों और महिलाओं को दूर-दूर के मानकों के गुलाम बना रहा है कि उन्हें कैसे व्यवहार और आचरण करना चाहिए। साथ ही, यह उनके रिश्तों में भी रिस रहा है, उन्हें उनकी पिछली पीढ़ियों के क्लोन बना रहा है और मुसीबतें पैदा कर रहा है, विशेष रूप से अगली पीढ़ी के सहस्राब्दी और जेन जेड अपनी इच्छाओं और खुशी के मूल्य के बारे में अधिक जागरूक हैं। लेकिन यह उभरता हुआ परिदृश्य पुरुषों और महिलाओं को पितृसत्ता से बाहर निकलने का भी आह्वान कर रहा है क्योंकि पुराने नियम अंतरंगता और खुशी के लिए नहीं बनाए गए थे।

**पुनर्विचार भूमिकाएं:** जैसा कि हम सामाजिक चेतना के एक नए युग की शुरुआत कर रहे हैं, ऐसे कई भारतीय पुरुष हैं, जो पारंपरिक भूमिकाओं से बाहर निकल रहे हैं और खुले तौर पर एक घर में समान जिम्मेदारियों को साझा करने के विचार को स्वीकार कर रहे हैं। देखभाल और पालन-पोषण की प्रवृत्ति से पीछे नहीं हटते, बहुत से सहस्राब्दी पिता और पति आगे आ रहे हैं, कभी-कभी घर पर रहने वाले पिता भी अपने बच्चों के साथ अधिक शामिल होने और जिम्मेदारियों को साझा करने के लिए आगे आ रहे हैं।

यहां तक... कि कोविड -19 के दौरान, जब कार्यालय बंद हो गए, तो बहुत से पुरुषों ने घर पर और अधिक काम करना शुरू कर दिया, और यहां तक... कि घर के कामों जैसे कि बर्तन बनाना और दिन में तीन बार खाना बनाना भी शुरू कर दिया। प्रसिद्ध सेलिब्रिटी और क्रिकेटर विराट कोहली सहित कुछ अधिक जागरूक पुरुष एक कदम आगे बढ़ गए हैं क्योंकि वे उन महिलाओं से शादी करना चुनकर बाधाओं को तोड़ते हैं जो लंबी हैं और उनसे ऊपर हैं।

ऐसे जोड़ों और व्यक्तियों द्वारा इस भूमिका को उलटने को रेखांकित करना, यह तथ्य है कि उन्होंने सामान्य रूप से अन्य सेक्स और रिश्तों के प्रति एक स्वस्थ दृष्टिकोण सीखने और फिर सीखने की हिम्मत की।

**जमीनी स्तर:** हम उस युग को पार कर चुके हैं जब पुरुष मंगल से थे और महिलाएं शुक्र से। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि दोनों ग्रह पृथ्वी से हैं और दोनों को आधे के रूप में काम करने के बजाय पूर्णता की अवधारणा में गोता लगाने की जरूरत है, जहां एक कमाने वाला है और दूसरा गृहिणी है। जहां महिलाओं को लचीला, बोल्ड और स्त्रैण और आत्मविश्वासी होने की जरूरत है, वहीं पुरुषों को भी मजबूत, कमजोर, आत्मविश्वासी और संवेदनशील होने की जरूरत है। और जैसे-जैसे ज्वार बदल रहा है, हम देख सकते हैं कि पुरुष यह भी समझ सकते हैं कि पितृसत्ता को कुचलने से उन्हें जो कुछ हासिल होगा, वह उनके खोने की तुलना में कहीं अधिक है। क्योंकि दिन के अंत में, हर मर्द को दर्द होता है।

**(लेखक एक ऑनलाइन डेटिंग ऐप, ट्रूलीमैडली के सह संस्थापक और सीईओ हैं।)**




# भारतीय फुटवियर

**खुशबू कीर्ति कहती हैं कि ज्यादातर समय लोग घर के अंदर ही रहते हैं। आरामदायक फुटवियर की प्राथमिकता अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर है।**

जबकि पिछले कुछ वर्षों में भारतीय फुटवियर में जबरदस्त बदलाव देखा गया है, हाल के दिनों में उद्योग में महामारी जैसे रुझानों को चिह्नित नहीं किया गया है। लोगों के ज्यादातर समय घर के अंदर रहने के साथ, आरामदायक फुटवियर की प्राथमिकता अब तक के उच्चतम स्तर पर है। इस पोस्ट-कोविड युग में खरीदारी के लिए ऑनलाइन वेबसाइटों पर चप्पल और सैंडल शीर्ष खोज हैं। अब जूते और जूते और ऊँची एड़ी के जूते पर वापस जाना मुश्किल है, अब जब हमने अपने पैरों को एक सपाट चप्पल में फिसलने के जादुई क्षण का स्वाद चखा है, और यही है, आप जाने के लिए अच्छे हैं। हम दो साल ऐसे ही रहे हैं और जब मैंने वोग पर सैंडल के साथ मोजे पहनने का चलन देखा, तो मुझे पता था कि यह सर्दियों के दौरान भी रहने वाला है।

जबकि बैलेरिना, किटन हील्स, ब्लॉक हील्स या वेजेज, ग्रीक सैंडल और लोफर्स का भी भारतीयकरण किया गया है, कुछ फुटवियर हमेशा की तरह भारतीय बने हुए हैं, जो इसकी विशाल और विविध संस्कृतियों और परंपराओं से संबंधित हैं। शैली पर आराम के कारकों को ध्यान में रखते हुए, लेकिन निश्चित रूप से, इसका मतलब यह नहीं है कि हमें कुछ सुस्त रखना है, और अत्यधिक आराम से रहना है। यह एक ही समय में ठाठ और आरामदायक हो सकता है। यहां भारतीय फुटवियर में चार रुझान हैं जिन्हें हमारी पीढ़ियों द्वारा सबसे अधिक अपनाया जा रहा है-





**पादुका/खड़ाऊं:** हमारे पूर्वजों के समय से, जूते का एक रूप है जिसे हम जानते हैं कि उस समय का आदर्श था - पादुका। हम इसके बारे में जानते हैं क्योंकि एक समय था जब रामायण ने हमें सिखाया था कि कैसे भगवान राम ने अपने पिता के वचन का अपमान करने से इनकार कर दिया और उनके भाई, भरत, जो राम को अपने जीवन से अधिक प्यार और सम्मान करते थे, ने राम की चप्पल मांगी। यह ज्ञात है कि भरत ने इन पादुकाओं के साथ अयोध्या के सिंहासन को अलंकृत किया, इस प्रकार, दुनिया को यह ज्ञात और स्पष्ट किया कि राम राज्य के वास्तविक शासक थे, जबकि वे केवल शासन और उनके स्थान पर मुद्दों को दबाने का ध्यान रखते थे। यहां सैंडल थे जो वास्तव में एक राजा के रूप में शासन करते थे! खड़ाऊं फुटवियर का एक रूप है जिसे फिर से तैयार किया गया है और आधुनिक समय के अनुकूल है, मूल बातें समान हैं। ज्यादातर मामलों में लकड़ी के बजाय चमड़े का उपयोग किया जाता है।

अक्रेटी क्रिएशंस के इन खड्डों में सीड लेदर बेस और लेदर स्ट्रैप लगे हैं। चमड़ा शुद्ध है और यहाँ घर पर पहनने के लिए पर्याप्त आरामदायक है, जबकि बाहर दिखने के लिए पर्याप्त स्टाइलिश है। इसे स्थानीय कारीगरों ने हाथ से तैयार किया है। छोटे व्यवसायों का समर्थन करके, हम स्थानीय व्यवसायों के लिए एक बाजार बनाते हैं और वास्तव में पीएम मोदी के %वोकल फॉर लोकल% को बढ़ावा देते हैं। इससे न केवल पर्यावरण को लाभ होता है, बल्कि यह स्थायी फैशन के अंतर्गत आता है, बल्कि देश में बेरोजगारी की समस्या को हल करने में भी मदद करता है।



**जूती:** और मैं कैसे भारतीय जूतों की बात करता रहूं, लेकिन सबसे प्रिय जूतियां को भूल जाऊं। वे कुछ ऐसे हैं जो कभी भी शैली से बाहर नहीं जाते हैं और अब जब हम स्थानीय के लिए मुखर हो रहे हैं, स्थानीय व्यवसायों के लिए एक समर्थन प्रणाली बनाने के प्रयास में, जूटियां को अद्वितीय तरीकों से नया और स्टाइल किया गया है और वर्तमान समय के अनुकूल है।

त्योहारों के मौसम को अपनी सुंदरता से सजाते हुए, इन शाही नीले रंग के खुसों ने दीवाली पर मेरी स्याही वाली नीली कफ्तान और सफेद पैंट को सजाया। सफेद दृश्यों में जटिल काम केवल इसके सौंदर्यशास्त्र को जोड़ता है।



**कोल्हापुरी:** कोल्हापुरी चप्पलों का इतिहास भी पुराने समय में वापस जाता है, 12 वीं शताब्दी के आसपास, जब पश्चिमी चाल्युका साम्राज्य के राजा बिज्जला और उनके मंत्री बसवन्ना ने मोची समुदाय के उत्थान के लिए कोल्हापुरी चप्पलों के स्थानीय उत्पादन को प्रोत्साहित किया।

हालांकि, ऐतिहासिक रूप से, ये चमड़े से बने थे, और हम जूते को गैर-चमड़े और चमड़े की श्रेणियों में विभाजित कर सकते हैं, एक और लोकप्रिय प्रवृत्ति अब शाकाहारी जूते और जानवरों पर आधारित उत्पादों का उपयोग कर रही है। जबकि, निश्चित रूप से, हस्तनिर्मित लोगों के साथ चिपके रहना।

वेलवेट फुटवियर को क्रूरता मुक्त होने पर गर्व होता है। इन नीले कोल्हापुरी स्टाइल के झुर्रीदार स्ट्रैप फ्लैटों में एक बहुत अच्छी तरह से कुशन और लचीला एकमात्र होता है, जिसमें एंटी-स्लाइड अनाज और एक स्क्रूची जैसा गर्म और आरामदायक पट्टा होता है।

**स्ट्रैप्ड फ्लैट सैंडल:** ट्रेंडीएस्ट और चौबीसों घंटे चलने वाले फुटवियर मोनोक्रोम फ्लैट सैंडल होंगे, जिसमें मामूली गोल स्ट्रैप और चंकी और जीवंत रंग होंगे। प्राकृतिक रंगों, आकर्षक पेस्टल से लेकर बोल्ड रंगों तक, पैनटोन स्ट्रैप्ड फ्लैट सैंडल हमेशा आसपास रहे हैं। देसी ब्रांड के ये पेस्टल सैंडल जितने खूबसूरत हैं उतने ही खूबसूरत भी। वे साल भर हर अवसर पर सूट करते हैं, चाहे वह एथनिक वियर हो या डेनिम्स या फ्लावर फ्रॉक, या स्प्रिंग स्कर्ट, ये अचूक फुटवियर बस सब कुछ के साथ चलते हैं - आराम से मिलने की शैली का एक क्लासिक प्रदर्शन।

